e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 277

# प्रभात मंत्र

बुधवार
09.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/5911
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
महत्व हमेशा खुद को ज्यादा देना क्योंकि अगर दूसरो को दोगे तो अपना आत्म सन्मान ही खो दोगे!

ताजा खबरों के लिए देखें

### सप्तमीः कालरात्रि



**क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः**

मां भगवती के सातवें रूप को कालरात्रि कहते हैं. काल यानी संकट, जिसमें हर तरह का संकट खत्म कर देने की शक्ति हो, वो माता कालरात्रि हैं. माता कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है, लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं और राक्षसों का वध करने वाली हैं. माता के इस रूप के पूजन से सभी संकटों का नाश होता है.


## हरियाणा में लगातार तीसरी बार कमल, जम्मू-कश्मीर में बनेगी नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस की सरकार

# हरियाणा में बीजेपी ने लगाई हैट्रिक

**एजेंसी**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में बीजेपी ने जीत की हैट्रिक लगा दी है। राज्य में बीजेपी तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। कांग्रेस, जेजेपी और इनेलो को बड़ा झटका लगा है। कई सीटों पर रिजल्ट घोषित भी हो चुके हैं। हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों में बीजेपी ने 48 सीटों पर जीत दर्ज करते हुए बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं, कांग्रेस 36 सीटें जीत चुकी है और 1 सीट पर आगे थी। इनेलो को 2 सीटों पर जीत मिली है, जबकि 3 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। हरियाणा चुनाव के रिजल्ट को लेकर कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा ने कहा,नतीजे निराशाजनक हैं। सुबह तक हम आशान्वित थे।

हमारे सभी कार्यकर्ता परेशान हैं, उन्होंने पिछले 10 वर्षों से कांग्रेस पार्टी के लिए काम किया है और जब ऐसा परिणाम आता है, तो बहुत बड़ा झटका लगता है। हमें नए सिरे से शुरुआत करनी होगी और कमियों के बारे में सोचना होगा। हमें देखना होगा कि ऐसे परिणाम के लिए कौन जिम्मेदार हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की निराशा से दुखी हूं, मुझे यकीन है कि पार्टी आलाकमान हार के कारणों का आकलन करेगा।



### हरियाणा की आकाक्षाओं को पूरा करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हरियाणा का हृदय से आभार! भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर स्पष्ट बहुमत देने के लिए मैं हरियाणा की जनशक्ति को नमन करता हूं. यह विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है. मैं यहां के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे.

**हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों में बीजेपी ने 48 सीटों पर जीत दर्ज करते हुए बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं, कांग्रेस 36 सीटें जीत चुकी है और 1 सीट पर आगे थी।**

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद दिल्ली में भी गजब का उत्साह देखा जा रहा है। दिल्ली में भाजपा कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। दिल्ली बीजेपी कार्यालय के बाहर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े बजाए। इसके अलावा जमकर आतिशबाजी भी की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई भी खिलाई।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद दिल्ली में भी गजब का उत्साह देखा जा रहा है। दिल्ली में भाजपा कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। दिल्ली बीजेपी कार्यालय के बाहर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े बजाए। इसके अलावा जमकर आतिशबाजी भी की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई भी खिलाई।

## जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस की चली आंधी



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में 2014 के विधानसभा चुनाव में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने जीत का परचम लहराया था। 10 साल बाद जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रचंड जीत दर्ज करने की ओर है। 2010 के विधानसभा चुनाव में एनसी को 15 सीटें मिली थीं। इस बार नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी 41 सीटों पर आगे है। यानी पिछली बार से करीब तीन गुना ज्यादा सीटें नेशनल कॉन्फ्रेंस जीत रही है।पार्टी की जीत पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारुक अब्दुल्ला ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने इसे जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने से जोड़ कर बड़ा बयान दे दिया है। फारुक अब्दुल्ला ने कहा कि लोगों के जनादेश ने साबित कर दिया है कि कश्मीर के लोग 5 अगस्त, 2019 को लिए गए फैसले (धारा 370 को हटाया जाना) को स्वीकार नहीं करते हैं।इसके साथ ही फारूक अब्दुल्ला ने अपने बेटे उमर अब्दुल्ला को राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनाए जाने का भी ऐलान कर दिया है। इस ऐलान के बाद से नेशनल कॉन्फ्रेंस के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।पार्टी को मिली बड़ी जीत के बाद अब्दुल्ला ने कहा,पारदर्शिता होनी चाहिए। जो कुछ भी हो पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। जनादेश के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। यदि लोगों का जनादेश भाजपा के खिलाफ है, तो बीजेपी को किसी भी जुगाड़ या अन्य किसी चीज में शामिल नहीं होना चाहिए।इसके साथ ही अब्दुल्ला ने कहा,राजभवन और केंद्र को लोगों के फैसले को उसी तरह स्वीकार करना चाहिए जिस तरह हमने संसदीय चुनावों में किया था।

**भाजपा को अब तक के इतिहास में सबसे अधिक सीटें मिलीं : अमित शाहः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया,जम्मू-कश्मीर की जनता ने भाजपा को इस विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक मत प्रतिशत का आशीर्वाद दिया है और भाजपा को अब तक के इतिहास में सबसे अधिक सीटें दी हैं। इसके लिए मैं जम्मू-कश्मीर की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। साथ ही बीजेपी के सभी कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए बधाई देता हूं। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा जम्मू-कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए संकल्पित है। जम्मू-कश्मीर को आतंकमुक्त बनाकर देश के अन्य हिस्सों की तरह इसे विकसित बनाना भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**अंतिम परिणाम इस तरह रहेः** नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की। नेशनल कॉन्फ्रेंस को 42 सीटें, कांग्रेस को 6 सीटें मिलीं। बीजेपी- 29 सीटें, पीडीपी- 3 सीटें, जम्मू-कश्मीर पीपल कॉन्फ्रेंस, सीपीआई(एम) और आम आदमी पार्टी ने एक-एक सीट जीती और निर्दलीय- 7 सीटें।

## चुनाव आयोग ने कांग्रेस के आरोपों को किया खारिज

**नई दिल्ली :** हरियाणा में शुरुआती रुझानों के दौरान कांग्रेस आगे थी। लेकिन 10 बजते-बजते बाजी पलट गई और भाजपा ने कांग्रेस को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद कांग्रेस चुनाव आयोग पहुंच गई। वहीं अब आयोग ने कांग्रेस के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। चुनाव आयोग ने कहा कि कांग्रेस के आरोप गैरजिम्मेदाराना, निराधार और दुर्भावनापूर्ण हैं। आरोपों को साबित करने के लिए कांग्रेस के पास कोई रिकॉर्ड नहीं है।अपने जवाब में, चुनाव आयोग ने कहा कि वोटों की गिनती संबंधित मतगणना केंद्रों पर चुनाव संचालन नियमों के नियम 60 के अनुसार और वैधानिक और नियामक व्यवस्था का पालन करते हुए की जा रही है। इस प्रक्रिया को नामित अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। साथ ही चुनाव आयोग ने कांग्रेस के महासचिव जयरा रमेश से कहा कि नतीजों को वेबसाइट पर अपडेट करने में देरी के गलत आरोप को साबित करने के लिए रिकॉर्ड पर कुछ भी नहीं है।चुनाव आयोग ने आगे बताया कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में पूरी मतगणना प्रक्रिया नियमों के अनुसार उम्मीदवारों, पर्यवेक्षकों और सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में हुआ है।हरियाणा में बाजी पलटने के बाद कांग्रेस ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी कि सुबह नौ बजे से 11 बजे के बीच हरियाणा के नतीजों को बेवसाइट पर अपलोड करने में देरी की गई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि नतीजों को अपडेट करने की धीमी गति के चलते नई-नई कहानियां गढ़ी जा रही हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से कहा कि हरियाणा चुनावों के सटीक आंकड़े जारी करने के निर्देश जारी किए जाएं।

## क्विक न्यूज

### फ़िल्में और सोशल मीडिया समाज में बदलाव लाने के सबसे सशक्त माध्यम हैं : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को नई दिल्ली में विभिन्न श्रेणियों में 70वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने मिथुन चक्रवर्ती को वर्ष 2022 के लिए दादा साहब फाल्के लाइफ़टाइम अचीवमेंट पुरस्कार भी प्रदान किया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि फ़िल्में और सोशल मीडिया समाज में बदलाव लाने के सबसे सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सिनेमा दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग है, जिसमें कई भाषाओं में और देश के सभी क्षेत्रों में फिल्में बनाई जाती हैं। यह सबसे विविध कला रूप भी है। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों की सराहना की। राष्ट्रपति ने दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्राप्त करने पर मिथुन चक्रवर्ती को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लगभग पांच दशकों की अपनी कलात्मक यात्रा में मिथुन ने न केवल गंभीर किरदारों को पर्दे पर उतारा है, बल्कि अपनी अनूठी ऊर्जा के साथ कई साधारण कहानियों को भी सफलतापूर्वक पेश किया है।

### मिथुन चक्रवर्ती हुए दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली :** हिंदी सिनेमा में डिस्को डांसर के रूप में लोकप्रिय अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'दादा साहेब फाल्के' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मंगलवार को विज्ञान भवन में 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मिथुन चक्रवर्ती को इस सम्मानित पुरस्कार से नवाजा। इस मौके पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, राज्य मंत्री एल मुरुगन सहित निर्णायक मंडल के अध्यक्ष मौजूद रहे। इस मौके पर मिथुन चक्रवर्ती ने दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए सभी प्रशंसकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा कलाकारों को कभी भी अपने सपने को सोने नहीं देना चाहिए क्योंकि सपने देखने से ही उसे पूरा करने का हौसला आता है। खासकर जिन लोगों के पास टैलेंट हैं, लेकिन उन्हें आर्थिक स्थिति के कारण सोचना पड़ता है। ऐसे हुनरमंद लोगों को कभी हार नहीं मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे इस मंच पर तीन बार पहले भी आ चुके हैं, लेकिन दादा साहेब फाल्के पुरस्कार ने उनके सारे गिले शिकवे को खत्म कर दिया है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना की चार शर्तें समाप्तः शिवराज

**सीहोर :** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में कृषि एवं ग्रामों के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से जो भाई बहन छूट गए हैं, उनके लिए आज से सर्वे का काम चालू हो रहा है जो कि आगामी 6 माह में पूरा कर लिया जाएगा। अब सरकार ने इस योजना में चार शर्तों को समाप्त कर दिया है। पहले जिनके पास फोन थे, मोटरसाइकिल या स्कूटर था, 10000 से अधिक मासिक आमदनी थी, ढाई एकड़, सिंचित अथवा पांच एकड़ तक असिंचित जमीन थी, उन्हें योजना में पात्रता नहीं थी।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्युनतम | 20⁰ |

## हरियाणा में आप जीरो जम्मू-कश्मीर में खुला खाता




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली से सटे हरियाणा में आम आदमी पार्टी ने जोर शोर से विधानसभा का चुनाव लड़ा है। यहां पर आम आदमी पार्टी कुछ कमाल नहीं कर पाई है। हरियाणा में आम आदमी पार्टी के एक भी उम्मीदवार चुनाव नहीं जीत रहे हैं। वहीं, जम्मू-कश्मीर में आम आदमी पार्टी का पहली बार खाता खुल गया है।डोडा विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मेहराज मलिक ने जीत दर्ज की है। मेहराज मलिक ने बीजेपी के उम्मीदवार को 4548 वोटों से हराया है। चुनाव आयोग के अनुसार, मेहराज मलिक को 22611 वोट मिले हैं। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार गजय सिंह राना को 18063 मिले हैं।जम्मू कश्मीर में पहली बार आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ी है। पहले ही चुनाव में पार्टी की जीत पर अरविंद केजरीवाल ने बधाई दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अरविंद केजरीवाल ने लिखा, डोडा से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मेहराज मलिक द्वारा बीजेपी को हराकर शानदार जीत हासिल करने के लिए बहुत बहुत बधाई। आप बहुत अच्छा चुनाव लड़े हैं। इसके साथ ही केजरीवाल ने कहा कि पांचवें राज्य में विधायक बनने पर पूरी आम आदमी पार्टी को बधाई।

## झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में 70 व झारखंड भवन, नई दिल्ली तथा मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग में 6 नवनियुक्तों को सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र

# प्रतिभा संपन्न राज्य के रूप में भी बने झारखंड की पहचान : हेमंत

* मुख्यमंत्री ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा के खूँटपानी, बोकारो के नवाडीह और दुमका के मसलिया में तीन विद्यालयों का किया ऑनलाइन शिलान्यास
* मुख्यमंत्री ने जैक, सीबीएसई, आईसीएसई के 10 वीं तथा 12 वीं बोर्ड परीक्षा एवं झारखंड ओलंपियाड के टॉपर्स को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नौजवानों को नियुक्ति पत्र। प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान। उत्कृष्ट शिक्षा में विशिष्ट पहचान बनाने वाले विद्यालयों का अलंकरण और नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर तीन नए विद्यालयों का शिलान्यास। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा झारखंड मंत्रालय में आयोजित समारोह में एक बार फिर एक साथ कई सौगातें देकर शिक्षा के क्षेत्र में एक और मिसाल कायम की।

### * विद्यालय प्रमाणीकरण में स्वर्ण स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालयों को भी मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**मुख्यमंत्री ने प्रतिभावान विद्यार्थियों का उत्साह और मनोबल बढ़ाया :** मुख्यमंत्री ने समरोह में 76 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमे झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में 35 लॉ एग्जीक्यूटिव, 4 एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, 21 असिस्टेंट इंजीनियर और 10 स्कूल मैनेजर तथा झारखंड भवन नई दिल्ली तथा मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग में 6 को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सरकार के अभिन्न अंग के रूप में जुड़ने के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं, नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा के खूंटपानी, बोकारो के नवाडीह और दुमका के मसलिया में विद्यालय भवन का ऑनलाइन शिलान्यास कर झारखंड को उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित करने का संकल्प दोहराया। समारोह उस वक्त और विशेष बन गया, जब मुख्यमंत्री ने विद्यालय प्रमाणीकरण में स्वर्ण स्थान प्राप्त करने वाले 60 विद्यालयों, जैक, सीबीएसई, आईसीएसई के वर्ष 2023 एवं वर्ष 2024 में 10 वीं तथा 12 वीं बोर्ड परीक्षा और झारखंड ओलंपियाड-2023 के टॉपर्स को सम्मानित कर उनके हौसले, उत्साह और मनोबल को बढ़ाते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**आप राज्य के सर्वांगीण विकास का पहिया बन रहे हैंः** मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों से कहा कि आज से आप सरकार के एक अभिन्न अंग के रूप में जुड़ रहे हैं। राज्य के सर्वांगीण विकास का पहिया आप बन रहे है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप अपने कार्यों से राज्य को बेहतर दिशा देने में अहम भूमिका निभाएंगे।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बैद्यनाथ राम, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के एसपीडी। शशि रंजन मौजूद थे।

### पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना का दायरा बढ़ाने पर सरकार जल्द लेगी नीतिगत निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत सरकार यहां के विद्यार्थियों को विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर दे रही है। अभी इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों की संख्या सीमित है। लेकिन, विद्यार्थियों के आग्रह को देखते हुए इस योजना का दायरा बढ़ाने पर सरकार जल्दी नीतिगत निर्णय लेगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

## आरजी मेडिकल कॉलेज के 50 डॉक्टरों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**एजेंसी**

**कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लगभग 50 डॉक्टरों ने इस्तीफा दे दिया। दुष्कर्म पीड़िता की न्याय की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे डॉक्टरों के साथ एकजुटता दिखाते हुए डॉक्टरों ने इस्तीफा दिया है। स्वास्थ्य सुविधा के सूत्रों ने बताया कि सामूहिक रूप से इस्तीफा देने का निर्णय मंगलवार सुबह सरकारी अस्पताल के विभिन्न विभागों के प्रमुखों की बैठक में लिया गया।एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया, विभागाध्यक्षों की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। हमारे अस्पताल के करीब 50 वरिष्ठ डॉक्टरों ने अपने त्यागपत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। यह उन युवा डॉक्टरों के प्रति हमारी एकजुटता व्यक्त करने के लिए है जो एक मुद्दे के लिए लड़ रहे हैं।उन्होंने कहा कि एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर भी आरजी कर अस्पताल के अपने सहकर्मियों के पदचिन्हों पर चलने पर विचार कर रहे हैं।पश्चिम बंगाल के डॉक्टरों के संयुक्त मंच ने जूनियर चिकित्सकों के साथ एकजुटता का संकल्प लिया है, जो अगस्त में आरजी कर अस्पताल में कथित रूप से बलात्कार और हत्या की शिकार हुई स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के लिए न्याय और भ्रष्टाचार से ग्रस्त स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। मंच द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि जूनियर डॉक्टर अपनी मांगों को लेकर पिछले चार दिनों से आमरण अनशन पर हैं, लेकिन मुद्दों को हल करने के लिए उपयुक्त प्राधिकारी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।



## वकील, डीटीओ व सीओ सहित कई ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बार फिर मंगलवार को झारखंड में दबिश दी है। ईडी ने एक वकील के साथ धनबाद के डीटीओ दिवाकर प्रसाद द्विवेदी, जय कुमार राम, प्रभात भूषण, संजीव पांडे, रवि के ठिकानों पर छापेमारी क। ये कार्रवाई पंडरा थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर की गयी है।धनबाद में सुबह ईडी की टीम धनबाद के डीटीओ दिवाकर प्रसाद के देव विहार स्थित आवास दो गाड़ियों में सवार होकर पहुंची, जहां से उन्हें भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ है। अपार्टमेंट में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है। इससे पहले भी उनसे कई बार पूछताछ हो चुकी है। रांची के एक कारोबारी और वकील ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जमीन कारोबारी संजीव पांडेय ने ईडी को मैनेज करने के नाम पर अधिवक्ता सुजीत सिंह पर छह करोड़ रुपये ठगने का आरोप लगाया था।इधर, अधिवक्ता का कहना है कि पैसे नहीं लौटाने पर जमीन कारोबारी ने उनका अपहरण कर लिया था।



# गढ़वा को पर्यटन एवं सांस्कृतिक पहचान दिलाने का प्रयास : मिथिलेश

## गढ़वा में बाबा खोनहरनाथ महोत्सव, भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिले के गिजना अवस्थित प्राचीन बाबा खोनहर नाथ महादेव मंदिर परिसर में बाबा खोनहरनाथ महोत्सव का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर परिसर में भगवान परशुराम जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। पर्यटन, कला, संस्कृति एवं खेल-कूद युवा कार्य विभाग के बैनर तले इस कार्यक्रम का आयोजन डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में संपन्न कराई गई। जिसमें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि बाबा खोनहर नाथ महोत्सव का उद्घाटन एवं आराध्यदेव भगवान परशुराम जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। मंत्री ने खोनहर नाथ महादेव का दर्शन पूजन किया। मौके पर पूर्व मंत्री सीएस दुबे, केएन त्रिपाठी, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी राज महेश्वरम एवं संबंधित पंचायत की मुखिया समेत अन्य जनप्रतिनिधियों व गणमान्य उपस्थित थे। मौके पर प्रसिद्ध भोजपुरी लोक गायिका कल्पना पटवारी ने धार्मिक गीतों की प्रस्तुति कर भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया। मौके पर पूर्व मंत्री सीएस दुबे एवं केएन त्रिपाठी ने कहा कि बाबा खोनहर नाथ मंदिर परिसर में बाबा खोनहर नाथ महोत्सव मनाया जाना एवं आराध्यदेव भगवान परशुराम जी की भव्य प्रतिमा का निर्माण कराया जाना एक गर्व की बात है। वहीं मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि वह अति सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें यह मौका मिला। उन्होंने बाबा खोनहर नाथ मंदिर निर्माण हेतु भूमि दान करने वाले व्यक्तियों को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व में इस मंदिर का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया था। मंदिर परिसर एवं मंदिर की स्थिति जर्जर अवस्था में थी। मंदिर परिसर की भूमि भी अतिक्रमित थी। परंतु आज के समय में मंदिर का संपूर्ण विकास करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से मंदिर का सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया। इसके तहत सड़क निर्माण, विवाह भवन, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय आदि बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था करने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें पर्यटन, कला, संस्कृति एवं खेल-कूद युवा कार्य विभाग के मंत्री बनने पर बाबा खोनहर नाथ मंदिर समेत गढ़देवी मंदिर, सतबहिनी मंदिर, नगर उंटारी स्थित पहाड़ी शिव मंदिर, अन्नराज डैम, चिरका डैम, खजुरी जलाशय, गुरुसिंधु जलप्रपात, सुखलदरी जलप्रपात आदि सहित तमाम पर्यटन व तीर्थ स्थलों का विकास कार्य करने का कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में उन्होंने गढ़वा जिला को झारखंड के अग्रणी जिला के रूप में होने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी लोगों को बताया। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता, अमृतांजलि दुबे, संपूर्णा देवी, रेखा चौबे, दीपमाला देवी, अनु दुबे, संदीप पांडेय, नारद तिवारी, बसंत चौबे, मनोज तिवारी, दिलीप तिवारी, परेश तिवारी, विकास दुबे, दयाशंकर गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पूजा पंडालों में हुआ बेल पूजन



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवरात्रि के छठे दिन बिश्रामपुर अंचल व नगर परिषद क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में मां कात्यायनी की विशेष पूजा अर्चना हुई। वैदिक मंत्रोचारण और देवी गीतों के गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है.सभी पूजा पंडालों में मंगलवार शाम को ही बेल पूजन हुआ. विश्रामपुर जोड़ा मंदिर प्रांगण स्थित पूजा पंडाल के बेल पूजन में पूर्व विस प्रत्यासी अंजू सिंह शामिल हुई। सिंह ने महिला श्रद्धालुओं के साथ खुद भी पूजा अर्चना करते हुए क्षेत्र के हरियाली व खुशहाली की दुआ मांगी। मौके पर अंजू अभिमन्यु टीम के केंद्रीय नेता नईमुद्दीन अंसारी, टीम के नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा, गुड्डू शुक्ला, उस्मान अंसारी, रवि कुमार, दीपक कुमार, राजेश मार्शल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## रामगढ़ में नए थाना प्रभारी के रूप में ओम प्रकाश साह ने किया पदभार ग्रहण



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के नये थाना प्रभारी ओम प्रकाश साह ने रामगढ़ थाना में योगदान दिया। उन्होंने बताया की हमारी पहली प्राथमिकता आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है। थाना क्षेत्र की आम, सभ्य एवं शांतिप्रिय जनता की विश्वास पर खरा उतरना, उनकी समस्याओं का समाधान तथा छोटे-बड़े अपराधों पर नियंत्रण हमारी प्रमुखता में रहेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि शराब माफिया पर भी पैनी नजर रहेगी। क्योंकि कोई भी अपराध नशा के कारण हीं होता है साथ ही उन्होंने ग्रामीणों व पीडितों से अपील किया कि बिचौलिए से सावधान रहे और जनता अपने काम के लिए स्वंय उनसे मिले। जनता की सेवा के लिए वे 24 घंटे तत्पर रहेंगे। ओम प्रकाश साह इससे पहले पांकी थाना में एएसआई के पद पर रह चुके हैं। उन्हें पहली बार रामगढ़ का थाना प्रभारी बनाया गया है।

# विधायक ने पुजारी, बैगा तथा चटिया पुजारी को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा टाऊनशिप शेल के मैदान में विधानसभा के 400 गांवों के दुर्गा पूजा समिति के पुजारी, पंडित एवं चटिया पुजारी का सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञानी पंडित द्वारा वैदिक मंत्रों के उच्चारण, पूजा- अर्चना कर भानु प्रताप शाही ने किया। पूजा के उपरांत विधायक ने पंडित, पुजारी, बैगा या चटिया पुजारी को पांव पूजन कर के गमछा, अंगवस्त्र, देकर सम्मनित किया। उक्त कार्यक्रम में मंच का संचालन सोना किशोर यादव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि वह 7 माह पहले रात के सपने में देखा कि गांव के देवी देवता, के पूजा पंडित, बैगा, चटिया पुजारी द्वारा तो किया जाता है लेकिन इन सनातन धर्म के रक्षकों का भी पूजन होना चाहिये। आज इस पूजन को राजनीति से न जोड़ा जाएं। लेकिन सनातन धर्म के रक्षा करने के लिए सनातन धर्म के रक्षकों से जीत की आशीर्वाद मांगा। साथ ही कहा कि यह चुनाव मेरे पिताजी और भांजा के बिना पहले चुनाव है जिसे मैं आप सबों के आशीर्वाद से आप सबके साथ मिलकर जितना चाहता हूं जिससे सनातन धर्म की रक्षा कर सकूं तथा विकास की लकीर खींच सकूं। उक्त कार्यक्रम में भगत दयानंद यादव, मनोज पहाड़िया, लल्लू ठाकुर, सुनील सिंह, चंदन ठाकुर, धन्नजय साह, लक्ष्मण राम, दयानंद सोनी, बिहारी यादव, राजीव रंजन तिवारी, पंकज सिंह, रवि पाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चार सड़क निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** मंगलवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिहरगंज हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को चार महत्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास किया। उन्होंने जिन सड़कों का शिलान्यास किया उसमे, हैदरनगर प्रखंड के इटवा मोड़, देवी धाम मोड़, चौकी मोड़ पर सड़क निर्माण कार्य शामिल है। इस बीच हैदरनगर के भाई बिगहा में पहुंचने पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फूल माला देकर उनका स्वागत किया। विभिन्न कार्यक्रमों में भाजपा नेता सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि वह ईमानदारी के साथ राजनीति करने में विश्वाश रखते हैं। उनकी कथनी और करनी में कभी फर्क नहीं होता है। श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने जनता से जो वादा किया था, उसे 98 प्रतिशत पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के नकारात्मक रवैया के बावजूद उन्होंने सभी सड़कें, स्वास्थ्य केंद्र भवन, राजस्व कचहरी, स्कूल भवन, पुल, पुलिया के साथ साथ विभिन्न विद्यालयों को अपग्रेड कराने का काम किया है।

## प्रेस क्लब छतरपुर का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** अनुमंडल मुख्यालय के मंगलवार को विजय तारा होटल में छतरपुर प्रखण्ड के पत्रकारों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता छतरपुर के वरिष्ठ पत्रकार गौरीशंकर सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से छतरपुर प्रेस क्लब का गठन किया गया जिसमें मित्तल कुमार सिंह को अध्यक्ष, असगर हुसैन को, राजीव सिन्हा, चन्दन कुमार, उपाध्यक्ष, अश्विनी कुमार को सचिव, पंचम कुमार को उपसचिव, सुरेंद्र गुप्ता को महामंत्री वहीं राणा रंजीत पहाड़ी को कोषाध्यक्ष एवं अजीत कुमार सिंह को उपकोषाध्यक्ष और नीरज कुमार को मीडिया प्रभारी के रुप में चयन किया गया। बैठक में कार्यकारणी सदस्य के रूप में बिनोद कुमार, निखिल कुमार, सुरेंद्र सिंह को मनोनित किया गया। वही यह भी निर्णय लिया गया कि कमेटी विस्तार के लिए दुर्गा पूजा बाद अगली बैठक किया जायेगा।

## स्थानीय विधायक पर लगाया झूठे प्रचार का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** समाजसेवी परमवीर पासवान ने विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा उनके भाजपा में शामिल होने के गलत प्रचार का खंडन नगर गढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता में किया है। उन्होंने कहा कि अपने गावँ के एक रोड निर्माण सम्बंधित कार्य को लेकर मैं उनके पास गया था। उसी दौरान विधायक सहित अन्य लोगो ने उन्हें माला और भाजपा का पट्टा पहना दिया और बाद में मुझे भाजपा में शामिल करने का झूठा प्रचार भी किया। जो विधायक द्वारा दिया गया एक धोखा है। उन्होंने कहा की वे गढ़ परिवार से कई वर्षो से जुड़े है।उनकी राज परिवार में पूरी आस्था है। वे आगामी चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। मौके पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमर नाथ पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## धान के खेत में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र में धान की क्यारी में एक युवक का शव बरामद हुआ है. युवक के शरीर के बाल झुलसे हुए हैं. मौके पर उसका मोबाइल बरामद हुआ है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है. परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जाहिर की है।पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के गहर पथरा के रहने वाले कौशिक रंजन नामक युवकउम्र 22वर्ष सोमवार को अपनी खेत में लगे धान की फसल के पटवन के लिए घर से निकला था. पूरी रात कौशिक घर वापस नहीं लौटा था. मंगलवार को कौशिक के पिता धान की खेत की तरफ गए तो देखा कि कौशिक का शव खेत में पड़ा हुआ है. पिता भर्दुल राम ने तत्काल इसकी जानकारी परिजन एवं अन्य ग्रामीणों को दी. ग्रामीणों ने मामले की जानकारी स्थानीय पाटन थाना को दिया. जिसके बाद पाटन थाना प्रभारी लाल जी के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची. युवक के सिर के पास से ही पुलिस ने मोबाइल बरामद किया है।सोमवार की शाम पलामू के कई इलाकों में तेज बारिश हुई है एवं वज्रपात की घटना भी हुई है. घटना के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है. परिजनों का कहना है कि कौशिक की हत्या की गई है. पाटन के थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


झारखण्ड सरकार

कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय

पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा

06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–08 वर्ष 2024–25

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | दिनांक 15.10.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 16.10.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 16.10.2024 को 3:30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची । 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |

7. कार्य की विवरणी :–

| क्र० सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | कोडरमा | गुण नियंत्रण अवर प्रमण्डल, कोडरमा के भवन सह प्रयोगशाला का मरम्मति सह सुसज्जीकरण कार्य वित्तीय वर्ष 2024–25। | 1000000.00 | 20000.00 | 1250.00 | दो माह। |
| 2 | | | पथ प्रमण्डल कोडरमा के अन्तर्गत सूखे वृक्षों का पातन एवं परिवहन कार्य वित्तीय वर्ष 2024–25। | 1500000.00 | 30000.00 | 2500.00 | तीन माह। |
| 3 | | | पथ अवर प्रमण्डल, कोडरमा के कार्यालय सह कम्प्युटर भवन एवं अन्य भवन का साधारण मरम्मति एवं फर्निशिंग कार्य वित्तीय वर्ष 2024–25। | 4000000.00 | 80000.00 | 5000.00 | तीन माह। |
| 4 | | | पथ प्रमण्डल कोडरमा कार्यालय परिसर अन्तर्गत अवस्थित कर्मचारियों के आवास का विशेष मरम्मति कार्य वित्तीय वर्ष 2024–25। | 4000000.00 | 80000.00 | 5000.00 | तीन माह। |

नोटः– 1. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है।
3. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, अद्यतन Income Tax Return, GSTIN, GSTIN Return (अद्यतन), UCAN एवं चरित्र प्रमाण पत्र (अद्यतन) की स्वःअभिप्रमाणित सुस्पष्ट प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
4- PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

कार्यपालक अभियंता,
प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल कोडरमा।

PR 338284 (Road) 24-25 (D)


# बिश्रामपुर थाना परिसर में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर थाना परिसर में दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर मंगलवार को अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई बैठक में क्षेत्र के लगभग सभी पूजा कमिटी के पदाधिकारी भी शामिल थे.बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान व संचालन विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने किया. बैठक में शामिल दोनों समुदाय के लोगों ने नवरात्र और दुर्गा पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया.विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक कुमार टुट्टी ने कहा कि पूजा के दौरान अफवाहों से बचें,कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें.सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करें.क्योंकि सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश आम लोगों की भलाई हेतु ही जारी किया गया है. उन्होंने कहा कि पुलिस असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी. पूजा के दौरान पुलिस गस्त भी बढ़ाया जा रहा है. सीओ शंभू राम ने दुर्गा पूजा महोत्सव के अवसर पर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मिलजुलकर मनाने से पर्व का महत्व और बढ़ जाता है.इंस्पेटर रामाशीष पासवान ने कहा कि शांति व्यवस्था मे पूजा कमेटियों को भी अपनी भूमिका व जवाबदेही समझना होगा.उन्हे छोटी बड़ी कोई भी सूचना को पुलिस के साथ साझा करना जरूरी है.ताकि समय रहते पुलिस कोई भी अप्रिय घटना को टाल सके. मौके पर रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार, जिला पार्षद विजय रविदास, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, इदरीश हवारी, देव नारायण सिंह सहित दोनो समुदाय के लोग काफी संख्या में मौजूद थे।

## श्री मां बाल विकास विद्यालय में डांडिया नृत्य का अयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** माँ शिवकुमारी देवी सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री माँ बाल विकास विद्यालय में मंगलवार को डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन निदेशक सह प्राचार्य डॉ जीतेन्द्र प्रसाद ने किया. कार्यक्रम में चार ग्रुप में बच्चों ने शेरा वाली मईया, तेरी महिमा अपरंपार, धोलिदा ढोल बाजे, रंगीला तारा आदि दुर्गा भक्ति गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया.नृत्य कार्यक्रम में नन्दिनी ,तथीर, अनुष्का, मुस्कान, आशिया, अंकित, पल्लवी, सिफ़ा खान, जोया, सानिया, सनाया, नंदिका, आरुषि श्वेता, अंकिता, रविजा, मनी, माही, पूनम, लाराईबा, मंतशा, आफ़ीफ़ा, अलीशा, प्रिया, गोशिया, स्नेहा, प्रीति, चंद्रमुखी, जेबा, परी, प्राची, रागिनी आदि की भूमिका सराहनीय रही. दुर्गा जी की भूमिका में साक्षी आकर्षण का केंद्र रही. कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ जीतेन्द्र प्रसाद ने कहा कि हर क्षेत्र में विद्यालय परिवार बच्चों की प्रतिभा निखारने में जुटी है।


JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED

CIN: U40108JH2013SGC001704

Regd.Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi -834002,JH

Phone: 0651-2400804/ Website: www.jusnl.in

OFFICE OF THE

GENERAL MANAGER TRANSMISSION ZONE – IV, MEDININAGAR (Daltonganj)

Address-Sudna, Daltonganj/ Email: gmtzdal@gmail.com

e- Tender Notice

e-NIT No. 243 /PR/ JUSNL/ 2024-25

e-Tender is invited in two parts i.e., Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work: -

| | |
|---|---|
| Name of Work | Procurement of Air conditioners (02 Ton) split type, 5 star rating, of reputed make i.e. carrier/voltas etc. complete set with stabilizer under TSD, Daltonganj. |
| Tender fee (Non-refundable) | (Rs.1250 + SGST@9% +CGST@9%)=)= Rs. 1,476.00 (Rupees One thousand four hundred seventy six) only |
| Earnest Money Deposit | Rs.20,000.00/- (Rupees Twenty thousand) only. |
| Availability of Tender Do cuments on e-tender website | From 10.10.2024 at 02:00 PM to 04.11.2024 upto 3:00PM |
| Start Date and time of upload of BID | 10.10.2024 at 02:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 04.11.2024 upto 03:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 05.11.2024 at 04:30 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9771850485 for any enquiry.
2. **The bids will be received through electronic tendering mode only.**
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 338238 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (24-25)_D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा० लि० 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो० न० 7004121786, 06513571957

## दुर्गा पूजा पंडाल का किया गया उद्घाटन

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख पुजा पंडालों में से एक अड़की में दुर्गा पूजा पंडाल का स्थानीय विधायक विकास कुमार ने मुंडा फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने माँ दुर्गा से क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि और शांति की प्रार्थना की। विधायक मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि दुर्गा पूजा सिर्फ धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि यह हमारे समाज की एकता और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने वाले सभी सदस्यों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम हमारी परंपराओं और मान्यताओं को सशक्त बनाते हैं।इस मौके पर अड़की विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, बीस सूत्री अध्यक्ष भोला लाल, राजीव लोचन महतो, कंचन हल्दार, रमेश कुम्हार, साथ ही पंडाल के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने इस आयोजन की सफलता और धार्मिक उत्सव में सहयोग के लिए विधायक मुंडा का आभार व्यक्त किया।



## पट खुलते ही श्रध्दुलुओं की उमड़ी भीड़

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः मुरी हिंडाल्को में मंगलवार की शाम हिंडाल्को के एच आर अरुण राय,युनिट हेड रोहित चौरसिया ने मां का दरबार का पट खोला।पट के खुलते ही मां के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ लग गई। दुर दराज से लोग मां के दर्शन के लिए पहुंचे। जय मां अम्बे के जयकारे से गुंज उठा हिंडाल्को परिसर। पट के खुलते ही पुरोहित द्वारा विधिवत पुजा अर्चना किया गया। साथ ही हिंडाल्को परिसर में बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया वहीं हिंडाल्को में विराट पंडाल बनाया गया है।साथ ही मां के दरबार को भव्य रुप से सजाया गया है एवं रंग बिरंगी रोशनी से हिंडालको परिसर सौंदर्य का रुप ले लिया है। पुरा क्षेत्र मां अम्बे के जयकारे से गुंज उठा। इस मौके पर नवनित श्रीवास्तव,गौरी शंकर, अभिषेक प्रताप,नाडु गोपाल, विकास गांगुली,तारा शंकर,राजेश गोस्वामी , स्वेत श्रीवास्तव, प्रदीप ठाकुर,शंटु चटर्जी समेत हिंडाल्को के महिलाएं एवं अधिकारी मौजूद थे।



## हाउस बोर्ड सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लक्ष्मीनारायण+2उच्च विद्यालय में हाउस बोर्ड सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे निर्णायक मंडली में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री मूसा पूर्ति एवं श्योर सक्सेस कोचिंग संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत मुख्य रूप से उपस्थित हुए निर्णायक मंडली द्वारा सभी हाउस बोर्ड का निरीक्षण कर अंक प्रदान किए गए ।तत्पश्चात विद्यार्थियों की टीम मे प्रथम स्थान शंख नदी, द्वितीय स्थान कोयल नदी ,तृतीय स्थान दामोदर नदी एवं चतुर्थ स्थान स्वर्ण रेखा नदी ग्रुप को चुना गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर मूसा पूर्ति एवं सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को अपने संबोधन में उनका मनोबल बढ़ाते हुए हमेशा बेहतर प्रदर्शन करने को प्रेरित किया। मौके पर प्रभारी प्रधान अध्यापक प्रमोद कुमार सिंह के साथ-साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।



## दुर्गा पूजा की चहल-पहल हुई शुरू

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेलवरण पूजा के साथ ही इटकी में मंगलवार को दुर्गा पूजा की चहल-पहल शुरू हो गयी।क्षेत्र में स्थापित सभी प्रतिमाओं का पट कल 9 अक्टूबर को खोल दिया जायेगा। इससे पूर्व मां दुर्गा के स्वरूप नवपत्रिका को डोली पर बैठाकर तालाब से पूजा स्थलों पर लाया जायेगा। जमींदार के वंशज लाल आशीषनाथ शाहदेव और लाल अश्विनीनाथ शाहदेव द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के साथ बेलवरण पूजा की गयी। पंडित शत्रुघ्न पांडे ने बताया की आज बेलवरण पूजा में बेल वृक्ष के नीचे मां भगवती की पारंपरिक रूप से पूजा अर्चना की गई और मां भगवती को पूजा अनुष्ठान पर आने का निमंत्रण भेजा गया।



## विद्यालय में डांडिया नृत्य पर झूमे छात्र- छात्राएं

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चिराग नर्सरी स्कूल काशीडीह मुरी में शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन स्कन्दमाता के आगमन पर डांडिया नृत्य हुआ। इसमें विद्यालय के प्री नर्सरी से कक्षा 5 वे तक के सभी छात्र-छात्राएं भाग लिया। छात्र छात्राओं के साथ साथ स्कूल के सभी शिक्षक सिक्षिकाए भी डांडिया नृत्य कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर स्कूल के निदेशक दिनेश कुमार महतो ने कहा कि धार्मिक मान्यता के अनुसार डांडिया मां दुर्गा और महिषासुर के बीच हुए युद्ध को प्रदर्शित करता है।



## खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अनुशंसा पर स्वीकृत विभिन्न योजनाओं की शिलान्यास

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के करकमलों के द्वारा किया गया जिसमें एन.एच. 33 जामचुंआ से उलीडीह तक पथ निर्माण (लम्बाई 2.150 कि.मी.), बुदरी से जामचुंआ एन.एच.33 कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय तक पथ निर्माण (2.00 कि.मी.), रामपुर पंचायत के ग्राम बुदरी में पुल का निर्माण, एन.एच.33 हरबुल से जरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई 2.950 कि.मी.), हुवांगहातु मुख्य पथ से हेसापीड़ी भाया बसियादाग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (5.00 कि.मी.), लाली पंचायत के गरुड़पीड़ी से बारेडण्डा के बीच टुंडी नदी पर पुल का निर्माण कार्य, जाराटोली स्कूल से बाली गढ़ा तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई 1.800 कि.मी.), लाली जारा टोली से राहे हाहे पथ भाया लेटाटांड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई 3.150 कि.मी.), हेसला टोली डारी चौक से लाली बजरमारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई 3.600 कि.मी.), बड़कुम्बा यात्री शेड से बजरंगबली मंदिर भाया होरहाप तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (7.850 कि.मी.) एवं राजाउलातु लाली पथ से बलीकट भाया उर्सलाइन इंटर कॉलेज तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई 3.850) है। मौके पर विजय टोप्पो, कल्याण लिण्डा, महेश्वर महतो, महादेव मुण्डा, सिलाश टुटी, एतवा सांडिल एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



# 76 वर्षों से हो रही है जानकी मंदिर में दुर्गा पूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड के जानकी रमण मंदिर में दशकों से दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन होती आ रही है। जहां इस बार प्रखंड क्षेत्र के सबसे बड़े पंडाल के रूप में मां का दरवार बनाया गया है, जो कि बुधवार को यह पंडाल सजधज कर तैयार हो जाएगा। पूजा में मंदिर के बाहर दशकों से लगनेवाला बड़ा मेला भी आकर्षण का केंद्र होता है। इस वर्ष दुर्गा पूजा की 76वीं वर्षगांठ है। जानकी रमण मंदिर का पूजा पंडाल खलारी-कोयलांचल के पुराने पूजा पंडालों में एक है। इस मंदिर में शुरुआत से हीं शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा बंगाली परंपरा से विधिवत बंगाली ब्राह्मणों द्वारा पूजा की जाती है। नवरात्र के पहले दिन से हीं दुर्गा सप्तशती का पाठ, दुर्गा बीज मंत्र आरती से आसपास का माहौल भक्तिमय हो जाता है। नवरात्र के षष्ठी को दुर्गा पूजा का पट खुलने के बाद माता को दर्शन, पूजन व आरती में शामिल होने के लिए भक्तों का भीड़ लग जाती है। उल्लेखनीय है कि खलारी में एसीसी सीमेंट कारखाना में काम करने वाले कुछ बांग्ला परिवारों ने ही खलारी में दुर्गा पूजा की शुरूआत की थी। जानकार बताते हैं कि पहली बार 50 के शुरूआती दशक में एसीसी क्लब में दुर्गा पूजा आयोजित की गयी थी। कुछ वर्ष तक क्लब में आयोजन के बाद एसीसी मिडिल स्कूल में दुर्गा पूजा के आयोजन को स्थानान्तरित कर दिया गया। तब पूजा के दौरान क्लब मैदान में ही मेला भी लगता था।

### वर्ष 1965 में जानकी रमण मंदिर में दुर्गा पूजा की स्थाई मंडप बना

वर्ष 1965 में जानकी रमण मंदिर में दुर्गा पूजा के लिए स्थाई मंडप बना। इसके बाद से एसीसी स्कूल से स्थानान्तरित कर दुर्गा पूजा आयोजन को जानकी रमणमंदिर ले आया गया। इसके बाद से लगातार इसी जगह पूजा का आयोजन होता आ रहा है। वर्ष 2018 से पुनर्निर्मित बड़ा मंडप में पूजा किया जा रहा है। शुरू से ही बंगाल से आए बांग्ला पुजारियों के द्वारा दुर्गा पूजा का अनुष्ठान कराया जाता रहा है। यह सार्वजनिक पूजा है। मंदिर के बाहर लगने वाला बड़ा मेला भी आकर्षण का केंद्र होता है। खलारी प्रखंड और आसपास के गांवों के लोग जानकी रमण मंदिर पंडाल में मां दुर्गा का दर्शन करने अवश्य आते हैं।

### दुर्गा पूजा महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए दिन-रात लगी है, जानकी रमण मंदिर कमेटी

जानकी रमण मंदिर दुर्गा पूजा महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए पूजा कमेटी दिन रात लगी हुई है। पूजा आयोजन में कमेटी के अध्यक्ष रंजनसिंह बिद्दू, सचिव अवधेश यादव के अलावा पूरी कमेटी व बुकबुका पंचायत सहित आसपास के गांव टोलों के श्रद्धालु सहयोग कर रहे हैं। रंजनसिंह बिद्दू,व अवधेश यादव ने बताया कि इस वर्ष पूजा की भव्य तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि षष्ठी से पूजा शुरू हो जाएगी। नौबी के दिन गंगा आरती, डांडिया का आयोजन होगा। साथ ही एलइडी लगाकर पूरा पूजा व आरती का आयोजन दिखाया जाएगा। पूजा को लेकर पूरा मंदिर परिसर व मंदिर आने जाने वाले रास्ता को भी साफ-सफाई भी किया जा रहा है।



# पिपरवार मे मनाया गया इनमोसा का 68वां स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बंसत विहार स्थित इनमोसा के पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय मे मंगलवार को इनमोसा का 68वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे सेवानिवृत्त सीनियर ओवरमैन कलवंत सिंह उपस्थित थे।मुख्य अतिथि ने झंडोत्तोलन कर एवं द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।जिसके बाद क्षेत्रिय समिति द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देकर एंव माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष एसडी राम और संचालन उपाध्यक्ष इक़बाल हुसैन ने किया।जबकि स्वागत भाषण सचिव अनिल कुमार कुँवर ने किया।इस अवसर पर उपस्थित इनमोसा के सदस्यो ने इनमोसा के संस्थापक स्व. जेके बनर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन कहा कि इनमोसा संगठन का आज 68वां स्थापना दिवस मना रहा है।68 सालों के इतिहास मे संघर्ष के कारण कई उपलब्धियां हासिल हुई हैं। उन्होंने संगठन के मजबूती पर बल दिया।एसके चौधरी ने कहा कि इनमोसा माइनिंग स्टाफ का सुरक्षा कवच है इसे ओर मजबूत बनाने की जरूरत है।सीसीएल संगठन सचिव संजय सिन्हा ने कहा कि संगठन के संस्थापक स्व जेके बनर्जी इनमोसा के साथियों के लिए प्रेरणा श्रोत है,जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है।क्षेत्रीय अध्यक्ष एसडी राम ने कहा कि खानों के निजीकरण काल में माइनिंग स्टाफ पर दोहरा दबाव रहता था। 1956 में इनमोसा गठन के बाद 1957 में रेग्युलेशन के जरिए अधिकार दिलाने में इनमोसा ने महत्तवपूर्ण भूमिका अदा किया,जो आज भी जारी है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुधीर कुमार,उमाकांत सिंह, धीरज कुमार सिंह,बाल मुकुंद पांडेय,मनोज कुमार सिंह,रूपलाल महतो,सुनिल चौबे,शत्रुध्न विश्वकर्मा,रजि अहमद,करीम खान, मुजाहिद इमाम,सुरेश महतो, उमेश उरांव,निवास प्रसाद, अनिल सिन्हा,ईश्वर पाहन, दीपक उरांव,मंजर हुसैन, हरेंद्र कुमार राम सहित कई लोग मौजुद थे।




## आजसू पार्टी खिजरी विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज तुरुप रूदिया में खिजारी विधानसभा स्तरीय आजसू पार्टी का ग्राम प्रभारी सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश महतो जी ने कहा झारखंड में लूट और झूट पर टिकी सरकार को उखाड़ फेंकना है क्योंकि भ्रटाचार ब्लॉक स्तर में चरम सीमा पर पहुंच गया है विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय प्रवता डॉ देवशरण भगत जी ने कहा आजसू पार्टी आन्दोलन की उपज है लड़ के लिए हैं झारखंड और हमलोग ही सवारेंगे संचालन प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो ने किया मौके पर केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव, केंद्रीय प्रवता सुधीर यादव,जिला अध्यक्ष संजय महतो,जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी, केंद्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, केंद्रीय सचिव सरिता देवी, फूलकुमारी देवी, प्रकाश चौधरी,बीरेंद्र भोगता, जालनाथ चौधरी, राजू नायक, बैजनाथ महतो, रोशन मुंडा,कुदरत सेख, रतन लाल होंडा, दिगम्बर महतो,किरण देवी, रूपा उरांव, बिनोद बड़ाईक, अजीत महतो, उमेश महतो, अनिता गाड़ी, संध्या बाण्डो, लक्ष्मीनारायण महतो,आनंद महतो,चमरा बिन्हा, निर्मला देवी, बीरबल बैठा, गोवर्धन महतो, महेन्द्र स्वासंसी योगेंद्र महतो, जगदीश महतो,आदि हजारों ग्राम प्रभारी उपस्थित रहे।

## बचरा मे शिकायत निवारण शिविर आज

**पिपरवार :** सीसीएल के मगध संघमित्रा स्थित तक्षशिला गेस्ट हाउस मे सीसीएल प्रबधंन के निर्देश पर विशेष अभियान के तहत आज शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।इस शिविर मे सीसीएल कर्मियों के लंबित मामलो का का निष्पादन और कंपनी के सीसीएल कर्मचारी,गैर कर्मचारी और अन्य हित धारको की शिकायत का समाधान किया जाएगा।इस शिविर मे सीसीएल के पिपरवार एरिया,एनके एरिया,मगध-संघमित्रा, आम्रपाली-चन्द्रगुप्त और राजहरा एरिया के कर्मचारी शामिल हो सकते है।शिविर का शुभारंभ सुबह 11:30 किया जाएगा।

## व्रजपात होने से गाय की मौत

**इटकी :** थाना अंतर्गत सेमरा पतरा टोली में मंगलवार की संध्या करीब चार बजे वर्षा के साथ व्रजपात होने से प्रभा तिर्की नामक किसान की दुधारू भर्ती गाय की घटना स्थल पर मौत हो गयी । जिससे किसान को हजारों रुपये का नुकसान हुआ। बताया जाता है कि किसान घर से करीब 100 फिट की दूरी पर गाय को खूंटे पर बांधकर चरने के लिए छोड़ दिया था। इसी बीच व्रजपात के चपेट में आ गया और मौके पर गाय की मौत हो गयी।

## मंईयां सम्मान यात्रा के तहत जनसभा का हुआ आयोजन

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर के बूढ़ाखुखरा में मंगलवार शाम 5 बजे मंईयां सम्मान यात्रा के तहत जनसभा का हुआ आयोजन। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड सरकार के मंत्री बेबी देवी दीपिका पांडेय सिंह, राज्यसभा सांसद सांसद महुवा मांझी, विधायक कल्पना सोरेन, शिल्पी नेहा तिर्की पूर्व मंत्री बन्धु तिर्की शामिल हुए । सभा को संबोधित करते हुए मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि भाजपा ने इस योजना को लेकर हाई कोर्ट से योजना को बंद करने का मांग किया था।वंही आज फर्जी तरीके से गोगो योजना के नाम से फॉर्म भरा कर लोगों को ठगने का काम उनके द्वारा किया जा रहा है।




# पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में आज खुलेगा दुर्गापूजा पंडाल का पट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में दुर्गापूजा को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।कोयलांचल क्षेत्र के कई जगहों पर आज महासप्तमी के अवसर पर पूजा पंडाल का पट खोला जाएगा।पिपरवार क्षेत्र के बचरा,बहेरा,बेंती,राय कोलियरी व राय बाजार मे आज सुबह पूजा पंडाल का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा।पिपरवार क्षेत्र बचरा स्थित राम जानकी मंदिर के समीप मां दुर्गा मंडप में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति के द्वारा आयोजित इस पूजा पंडाल का आज सुबह पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद उद्घाटन किया जाएगा।जिसको लेकर समिति के द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि महासप्तमी के अवसर पर पूजा पंडाल के उद्घाटन के बाद मेला का भी उद्घाटन किया जाएगा।मेला में विभिन्न प्रकार की दुकान, प्रतिष्ठान,झूला सहित लोगों के मनोरंजन के लिए कई साधन उपलब्ध कराए गए हैं।वही दुर्गापूजा के अवसर पर भक्ति जागरण सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।समिति के सदस्यों ने बताया कि 10 अक्टूबर महाष्टमी को ब्रह्माकुमारी द्वारा कार्यक्रम,11 अक्टूबर महानवमी को भक्ति जागरण,12 अक्टूबर महादशमी को नागपुरी आर्केस्ट्रा और 13 अक्टूबर एकादशी को आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा क्षेत्र के सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में मेला एवं कार्यक्रम का आनंद उठाने की अपील की है।इधर पिपरवार क्षेत्र के बेंती,बहेरा,राय कोलियरी और राय बाजार मे भी पूजा पंडाल उद्घाटन को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।कई जगहो पर आज कलश यात्रा भी निकल जाएगी।



# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में दुर्गोत्सव की धूम

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में दुर्गा पूजा का पावन उत्सव बड़े उल्लास और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन हुआ, जिसकी शुरुआत भक्ति से भरे प्रार्थना गीत से हुई। इसके बाद दुर्गा पूजा की महत्ता पर प्रकाश डाला गया, जिसमें इसके धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को विस्तार से समझाया गया। विद्यार्थियों द्वारा 'दुर्गा स्तोत्र' का गायन किया गया, जो देवी शक्ति को समर्पित था। इस कार्यक्रम की विशेषता थी माँ दुर्गा के नौ रूपों की सुंदर झांकी। इसके बाद शानदार डांडिया नृत्य हुआ। पूरा दिन हर्ष और उमंग के साथ बीता। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस प्रकार के उत्सव हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सजीव रखते हुए हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने में मदद करते हैं। उन्होंने सभी को नवरात्रि के संदेश की याद दिलाई और कहा कि यह महिला शक्ति की महिमा का पर्व है। यह इस बात का भी प्रतीक है कि अच्छाई हमेशा बुराई पर विजय पाती है।



# बुंडू बड़ा तालाब सौंदर्यीकरण में अनियमितता की जांच की जाए : आजसू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा ने बुण्डू बड़ा तलाब के सौन्दर्यीकरण कार्य में हुए भारी अनियमितता पर उच्च स्तरीय जाँच कर दोषीयों पर कानूनी कारवाई के लिए एक ज्ञापन मुख्य सचिव झारखण्ड सरकार, सचिव नगर विकास विभाग, सचिव शहरी विकास एवं आवास विभाग, निदेशक नगर प्रशासन निदेशालय, उपायुक्त राँची के नाम भेजा है।राँची जिला अंतर्गत बुंडू प्रखण्ड के बुण्डू नगर पंचायत क्षेत्र की बड़ा तालाब की सौंदर्यीकरण की कार्य चालू है। बुण्डू नगर पंचायत कार्यालय से करीब साढ़े 5 करोड़ की निविदा निकाली गयी है।अतुल प्रताप कार्य के ठेकेदार हैं। बड़ा तालाब का जायजा लेने पर देखने को मिला है कि उक्त कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। जैसे तैसे कार्य कर संवेदक निजी कमाई करने में जुटा है। आधी से अधिक राशी निकासी की सूचना है। बकाया राशी की निकासी के लिए प्रयासरत है। सौंदर्यीकरण के नाम पर केवल ऊपरी स्तर पर कार्य किया गया है। कार्य के शुरूवात में ही आजसू पार्टी द्वारा अनियमितता की जांच की लिखित मांग बुण्डू नगर पंचायत कार्यालय में की थी लेकिन आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। प्रतीत होने लगा है कि योजना में अभियंता से लेकर नगर पंचायत कार्यालय बुंडू के पदाधिकारी की मिलीभगत है। तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर मोटी रकम की बंदरबांट की आंशका है। आवेदन देने के बाद जाँच तक नहीं होना योजना में भ्रष्टाचार की संभावना अधिक झलक रही है। राजकिशोर कुशवाहा द्वारा उक्त कार्य की उच्च स्तरीय जाँच टीम गठित कर निष्पक्षता जांच करायी जाने एंव संवेदक समेत सभी दोषियों पर मुकदमा दर्ज करते हुए नियमानुसार कानूनी कार्रवाई किए जाने साथ ही यथाशीघ्र संवेदक की बकाया राशी निकासी पर रोक लगाए जाने की मांग की गई है।



# कड़िया मुंडा एवं नीलकंठ सिंह मुंडा ने किया नेताजी चौक पूजा पंडाल का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** शहर के प्रमुख नेताजी चौक पूजा पंडाल का उद्घाटन षष्ठी तिथि में मंगलवार शाम पूर्व सांसद पद्मभूषण कड़िया मुंडा एवं विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत समेत बड़ी संख्या में शहर के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर अपने संबोधन में कड़िया मुंडा ने लोगों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शक्ति और ऊर्जा की स्त्रोत शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की आराधना कर अपने परिवार समाज व देश के उज्जवल भविष्य की कामना करें। विशिष्ट अतिथि विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने भी लोगों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शक्ति स्वरूपा मां से यह कामना है कि समाज में व्याप्त कुरीतियां समाप्त हो जाए और अच्छाइयां आए। उन्होंने समाज, राज्य एवं देश की उन्नति और खुशहाली के लिए मां से कामना करने और सौहार्दपूर्ण वातावरण में भक्ति भाव से त्यौहार मनाने की अपील की। विहिप के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत रायपात ने शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की अराधना के अवसर पर मां-बहन एवं बेटियों की सुरक्षा का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन समिति के कुमार सौरव ने किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों के पूजा पंडाल में पहुंचने पर ? समिति के अध्यक्ष नकुल भगत महामंत्री लव चौधरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया। मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता आशुतोष भगत, विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, ज्योतिष भगत, अधिवक्ता कृष्ण कुमार भगत, मदन मोहन मिश्रा, जयंत लाल स्वर्णकार, राधेश्याम गोप, अरुण चौधरी, जितेंद्र कश्यप, बालमुकुंद कश्यप, किशोर गौंझू, मनोज कुमार, राजकुमार गुप्ता, परमानंद प्रसाद, आनंद कुमार, कृष्णानंद तिवारी, अनूप साहू, बजरंग बाहेती, संजय मिश्रा, रामकुमार भगत सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक और समिति के सदस्य उपस्थित थे। पंडालों के उद्घाटन होते ही श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ पंडालों के पट खोल दिए गए।



## एसबीआईजी हेल्थ सुपर टॉप-अप लॉन्च

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने एक नई पॉलिसी 'एसबीआईजी हेल्थ सुपर टॉप-अप' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक हेल्थ बीमा टॉप-अप प्लान है, जिसे बुनियादी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के साथ किफायती विकल्प के रूप में डिजाइन किया गया है। यह प्रॉडक्ट बीमा चाहने वाले लोगों को अपनी मौजूदा स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी को और बढ़ाने के लिए विकल्प प्रदान करता है, भले ही वह पॉलिसी कॉर्पोरेट हो या व्यक्तिगत। इस योजना में कवरेज की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जिसमें 5 लाख से लेकर 4 करोड़ तक की बीमा राशि वाली दो योजनाएं शामिल हैं। एसबीआईजी हेल्थ सुपर टॉप-अप में अनेक उल्लेखनीय लाभ दिए गए हैं, जिनमें ये शामिल हैं- फ्लेक्सिबल वार्षिक एग्रीगेटेड डिडक्टिबल और लॉन्ग-टर्म एग्रीगेटेड डिडक्टिबल विकल्प 5 लाख से 4 करोड़ तक की बीमित राशि और 2 लाख से 2 करोड़ तक के डिडक्टिबल विकल्प, ग्लोबल कवर, 3 साल तक के दीर्घकालिक पॉलिसी विकल्प, 18-35 वर्ष की आयु के व्यक्तियों के लिए 3,377 रुपये से शुरू होने वाले प्रतिस्पर्धी प्रीमियम।

## सैमसंग गैलेक्सी जेड सीरीज़ पर फेस्टिव ऑफर्स




**जमशेदपुर/गुरूग्राम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सैमसंग इंडिया ने अपनी छठी पीढ़ी की गैलेक्सी जेड सीरीज़ पर फेस्टिव ऑफर की घोषणा की है, जिसमें गैलेक्सी जेड फोल्ड 6 और गैलेक्सी जेड फ्लिप 6 शामिल हैं। इन ऑफर्स में बैंक कैशबैक, एक्सचेंज डील पर अपग्रेड बोनस और 24 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई के विकल्प शामिल हैं। इसके अलावा, सैमसंग फेस्टिव ऑफर के तहत गैलेक्सी जेड एश्योरेंस प्लान को 999 रुपये की रियायती कीमत पर दे रहा है। ये ऑफर ऑनलाइन और रिटेल स्टोर दोनों पर उपलब्ध हैं। इस फेस्टिव सीजन में गैलेक्सी जेड फोल्ड 6 पर 24 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई के साथ 12,500 रुपये का बैंक कैशबैक या अपग्रेड बोनस मिल सकता है, जबकि गैलेक्सी जेड फ्लिप 6 पर 11,000 रुपये का कैशबैक या अपग्रेड बोनस उपलब्ध है।

## दुर्गा पूजा पर मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुर्गा पूजा को लेकर चक्रधरपुर के आसनतलिया स्थित मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय में मंगलवार को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में लघु नृत्य नाटिका के माध्यम से दर्शाया गया कि महिषासुर के कहर से परेशान देवताओं ने देवी दुर्गा से महिषासुर के अत्याचार को कम करने की विनती की। देवी भगवती का राक्षस महिषासुर से पूरे नौ दिनों तक युद्ध चला और दसवें दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया। इस लघु नृत्य नाटिका के पश्चात विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत तिवारी ने कहा कि बच्चों ने बहुत ही कम समय में तैयारी कर शानदार प्रस्तुति दी साथ ही विद्यालय के शिक्षक विकास कुमार एवं शिक्षिका मंदिरा गांगुली को भी धन्यवाद दिया। प्रार्थना सभा में उप प्राचार्य बसंत कुमार महतो के अलावे विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## तीन माह की बच्ची की जान बचाने के लिए विनोद राय ने बढ़ाया मदद का हाथ



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ के धुंधडीह गांव में 3 माह की बच्ची नेहा, जो नाभि में ट्यूमर से पीड़ित है, उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बच्ची के माता-पिता, चामर मुंडा और रंभा देवी, बहुत ही गरीब हैं और किसी तरह रेजाकुली करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सरकारी अस्पताल में उपचार नहीं हो पा रहा था और प्राइवेट अस्पताल में 25 से 30 हजार रुपये का खर्च होने का अनुमान है, जिसे जुटा पाना उनके लिए कठिन था। इसकी जानकारी मिलते ही भाजपा नेता विनोद राय तुरंत धुधाडीह गांव पहुंचे और बच्ची नेहा को गोद में उठाकर परिवार को भरोसा दिलाया कि इलाज का पूरा खर्च वह उठाएंगे। साथ ही, उन्होंने तत्काल 12,000 रुपये नगद देकर परिवार को तुरंत अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की।

## फुटबॉल, मानगो सॉकर क्लब ने जीता खिताब



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अमन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से एपीजेए कलाम हाई स्कूल के प्रांगण में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गया. मानगो सॉकर क्लब की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया. वहीं, ब्लैक पैंथर की टीम उपविजेता बनी. विजेता टीम को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी डॉ अफरोज शकील मौजूद थे. उन्होंने युवाओं से खेल से जुड़ने की अपील की. साथ ही उन्होंने युवाओं को मोबाइल व वर्चुअल दुनिया से निकले व मैदान तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया. मौके पर मो ताहिर हुसैन, शाहीद व अन्य लोग मौजूद थे. टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया.

## पोर्टफोलियो में मल्टीनेशनल कंपनियों के स्टॉक में निवेश का अच्छा मौका

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अगर आप म्यूचुअल फंड की किसी नई और इनोवेटिव थीम वाली स्कीम में निवेश करना चाहते हैं, तो आपके पास अच्छा मौका है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी/कोटक म्यूचुअल फंड) ने मल्टीनेशनल कंपनीज थीम पर आधारित अपना न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) लॉन्च किया है। यह नई स्कीम कोटक एमएनसी फंड के नाम से लॉन्च की गई है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। इस फंड के जरिए निवेशकों को ग्लोबल लेवल पर पहुंच वाली मल्टीनेशनल कंपनियों में एक्सपोजर मिलेगा। पोर्टफोलियो में अलग अलग सेक्टर और अलग अलग मार्केट कैप की मजबूत मल्टीनेशनल कंपनियों के स्टॉक होंगे, जिससे डाइवर्सिफिकेशन का भी लाभ मिलेगा। कोटक एमएनसी फंड सब्सक्रिप्शन के लिए 7 अक्टूबर, 2024 को खुला है और इसमें 21 अक्टूबर, 2024 तक निवेश किया जा सकता है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह ने कहा कि मल्टीनेशनल कंपनियां रिसर्च, इनोवेशन और एडवांस टेक्नोलॉजी के साथ आगे बढ़ती हैं। कोटक एमएनसी फंड का लक्ष्य मल्टीनेशनल कंपनियों की इसी मजबूती का लाभ उठाना है। इस फंड का प्रबंधन हर्ष उपाध्याय और धनंजय टिकारिहा द्वारा किया जाएगा, जिन्हें एक अनुभवी रिसर्च टीम द्वारा समर्थन होगा। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी के सीआईओ एंड फंड मैनेजर, हर्ष उपाध्याय ने कहा कि कोटक एमएनसी फंड को मल्टीनेशनल कंपनियों की क्षमता का लाभ उठाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका लक्ष्य इनोवेशन और ऑपरेशनल स्ट्रेंथ के माध्यम से लगातार बेहतर प्रदर्शन करना है।

# झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का तीसरा क़िस्त लाभार्थियों के खाता में हुआ ट्रांसफर

**▶ जिले के 2 लाख 71 हजार 100 लाभुकों के बीच हस्तांतरित की गई 27 करोड़ 11 लाख की राशि**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को तृतीय किश्त की राशि जिले में समारोहपूर्वक हस्तांतरित की गई। समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, विधायक जुगसलाई मंगल कालिंदी, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी शामिल हुए। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्रीमती नेहा संजना खलखो व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

**10 लाभुकों को मिला स्वीकृति पत्र**

कार्यक्रम में जिले के 2 लाख 71 हजार 100 लाभार्थियों के बीच 27 करोड़ 11 लाख की राशि रिमोट दबाकर माननीय विधायक जुगसलाई द्वारा हस्तांरित की गई । साथ ही 10 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया एवं उपहार प्रदान किया गया ।

विधायक जुगसलाई ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक व सामाजिक उत्थान की दिशा में कई योजनायें संचालित कर रही हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार द्वारा संवेदनशील प्रयास किए जा रहे हैं । इसी का परिणाम है कि राज्य में 50 लाख से ज्यादा महिलाओं को इस योजना से जोड़ा गया है ।जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि सभी महिलाओं को सरकार की योजनाओं से जुड़ना चाहिए। 18-50 वर्ष की महिलाओं- बेटिओं को आर्थिक सहयोग के रूप में राज्य सरकार द्वारा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है, इसका लाभ लें।

## चक्रधरपुर में गोईलकेरा क्षेत्र से धड़ल्ले से हो रहा अवैध बालू का कारोबार

- **सेरेंगदा, भडिहा, दलकी, समीज आश्रम व गुदड़ी थाना क्षेत्र से हो रहा बालू उठाव**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** झारखंड में एनजीटी की रोक के बावजूद पश्चिमी सिंहभूम जिला के गोइलकेरा क्षेत्र की नदियों से धड़ल्ले से अवैध बालू का कारोबार हो रहा है। पुलिस-प्रशासन की मिलीभगत से रोजाना दो दर्जन से अधिक बड़े-बड़े हाइवा के साथ-साथ ट्रैक्टरों से बालू का उठाव कर चक्रधरपुर व आसपास के क्षेत्रों में भेजा जाता है। गोइलकेरा थाना क्षेत्र के सेरेंगदा, भरडिहा, दलकी, समीज आश्रम क्षेत्र के अलावे मनोहरपुर व गुदड़ी थाना क्षेत्र के विभिन्न घाटों से बालू का उठाव हो रहा है। बालू गोइलकेरा के रास्ते ही चक्रधरपुर व आसपास के क्षेत्रों में पहुंचता है। जबकि इस रास्ते सड़क किनारे ही कई थाना हैं। इसके बावजूद बेखौफ होकर रोजाना बालू माफिया बालू का अवैध कारोबार कर रहे हैं। वहीं बालू माफियाओं द्वारा जंगल में नदी किनारे कई जगह पर बालू की भारी मात्रा में भंडारण किया गया है। पूर्व की एसडीओ रीना हांसदा कई बार बालू कारोबारियों के खिलाफ छापेमारी भी कर चुकी हैं। लेकिन फिर से अवैध बालू का कारोबार ने रफ्तार पकड़ लिया है।

## टीएमएच ने किया हायस्टेरोस्कोपी तकनीकों, प्रक्रियाओं पर कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** एंडो-गाइनेकोलॉजी के क्षेत्र में कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से, टाटा मेन हॉस्पिटल के प्रसूति और गाइनकोलॉजी विभाग ने 6 अक्टूबर को हायस्टेरोस्कोपी तकनीकों और प्रक्रियाओं पर एक व्यापक कार्यशाला का आयोजन किया। हायस्टेरोस्कोपी एक न्यूनतम आक्रामक तकनीक है, जिसका उपयोग गर्भाशय के अंदर की जांच करने के लिए किया जाता है और यह गर्भाशय के ट्यूमर या फाइब्रॉइड्स, पॉलीप्स, अवरुद्ध फालोपियन ट्यूब और असामान्य रक्तस्राव जैसी विभिन्न स्थितियों का निदान और उपचार करने में सहायक होती है। यह कार्यशाला प्रसिद्ध गाइनकोलॉजिकल सर्जन और पटना के महिला अस्पताल और फर्टिलिटी सेंटर के निदेशक डॉ. संजीव कुमार द्वारा संचालित की गई, जिसमें अत्याधुनिक उपकरणों के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी शामिल था। कार्यशाला में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें जमशेदपुर और अन्य माइनिंग हॉस्पिटल के गाइनकोलॉजिस्ट, नर्स और मेडिकल छात्र शामिल हुए। कार्यशाला में वरिष्ठ चिकित्सकों जैसे डॉ. विनिता सिंह (जीएमएमएस डेजिग्नेट), डॉ. ममता रथ दत्ता (सीएमएसएस और एचओडी), डॉ. आलोकानंदा राय (हेड कंसल्टेंट), और डॉ. मौसमी दास घोष (सीनियर कंसल्टेंट) ने भी भाग लिया और अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए।

## किसान व व्यापारियों से अवैध वसूली बंद कराए जिला प्रशासन : विमल बैठा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में मंगलवार को बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गांवों के दर्जनों किसान व सब्जी व्यापारियों ने अवैध वसुली के खिलाफ बोड़ाम बीडीओ के नाम कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में भाजपा नेता विमल बैठा ने बताया कि बोड़ाम प्रखंड के किसानों /सब्जी व्यापारियों से डिमना चौक, मानगो, साकची व अन्य जगहों पर कुछ दबंग व्यक्ति द्वारा पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली करते हैं। इससे तंग आकर सब्जी व्यापारियो ने मेरे नेतृत्व में बीडीओ को ज्ञापन सौंपते हुए अवैध वसूली बंद करवाने की मांग की है। भाजपा नेता ने प्रखंड प्रशासन से मांग किया है कि डिमना चौक में पुलिस प्रशासन हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण परमिट के नाम पर बोड़ाम व पटमदा प्रखंड के भोले भाले जनता से अवैध वसूली करते हैं। इसे भी जिला के वरीय अधिकारी से बात करते हुए उसे अविलंब रोक लगाएं। मौके पर जलधर महतो, अजय कुमार महतो, भक्त गोराई, हाबुलाल मुदी, कृष्ण प्रसाद मार्डी व युधिष्ठिर सिंह सरदार आदि मौजुद थे।

## नव प्राथमिक विद्यालय हरतालडीह की संयोजिका व रसोईया को हटाने की उठी मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के नव प्राथमिक विद्यालय हरतालडीह में संयोजिका व रसोईया को हटाने का मांग उठने लगा है। महिलाओं ने बैठक कर यह निर्णय लिया। बता दें कि 1 अक्टूबर को मध्यान्ह भोजन का दाल में छिपकली मिलने से 6 बच्चे बीमार हो गया थे। बच्चों का इलाज कराने के बाद खतरे से बाहर है। वहीं ग्रामीण महिलाओं व बच्चों का अभिभावकों का कहना है कि इस तरह से लापरवाही से बच्चों का तबियत बिगड़ी। बच्चों का माता में से ही किसी को संयोजिका व रसोईया का चयन किया जाएगा। इस संबंध में वरिय पदाधिकारी को लिखित शिकायत करने पर चर्चा किया गया। बताया गया कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी भी जांच में आए थे, उन्होंने भी मध्याह्न भोजन बनाने में लापरवाही के लिए फटकार लगाए । बीमार बच्चे की मां कर्मी महतो ने कहा कि इस तरह से मध्यान्ह भोजन में लापरवाही बर्दाश्त नही किया जाएगा। वहीं प्रधानाध्यापक लक्ष्मी नारायण महतो ने कहा कि उस दिन वह विभागीय कार्य से बाहर गए थे। उन्होंने कहा कि आने के बाद बच्चों को सिल्ली ले जाकर इलाज कराया, जहां चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि छिपकली का कोई जहर नही है।

## उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जिलेवासियों को दी दुर्गोत्सव की शुभाकामनायें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** दुर्गा पूजा के अवसर पर पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन हेतु पट खुल गए हैं तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पूजा पंडालों में दर्शानार्थ आ रहे हैं। उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जिले के सभी नागरिकों को दुर्गोत्सव की शुभकामनायें देते हुए कहा कि हर्षोल्लास के वातावरण तथा विधि व्यवस्था संधारण में अपेक्षित सहयोग प्रदान करते हुए जिलेवासी त्योहार मनायें । जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा का ध्यान रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ऐसे में अपेक्षा है कि जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए सुगमता एवं सफलतापूर्वक त्योहार संपन्न कराने में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे ।

## कुमीर में भारत छोड़ो आंदोलन के वीर शहीदों को सांसद समेत सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** राष्ट्र शहीद सम्मान समिति पटमदा-बोड़ाम के तत्वावधान में मंगलवार को पटमदा प्रखंड के कुमीर ग्राम स्थित शहीद मैदान (लड़ाईटांड़) में श्रद्धांजलि सह स्मरण सभा का आयोजन हुआ। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 8 अक्टूबर 1942 को ब्रिटिश फौज की गोली के शिकार 6 वीर सपूतों की याद में सभा का आयोजन बीते कई वर्षों से किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद विद्युत वरण महतो व विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस व सम्मानित अतिथि दुलाल भुईयां समेत सैकड़ों लोगों ने वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समिति के अध्यक्ष पंचानंन दास की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन के शहीदों के इतिहास को जन-जन तक पहुंचाना है। सांसद ने शहीदों की याद में कम्युनिटी हॉल तथा उक्त स्थल पर हाई मास्ट लाइट लगवाने की घोषणा की। जमशेदपुर के पहले सांसद रहे भजहरी महतो के नेतृत्व में आंदोलन के दौरान शहीद हो चुके लक्ष्मण महतो, मड़ीराम महतो,विप्र महतो, रतन माझी, जुडन मुदी एवं दुर्गा चरण सिंह के आश्रितों को अतिथियों के हाथों शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल लोक सेवक संघ के सचिव सुशील कुमार महतो, भीष्मनाथ महतो, छुटुलाल महतो, आदित्य महतो, ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो, मनसा राम महतो, गिरिजा प्रसाद मिश्रा, शरत सिंह सरदार, प्रदीप महतो, प्रदीप बेसरा, कृष्णपद सिंह, आनंदमय महतो, आशुतोष महतो, पंचानन महतो, प्रबोध कुमार महतो, विप्लव भुइयां, संदीप मिश्र, हरिहर टुडू, भास्कर माहली, भरत महतो व जीतू महतो आदि मौजूद थे ।

## शशी नीलिमा डुंगडुंग ने लिया पटमदा बीडीओ का प्रभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड परिवार की ओर से एक समारोह आयोजित नए बीडीओ शशी नीलिमा डुंगडुंग को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। वंही पुराने बीडीओ श्रीमती पियुषा शालीना डोना मिंज को शॉल व अन्य उपहार देकर विदाई दी गई। इसके पहले पुराने बीडीओ ने रांची जिला के इटकी प्रखंड से आई नई बीडीओ को पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद नई बीडीओ ने कार्यालय के सभी स्टॉफ से परिचय प्राप्त किया। नई बीडीओ ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता रहेगी। मौके पर प्रखंड लिपिक, पंचायत सचिव व वेंडरगण मौजूद थे।

## टाटा स्टील की एफएएमडी को सस्टेनेबल तकनीकों में नवाचार के लिए मिला पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** टाटा स्टील की फेरो अलॉयज और मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) को सस्टेनेबल तकनीकों में नवाचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए एनुअल सस्टेनेबिलिटी सिंपोजियम एंड एक्सीलेंस अवार्ड 2024 के दूसरे संस्करण में विजेता के रूप में सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया गया। सरोज कुमार बनर्जी, चीफ सेफ्टी (रॉ मटीरियल्स) और देवराज तिवारी, हेड माइनिंग (सुकिंदा), टाटा स्टील ने कंपनी की ओर से यह सम्मान इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक भव्य समारोह में संयुक्त रूप से प्राप्त किया। पंकज सतीजा, एक्जीक्यूटिव इंचार्ज, एफएएमडी ने कहा, हम अपने परिचालन में इनोवेटिव और सस्टेनेबल तकनीकों के कार्यान्वयन के लिए मिली इस मान्यता से बेहद उत्साहित हैं। टाटा स्टील के इनोवेटिव तथा सस्टेनेबल हस्तक्षेपों, जैसे अपने प्लांट्स में जल खपत की निगरानी के लिए स्मार्ट वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम की स्थापना, फेरोक्रोम स्लैग्स का उपयोग करके नदी की रेत की खपत को कम करना और सड़क निर्माण में फेरोक्रोम स्लैग चिप्स का उपयोग को इस पुरस्कार के आकलनकर्ताओं द्वारा विशेष प्रशंसा मिली।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**
**अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–पुनर्निविदा संख्या :– 06/R1/2023-24/EE/RWD/LATEHAR — दिनांक : 05.10.2024

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/LATEHAR /10/2023-24 | बरवाडीह रेलवे क्रॉसिंग (चमरडीहा) से लंका होते हुए मंगरा रोड तक पथ निर्माण कार्य। (लम्बाई – 5.580 कि0मी0) | 474.949 | चार करोड़ चौहत्तर लाख चौरानवे हजार नौ सौ रूपये मात्र। | 15 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 09.10.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 15.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 17.10.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।

ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 338292REO(24-25)D

विचार प्रवाह

संपादकीय

## नसरल्लाह की मौत पर प्रदर्शनों का औचित्य

**लेबनान** के राजनीतिक एवं उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह के प्रमुख नसरल्लाह की मौत के बाद दुनिभाभर में शिया समुदाय के मुस्लिम प्रदर्शन कर रहे हैं। हैरानी की बात है कि भारत में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने अपने घरों पर काले झंडे लगाए। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पोस्टर जलाए और नारेबाजी की। मजलिस पढ़कर नसरल्लाह की मौत पर मातम मनाया। शिया समुदाय ने 3 दिन शोक मनाने का ऐलान किया है। नारे लगाए जा रहे हैं- "हसन नसरल्लाह जिंदाबाद" और "आग लगा दो- अमेरिका को आग लगा दो'। नसरल्लाह की मौत पर प्रदर्शन कर रही जम्मू-कश्मीर की छात्रा कहती है- "आपने एक हिजबुल्लाह को मारा है अब हर घर से हिजबुल्लाह निकलेगा"। जबकि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने तो एक दिन के लिए अपना चुनाव प्रचार अभियान ही रद्द कर दिया। माना कि शिया मुसलमानों में उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह के प्रति गहरा जुड़ाव है। लेकिन इसका यह अभिप्राय नहीं होना चाहिए कि भारत का शिया समुदाय सड़कों पर उतरकर नसरउल्लाह की मौत का मातम मनाए और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पोस्टर जलाए। हिजबुल्लाह और इजराइल के बीच लड़ाई में भारत की स्थिति गुट निरपेक्ष देश की है। लेकिन किसी को यह भी नहीं भूलना चाहिए कि इजराइल भारत का मित्र देश है। भारत की सड़कों पर इजराइल के विरुद्ध प्रदर्शन उचित नहीं ठहराए जा सकते। प्रदर्शनकारियों को यह भी याद रखना होगा कि नरसल्लाह और इजरायल के बीच दुश्मनी ठीक उसी तरह की थी, जिस तरह अमेरिका की अल कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन के साथ थी। इसलिए नरसल्लाह की मौत इजरायल के लिए सबसे बड़ी जीतों में एक है। अनेक अवसरों पर इजराइल के नागरिकों एवं सैनिकों की मौत में हिजबुल्लाह की भूमिका रही है। भारत की सड़कों पर हो रहे इन प्रदर्शनों से कुछ सवाल एक बार फिर उभरकर सामने आते हैं कि भारत के मुसलमान उग्रवादियों के साथ खड़े होकर आखिर क्या संदेश देना चाहते हैं? क्या अभी भी भारत के मुसलमानों के लिए देश से बढ़कर 'ब्रदरहुड' है? याद हो, जब देश में अंग्रेजों के विरुद्ध एकजुट होकर लड़ने का समय था तब भारत का मुसलमान तुर्की में खिलाफत के लिए यहाँ की सड़कों पर प्रदर्शन कर रहा था। बाद में, जब खिलाफत आंदोलन असफल हुआ तो कट्टरपंथी मुसलमानों के गुस्से का शिकार हिन्दुओं को होना पड़ा था। दुनिया में कहीं भी इस्लाम के नाम पर कुछ होता है, भारत की सड़कों पर प्रदर्शन शुरू हो जाता है, भले ही भारत का उससे कोई लेना-देना न हो। सोचने की बात यह है कि इस प्रकार के प्रदर्शन तब नहीं होते जब कट्टरपंथी मुस्लिम बामियान में भगवान बुद्ध की प्रतिमाओं को तोड़ते हैं। सड़कों पर कैंडल मार्च तब भी नहीं निकाले जाते, जब अफगानिस्तान से सिख समुदाय के बंधुओं को सिर पर श्रीगुरुग्रंथ साहिब को रखकर भागने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यह प्रदर्शन तब भी नहीं होते जब बांग्लादेश में कट्टरपंथी मुस्लिम हिन्दुओं के घर और मंदिरों को आग के हवाले करते हैं। आखिर ऐसा क्या है जो कट्टरपंथियों की मौत पर मुसलमानों को एकजुट कर देता है लेकिन यही वर्ग कट्टरपंथियों के नृशंस अपराधों पर चुप रहता है? हिजबुल्लाह प्रमुख नसरल्लाह की मौत पर अचानक से भारत की सड़कों पर हो रहे प्रदर्शनों के औचित्य को समझना ही होगा।


हैरानी की बात है कि भारत में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने अपने घरों पर काले झंडे लगाए। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पोस्टर जलाए और नारेबाजी की। मजलिस पढ़कर नसरल्लाह की मौत पर मातम मनाया। शिया समुदाय ने 3 दिन शोक मनाने का ऐलान किया है। नारे लगाए जा रहे हैं- "हसन नसरल्लाह जिंदाबाद" और "आग लगा दो- अमेरिका को आग लगा दो'। नसरल्लाह की मौत पर प्रदर्शन कर रही जम्मू-कश्मीर की छात्रा कहती है- "आपने एक हिजबुल्लाह को मारा है अब हर घर से हिजबुल्लाह निकलेगा"। जबकि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने तो एक दिन के लिए अपना चुनाव प्रचार अभियान ही रद्द कर दिया। माना कि शिया मुसलमानों में उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह के प्रति गहरा जुड़ाव है। लेकिन इसका यह अभिप्राय नहीं होना चाहिए कि भारत का शिया समुदाय सड़कों पर उतरकर नसरउल्लाह की मौत का मातम मनाए और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पोस्टर जलाए। हिजबुल्लाह और इजराइल के बीच लड़ाई में भारत की स्थिति गुट निरपेक्ष देश की है। लेकिन किसी को यह भी नहीं भूलना चाहिए कि इजराइल भारत का मित्र देश है। भारत की सड़कों पर इजराइल के विरुद्ध प्रदर्शन उचित नहीं ठहराए जा सकते।


### यूपी में यूपीआईटीएस का भव्य आयोजन होना मामूली बात नहीं है

## यूपीआईटीएस जैसे आयोजनों से यूपी की बन रही नई पहचान

उमेश चतुर्वेदी


राज्य के तेजी से विकसित हो रहे ग्रेटर नोएडा शहर में 25 से 29 सितंबर तक चले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में देशभर की बड़ी कंपनियों का जुटान यह बताने के लिए काफी है कि राज्य में निवेश और कारोबार को लेकर भरोसा बढ़ रहा है। चार दिनों तक चले यूपीआईटीएस का आयोजन 15 हॉल में किया गया था। वैसे तो अपने आप में सभी हॉल यूपी में आ रहे बदलाव और उसमें कारोबार और निवेश की दुनिया के दिग्गजों की दिलचस्पी की कहानी कह रहे थे। लेकिन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है, यूपी इन्वेस्ट का हॉल, जिसमें देश के तकरीबन सभी अहम क्षेत्रों की कंपनियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।


**पिछली** सदी के अस्सी के दशक में जिस उत्तर प्रदेश को बीमारू कहकर उपहास उड़ाया जाता था, उसी यूपी में यूपीआईटीएस का भव्य आयोजन होना मामूली बात नहीं है। राज्य के तेजी से विकसित हो रहे ग्रेटर नोएडा शहर में 25 से 29 सितंबर तक चले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में देशभर की बड़ी कंपनियों का जुटान यह बताने के लिए काफी है कि राज्य में निवेश और कारोबार को लेकर भरोसा बढ़ रहा है। चार दिनों तक चले यूपीआईटीएस का आयोजन 15 हॉल में किया गया था। वैसे तो अपने आप में सभी हॉल यूपी में आ रहे बदलाव और उसमें कारोबार और निवेश की दुनिया के दिग्गजों की दिलचस्पी की कहानी कह रहे थे। लेकिन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है, यूपी इन्वेस्ट का हॉल, जिसमें देश के तकरीबन सभी अहम क्षेत्रों की कंपनियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। जिनमें देश की अग्रणी अडानी, अंबानी, रिलायंस, लुलु हाइपर मार्केट, वाइब्स जैसी कंपनियां शामिल रहीं।

इस आयोजन में एक पूरा और एक्स्क्लूसिव हॉल इलेक्ट्रॉनिक्स का रहा, जिनमें देश के 100 से अधिक स्टार्टअप्स और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए और लोगों को अपनी तरक्की से प्रभावित किया। साल 2018 में राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने स्थानीय उत्पादों को बाजार और पहचान मुहैया कराने के लिए एक जिला, एक उत्पाद नाम से योजना शुरू की थी। जिसे संक्षेप में ओडीओपी के नाम से जाना जाता है। यूपीआईटीएस के इस आयोजन में ओडीओपी के लिए भी अलग से हॉल तैयार था, जिसमें राज्य के सभी 75 जिलों के 325 उत्पादक अपने स्थानीय विशेष उत्पादों के साथ मौजूद रहे। गौर करने की बात यह है कि इनमें काफी संख्या महिलाओं की रही। इस योजना के जरिए अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचा रहे कुछ दिव्यांग कारोबारी भी इसमें शामिल थे। इस आयोजन में



पशुधन विकास, दुग्ध उद्योग, मत्स्य पालन, कृषि उत्पाद और खाद्य संरक्षण की भी कंपनियां शामिल रहीं और अपने उत्पादों को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। इस आयोजन में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र फूड प्रोसेसिंग वाला हॉल रहा, जहां उत्तर प्रदेश के स्थानीय खाद्य उत्पादों और व्यंजनों को बतौर नमूने प्रस्तुत किया गया। लोगों ने उनके स्वाद का भरपूर लुत्फ उठाया और उनकी खरीददारी भी की।

इस आयोजन का 14 और 15 नंबर का हॉल निर्यातकों के लिए विशेष तौर पर आरक्षित था। जिसमें उत्तर प्रदेश के करीब सभी निर्यात होने वाले उत्पाद प्रदर्शित किए गए। ये हॉल विदेशी ग्राहकों को सबसे ज्यादा लुभाते दिखे। यहां जमकर खरीददारी भी हुई और ऑर्डर भी मिले। यहां यह भी बताना जरूरी है कि इसे देखने के लिए दुनियाभर से करीब 400 लोगों को आमंत्रित किया गया था। हालांकि कुछ विदेशी ग्राहक ऐसे भी थे, जो खुद यहां पहुंचे। विदेशी ग्राहकों और कंपनियों को यहां राज्य के उत्पादकों और निर्यातको को कारोबारी बैठक के लिए सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। जिसका राज्य को फायदा भी हुआ और करोड़ों रुपए के ऑर्डर भी मिले। ऊर्जा, नवीकरण ऊर्जा, और रक्षा उत्पाद को भी इस हॉल में प्रदर्शित किया गया था।

इस आयोजन में शिक्षा से जुड़ी तमाम संस्थाएं जिनमें कुछ बड़े विश्वविद्यालय भी शामिल थे, ने युवाओं को अपनी सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दी। पांच दिनों तक चले इस आयोजन में पांच सत्रों का आयोजन किया गया, जो ई कॉमर्स ट्रेंड्स और अवसर, नवाचार और स्टार्टअप्स, देश की निर्यात क्षमता, आदि पर आधारित थे। इस आयोजन में रोजाना शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी प्रस्तुत किया गया। पांच दिनों के इस आयोजन में यहां आए लोगों को जौनपुर और लखनऊ के टुंडे कबाब, बलिया का लिट्टी-चोखा, कानपुर की चाट, खुर्जा की खुरचन, आगरा का पंछी पेठा, मथुरा का पेड़ा और बनारस का पान आदि राज्य के खांटी देसज व्यंजनों का स्वाद भी चखने को मिला।

इस आयोजन की उपलब्धि ही कही जाएगी कि आयोजन के चौथे दिन उद्यमियों को अमेरिका, फ्रांस और जापानी कंपनियों से 100 करोड़ रुपए से अधिक के ऑर्डर प्राप्त हुए। इस दौरान बिरला एयरकॉन और सोनी के बीच जहां 50 करोड़ का करार हुआ, वहीं मदरसन कंपनी को 25 करोड़ के ऑर्डर मिले। इसी तरह आइसक्रीम की मशहूर कंपनी वडीलाल और जैन शिकंजी को 10-10 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले। पूरे आयोजन में करीब 5 लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।

यूपीआईटीएस 2024 का सहयोगी आयोजक वियतनाम रहा। जिसके राजदूत की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान वियतनाम ने राज्य में खाद्य प्रसंस्करण एवं आईटी के क्षेत्र में निवेश को लेकर उत्सुकता जाहिर की। इस मौके पर पिछले साल यानी 2023 के आयोजन की याद आना स्वाभाविक है। तब आयोजन के पहले दिन यानी 21 सितंबर को अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली थी, हालांकि बाद के हर दिन को लोगों के आने का सिलसिला बढ़ता ही गया। दूसरे दिन 48 हजार लोग मेले में पहुंचे थे। वहीं तीसरे दिन मेले में आने वालों की संख्या बढ़कर 70 हजार पहुंच गई। चौथे दिन 88 हजार से अधिक जबकि पांचवें और अंतिम दिन संख्या 90 हजार के पार पहुंच गई।

बहरहाल यूपीआईटीएस के बीते आयोजन में राज्य के हस्तशिल्प उद्योग को नई उड़ान मिली है। इस दौरान राज्य के हस्तशिल्प उत्पादों की जबरदस्त खरीदारी हुई। इस आयोजन के दौरान 75 हजार कारोबारी निर्यात के ऑर्डर भी मिले। इससे ऐसा लगता है कि राज्य के लघु उद्योगों को नई पहचान मिल रही है। इस बार का आयोजन पिछली बार की तुलना में एक कदम आगे रहा है। कभी उत्तर प्रदेश को भदेस और उसके उत्पादों को उपहास की नजर से देखा जाता था। लेकिन यूपीआईटीएस जैसे आयोजनों के चलते उत्तर प्रदेश की पहचान भदेस से निकल रही है और राज्य नए सिरे से ना सिर्फ अपनी पहचान हासिल करता दिख रहा है, बल्कि राज्य के हस्तशिल्प और दूसरे उत्पादों को वैश्विक बाजार मिलता दिख रहा है।

दृष्टि कोण

## अब राशन की चिंता से मुक्त हो रहे हैं प्रवासी मज़दूर

**देश** में रोज़गार प्रमुख समस्या बनी हुई है। इसका सबसे अधिक प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों में नज़र आता है। गांव में रहने वाली एक बड़ी आबादी रोज़गार की तलाश में अन्य राज्यों में प्रवास करती है। ऐसे में इनके सामने अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी के साथ साथ सबसे बड़ी चुनौती जन वितरण प्रणाली द्वारा मिलने वाला राशन होता है। जिसके लाभ से ये मज़दूर अक्सर वंचित हो जाते हैं। चूंकि राशन कार्ड गांव में बना होता था, ऐसे में प्रवास के कारण वह अन्य स्थान पर इससे मिलने वाला सस्ता राशन का लाभ उठा नहीं पाते थे। लेकिन केंद्र सरकार की 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' योजना ने इन प्रवासी मज़दूरों की समस्या को दूर कर दिया है। अब यह मज़दूर अपने प्रवास स्थान पर भी अपने राशन कार्ड के माध्यम से सस्ता अनाज खरीद कर परिवार का भरण पोषण करने में सक्षम हो रहे हैं। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए देश भर में एक केंद्रीय डेटाबेस विकसित किया गया है, जिसमें हर पात्र व्यक्ति का डाटा संग्रहित होता है। यह योजना 'डिजिटल इंडिया' की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि इससे राशन वितरण में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है। इसके माध्यम से श्रमिक अब जहां भी प्रवास करते हैं, वहीं अपने हिस्से के राशन का लाभ उठा रहे हैं। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के एक ईंट भट्टे पर काम करने वाले लोकेश रविदास बताते हैं कि "मैं उत्तर प्रदेश के चित्रकूट का रहने वाला हूं और पिछले 20 वर्षों से परिवार के साथ काम की तलाश में राजस्थान सहित अन्य राज्यों में करता रहता हूं। जहां स्थानीय दुकानदार से राशन खरीद कर लाना पड़ता था। जो अक्सर महंगा होता था। लेकिन अब काम की जगह पर ही मेरे परिवार को पीडीएस के माध्यम से सस्ता राशन मिल जाता है। लोकेश बताते हैं कि मैं पिछले 2 साल से भीलवाड़ा के ईंट भट्टे पर काम कर रहा हूं, वहां मुझे अपना राशन स्थानीय राशन की दुकान से उपलब्ध हो जाता है।" वह बताते हैं कि पहले लंबे प्रवास के कारण गांव के राशन लिस्ट से हमारा नाम भी काट दिया जाता था। जिसे दोबारा शुरू कराने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे। लेकिन अब इस योजना के कारण हमें हमारे काम की जगह और गांव में भी राशन की सुविधा मिल जाती है। इसी ईंट भट्टे पर काम करने वाले बिहार के बांका जिले के प्रमोद मांझी बताते हैं कि पीडीएस से राशन प्राप्त करने के लिए अब हमें बार बार गांव जाने की ज़रूरत नहीं पड़ती है। हम मजदूर यहीं काम करते हैं और पास के गांव से सस्ता राशन भी प्राप्त करते हैं, जिससे मेरे परिवार पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ भी कम हो गया है। वह बताते हैं कि पहले जब साल दो साल पर हम अपने गांव वापस जाते थे तो सरकारी राशन दुकान का मालिक कहता था कि दो साल से राशन नहीं लेने की वजह से तुम्हारा नाम काट दिया गया है। लिस्ट में दोबारा नाम जुड़वाने के लिए ऑफिस के चक्कर लगाने होंगे। इससे हमें आर्थिक और मानसिक दोनों रूप से परेशानी होती थी। लेकिन अब केवल कार्यस्थल के पास ही नहीं, बल्कि वापस गांव जाने पर भी सरकारी राशन से अनाज मिल जाता है। प्रमोद कहते हैं कि इस योजना ने रोज़गार के लिए अन्य राज्यों में प्रवास करने वाले हम जैसे मज़दूरों के जीवन को आसान बना दिया है। हम पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को भी कम कर दिया है। वन नेशन, वन राशन योजना ने देश के कमजोर वर्गों को एक मज़बूत खाद्य सुरक्षा प्रदान की है, क्योंकि अब कोई भी व्यक्ति देश के भीतर किसी भी समय और कहीं भी अपनी आवश्यकता के अनुसार राशन प्राप्त कर सकता है। इस योजना से पहले खाद्य सुरक्षा वाले लाभार्थी केवल अपने पैतृक गांव में दर्ज राशन कार्ड से ही सस्ता अनाज खरीद सकते थे। वहीं उनके प्रवास के बाद लंबे समय तक राशन नहीं लेने के कारण गांव में दर्ज राशन लिस्ट से उनका नाम भी काट दिया जाता था।

कुछ अलग

## बिहार में तीसरी धुरी बनने की कवायद

**बिहार** की राजनीति में एक और पार्टी का उदय हुआ है। चुनावी रणनीति और चक्रव्यूह रचने वाले प्रशांत किशोर अब स्वयं अपनी पार्टी बनाकर मैदान में उतरे हैं। सुराज नाम की यह पार्टी एकाएक राजनीति के समर में नहीं उतरी है। प्रशांत किशोर ने इसके लिए लंबी तैयारी की है। पदयात्रा करके बिहार के ओर-छोर को नापा है। बिहार की सियासत के तमाम समीकरणों को अपने तराजू पर तोला है। बहरहाल, इतना तय है कि यह पार्टी अपने कुछ अलग तेवरों के साथ होगी और इसने बिहार की राजनीति में प्रभाव रखने वाली तमाम पार्टियों को इसके बारे में सोचने को विवश किया है। अभी यह भी साफ नहीं है कि यह पार्टी किसके जनाधार पर सेंध लगा सकती है। कांग्रेस आरजेडी को अपने मुस्लिम मतदाताओं को एकजुट रखने की चिंता है। बीजेपी पिछड़े और सवर्ण मतदाताओं को बिखरने नहीं देना चाहती। सत्ता में बीजेपी के साथ सहभागिता करने वाली जेडीयू को पिछड़ों, अति पिछड़ों पर अपने प्रभाव को कायम रखने की जद्दोजहद है। भारत के सियासी दलों के लिए चुनावी रणनीति तैयार करने वाले प्रशांत किशोर जब अपनी पार्टी लेकर आए हैं, तब कई तरह की कसौटियां उनके सामने भी हैं। चुनावी रणनीति बनाना और चुनाव के समर में उतरना दो अलग-अलग पहलू हैं। चुनाव के पैंतरों को समझकर राजनीति में सब कुछ हासिल होता तो देश की सियासत को बखूबी समझने वाले राजनीतिक समीक्षक सियासत की पारियां भी खेल रहे होते। लेकिन सियासत का जमीनी संघर्ष बहुत अलग होता है। इसलिए कई सामाजिक आंदोलन करने वाले भी सियासत से जूझते रहने और सफल आंदोलनों के बाद भी खुद सियासत का हिस्सा नहीं बन पाते। साथ ही यह भी समझना होगा कि प्रशांत किशोर ने राजनीति की शुरुआत के लिए उस बिहार को चुना है जहां सियासत हमेशा उलझी हुई रही है। जातीय और क्षेत्र के उलझे समीकरण रहे हैं। ऐसा नहीं है कि केंद्र या राज्य में स्थापित हुई सियासी पार्टियों को कोई नई पार्टी चुनौती नहीं दे सकती। तेलुगू स्वाभिमान के नारे पर 1982 में एनटी रामाराव ने तेलुगूदेशम की स्थापना की थी। इसने आंध्र प्रदेश में कांग्रेस के वर्चस्व को समाप्त किया था। एनटी रामाराव की राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं थी। लेकिन कुछ ही समय में उनकी स्थापित की हुई पार्टी ने सत्ता हासिल की। आज भी आंध्र प्रदेश में तेलुगूदेशम का परचम लहरा रहा है। वर्ष 2012 में अरविंद केजरीवाल ने जिस आम आदमी पार्टी को स्थापित किया वह एक साल में ही सत्ता में आ गई थी। इस समय भी दिल्ली व पंजाब में आप की सरकार है। लेकिन इन पार्टियों की अगर बिहार में सुराज पार्टी से तुलना करें तो कुछ परिस्थितियों में अंतर दिखता है। निस्संदेह दिल्ली में आप की सफलता में अन्ना हजारे के आंदोलन का प्रताप था। भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना के आंदोलन का ज्वार ऐसे उठा कि केजरीवाल और उनके साथियों को सियासत का एक प्लेटफार्म मिल गया। ऐसे में अगर बिहार की ओर देखें तो प्रशांत किशोर के सामने पार्टी को सामने रखकर जनता को झकझोरने वाला नया मुद्दा या नारा नहीं दिखता। प्रशांत किशोर सियासी बिसात बिछाने के समीकरणों को तैयार करने के मास्टर हो सकते हैं लेकिन बिहार में बड़ी उथल-पुथल के लिए उन्हें जनता को झकझोरने के लिए किसी बड़े नारे की जरूरत होगी। बिहार की सियासी पार्टियां और राजनीतिक सूरमा इस बात का आकलन कर रहे हैं कि सुराज उन्हें कहां नुकसान पहुंचा सकती है और कहां सुराज की मौजूदगी उनके हित में हो सकती है।

देश दुनीया से

## जीवन की सुरक्षा और स्वतंत्रता का अतिक्रमण


अभूतपूर्व तकनीकी प्रगति का युग शुरू किया है, जिससे हमारे रहने, काम करने और बातचीत करने के तरीके बदल गए हैं। जबकि ये नवाचार कई लाभ लाए हैं, इन्होंने गोपनीयता, नागरिक स्वतंत्रता और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं के क्षरण के बारे में भी गंभीर चिंताएं उठाई हैं। लेकिन निगरानी का बढ़ता सिलसिला हमारी आधुनिक दुनिया का एक अभिन्न अंग बन गया है। निगरानी, जो कभी केवल कानून प्रवर्तन और राष्ट्रीय सुरक्षा तक सीमित थी, ने अब ऑनलाइन व्यवहार की ट्रैकिंग करने से लेकर भौतिक आंदोलनों की निगरानी तक कई प्रकार की गतिविधियों को शामिल करने के लिए विस्तार किया है।


**डिजिटल** युग के आगमन ने अभूतपूर्व तकनीकी प्रगति का युग शुरू किया है, जिससे हमारे रहने, काम करने और बातचीत करने के तरीके बदल गए हैं। जबकि ये नवाचार कई लाभ लाए हैं, इन्होंने गोपनीयता, नागरिक स्वतंत्रता और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं के क्षरण के बारे में भी गंभीर चिंताएं उठाई हैं। लेकिन निगरानी का बढ़ता सिलसिला हमारी आधुनिक दुनिया का एक अभिन्न अंग बन गया है। निगरानी, जो कभी केवल कानून प्रवर्तन और राष्ट्रीय सुरक्षा तक सीमित थी, ने अब ऑनलाइन व्यवहार की ट्रैकिंग करने से लेकर भौतिक आंदोलनों की निगरानी तक कई प्रकार की गतिविधियों को शामिल करने के लिए विस्तार किया है। सरकारें, कार्पोरेट और यहां तक कि व्यक्ति अब हमारे जीवन के बारे में बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र कर सकता है, जिससे हमारे गोपनीयता के अधिकार की सीमा और दुर्व्यवहार की संभावना के बारे में प्रश्न उठते हैं। निगरानी कैमरे अब सार्वजनिक स्थानों, सड़कों और स्टोरों से लेकर सरकारी भवनों तक में आम हो गए हैं। निःसंदेह, ये कैमरे अपराध को रोक सकते हैं और जांच में सहायता कर सकते हैं, लेकिन सार्वजनिक रूप से व्यक्तियों की निगरानी किस हद तक की जानी चाहिए, इसके बारे में भी प्रश्न उठाते हैं। चेहरे की पहचान प्रौद्योगिकी हाल के वर्षों में तेजी से विकसित हुई है, जिससे अधिकारियों को वास्तविक समय में व्यक्तियों की पहचान करने में सक्षम बनाया गया है। जबकि यह तकनीक कानून प्रवर्तन उद्देश्यों के लिए उपयोगी हो सकती है, इसने इसके दुरुपयोग की आशंका को भी बढ़ाया है। अध्ययन से पता चला है कि चेहरे की पहचान के एल्गोरिदम कुछ जनसांख्यिकी के खिलाफ पक्षपाती हो सकते हैं, विशेष रूप से रंग के लोगों के खिलाफ। यह पूर्वाग्रह भेदभावपूर्ण परिणामों में ले जा सकता है, जैसे गलत गिरफ्तारी या निरोध। सार्वजनिक स्थानों में चेहरे की पहचान प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग बड़े पैमाने पर निगरानी और गोपनीयता के क्षरण के बारे में चिंताएं उठाता है। कुछ आलोचकों का तर्क है कि निगरानी कैमरों का प्रसार एक 'पैनोप्टिकन प्रभाव' पैदा करता है, जहां व्यक्ति लगातार देखा जाना और निगरानी महसूस करते हैं, जिससे अभिव्यक्ति और व्यक्ति की स्वतंत्रता पर एक गहरा प्रभाव पड़ता है। निगरानी फुटेज का भंडारण और प्रतिधारण डेटा गोपनीयता और व्यक्तिगत जानकारी के दुरुपयोग की संभावना के बारे में चिंताएं उठाता है। पैनोप्टिकन प्रभाव एक सामाजिक सिद्धांत है जो यह बताता है कि जब लोग लगातार निगरानी में महसूस करते हैं, तो वे अपने व्यवहार को बदलने और अधिक अनुपालन करने की अधिक संभावना रखते हैं। यह शब्द जेरमी बेंथम द्वारा डिजाइन किए गए एक काल्पनिक जेल से लिया गया है, जहां एक केंद्रीय गार्ड टॉवर से सभी कैदियों को देख सकता था, जबकि कैदियों को यह नहीं पता था कि वे देखे जा रहे हैं या नहीं। इस सिद्धांत के अनुसार, जब लोग सोचते हैं कि वे निगरानी में हैं, तो वे अपने व्यवहार को समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप बनाने के लिए दबाव महसूस करते हैं। यह प्रभाव सत्ता के एक नये रूप में देखा जा सकता है, क्योंकि यह लोगों को नियंत्रित करने और उनके व्यवहार को बदलने के लिए उपयोग किया जा सकता है। निगरानी के लाभ निर्विवाद हैं। इसने अपराध, आतंकवाद और सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। निगरानी प्रणालियों ने अपराधियों की पहचान करने, हमलों को रोकने और बीमारियों के प्रसार को ट्रैक करने में मदद की है। इसके अलावा, उन्होंने ट्रैफिक प्रवाह में सुधार, संसाधन आवंटन का अनुकूलन और सार्वजनिक सुरक्षा बढ़ाने में योगदान दिया है। हालांकि, निगरानी के संभावित नुकसान भी उतने ही घातक हैं। व्यक्तिगत डेटा का बड़े पैमाने पर संग्रह रखना, मुक्त भाषण, संगति और असंतोष पर एक गहरा प्रभाव डाल सकता है। यह एक निगरानी समाज भी बना सकता है जहां व्यक्ति लगातार निगरानी महसूस करते हैं और अपनी अभिव्यक्ति की क्षमता में प्रतिबंधित महसूस करते हैं। इसके अलावा, निगरानी का उपयोग भेदभावपूर्ण या दमनकारी उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है, विशेष रूप से हाशिए के समूहों के खिलाफ। हाल के वर्षों में निगरानी के सबसे विवादास्पद पहलुओं में से एक सरकारों द्वारा बड़े पैमाने पर निगरानी कार्यक्रमों का कार्यान्वयन रहा है। इन कार्यक्रमों में फोन कॉल, ईमेल और इंटरनेट खोज जैसे व्यक्तिगत डेटा का व्यापक संग्रह और विश्लेषण शामिल है। जबकि समर्थक तर्क देते हैं कि ऐसे कार्यक्रम राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं, लेकिन यह नागरिक स्वतंत्रताओं के लिए खतरा भी है। निगरानी के लाभों और हानियों के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए, स्पष्ट और लागू होने योग्य गोपनीयता कानून स्थापित करना आवश्यक है। इन कानूनों को निगरानी की सीमाओं को परिभाषित करना चाहिए, व्यक्तियों के गोपनीयता के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि डेटा का संग्रह और उपयोग नैतिक रूप से किया जाता है।

आप का नजरीया

## सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी

**वर्तमान** परिदृश्य में जिस प्रकार की भू-राजनैतिक परिस्थितियां बन गई हैं, उसको देखते हुए अविलंब अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में परिवर्तन किया जाना चाहिए। अन्यथा ये संस्थाएं अप्रासंगिक हो जाएंगी। विश्व के अलग-अलग हिस्सों में आपसी संघर्ष एवं युद्ध की लपटें उठ रही हैं लेकिन संयुक्त राष्ट्र निष्प्रभावी दिखायी दे रहा है। संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्था की स्थापना मुख्य उद्देश्य ही विश्व में शांति एवं मानवाधिकारों की रक्षा करना है लेकिन क्या आज यह संस्था महान उद्देश्यों की पूर्ति में अपनी भूमिका का निर्वहन कर पा रही है? इस प्रश्न पर गंभीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में सुधार का मुद्दा लंबे समय से दुनिया के सामने है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दस वर्षों में संयुक्त राष्ट्र और उसकी सुरक्षा परिषद में बदलाव की बहस को आगे बढ़ाने का काम किया है, जिसका परिणाम है कि अब प्रगत देश भी इस पर विचार करने लगे हैं। अपने अमेरिकी प्रवास के दौरान जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी क्वाड समिट में सहभागी हुए तब उनकी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी हुई। इस वार्ता में सबसे बड़ी बात यह निकलकर आई है कि अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। राष्ट्रपति बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी से बैठक में कहा है कि अमेरिका भारत की महत्वपूर्ण आवाज को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार की पहल का समर्थन करता है। इसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता भी शामिल है। भारत के लिए अमेरिका का यह मत बहुत अहम है क्योंकि उसकी ओर से बीते कई वर्षों से सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्या की मांग की जा रही है। हालाँकि, प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों फ्रांस, रूस, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन में से शेष सभी देश भारत के पक्ष में हैं। केवल चीन ही भारत की स्थायी सदस्यता में रोड़े अटकाता है। अमेरिका से पूर्व फ्रांस, रूस और ब्रिटेन भी भारत को स्थायी सदस्यता दिए जाने का समर्थन कर चुके हैं। क्वाड समिट में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सीटें बढ़ाने, इसमें सुधार और इसे अधिक जवाबदेह बनाने के लिए व्यापक स्तर पर चर्चा हुई है। क्वाड नेताओं ने अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन देशों को भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का दिए जाने की मांग की है। हालांकि भारत पहले ही यह बात कई मंचों से कह चुका है कि बदली हुई वैश्विक परिस्थितियों में इस प्रकार के छोटे देशों को भी संयुक्त राष्ट्र में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी मिलनी चाहिए ताकि ये देश अपनी बातों को प्रभावी ढंग से दुनिया के सामने ला सकें। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा के 'समिट ऑफ द फ्यूचर' को संबोधित करते हुए बहुत महत्वपूर्ण बात कही है- "मानवता की सफलता मिलकर काम करने में है। जंग के मैदान में नहीं। दुनिया की शांति के लिए वैश्विक संस्थाओं में बदलाव जरूरी हैं"। देखना होगा कि संयुक्त राष्ट्र संघ में अपेक्षित सुधारों के लिए भारत का अभियान कब रंग लाएगे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजनान्तर्गत स्वीकृत सभी लाभार्थियों को तृतीय किस्त का भुगतान कार्यक्रम

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता हुए शामिल, लाभुकों के बीच हुआ स्वीकृति पत्र का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा** : मंगलवार को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजनान्तर्गत स्वीकृत सभी लाभार्थियों को तृतीय क़िस्त का भुगतान कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय सभा कक्ष में की गई। जिसमे राज्य के मंत्री उद्योग विभाग व श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार श्री सत्यानंद भोक्ता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और मौके पर कुल 6 झारखंड मुख्य मंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया।मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता ने उपस्थित पदाधिकारी कर्मियों व लाभुकों को दुर्गापूजा, दीपावली व छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा राज्य सरकार का उद्देश्य अंतिम पायदान पे बैठे लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसके लिए अभियान मोड में पंचायत और ग्राम स्तर पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर लाभुकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य किया गया। साथ ही समस्याओं का भी ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ सबसे पहले 21 से 50 वर्ष की बहनों को देने का कार्य किया गया, जिसमे 1000 रुपया प्रति माह सीधे लाभुकों के खाते में दिया जा रहा है। सरकार द्वारा इसमें संशोधन करते हुए 18 से 50 वर्ष की बहनों को भी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। आवासहीन को अबुआ आवास योजना का लाभ वहीं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभुकों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने बताया कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए मुख्यमंत्री झारखंड सरकार श्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा 15 से 20 दिनों के अंदर लक्ष्य के अनुरूप आवेदन प्राप्त कर स्वीकृत करने का कार्य किया गया। अगस्त माह में 1,38,237 लाभुकों को क़िस्त की राशि दी गई। सितंबर माह में 1,65,350 लाभुकों को, वहीं अक्टूबर माह में तृतीय क़िस्त की राशि देने का कार्य किया जा रहा है जिसमे कुल 178235 शामिल हैं। वहीं 18 से 21 वर्ष की उम्र की 4478 बहनों के खाते में सीधी राशि भेजने का कार्य किया जा रहा है। अभी तक कुल 210028 आवेदन प्राप्त हुए हैं, 25724 लंबित है, 182694 को एप्रूव किया जा चुका है। 1610 आवेदन को अस्वीकृत किया गया है।उक्त कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी विनय कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।



## महिला पर्यवेक्षिका ने किया आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण, सेविका को दिया कई दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज** : प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत डाहा पंचायत ढेबों उत्तरी आंगनबाड़ी केंद्र का महिला पर्यवेक्षिका अन्विता सिन्हा ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिलाओं से बात करते हुवे TRH पैकेट कितना पैकेट मिलता है उसके बारे में जानकारी ली वही कुछ महिला ने 2 तो कुछ ने 4 पैकेट सेविका द्वारा देने की बात कही। महिला पर्यवेक्षिका ने सेविका से कही कि अंगनबाड़ी केन्द्र पर झारखण्ड सरकार द्वारा THR पोषाहार वितरण किए जा रहा है पोषाहार में किसी भी प्रकार की लापरवाही व अनियमिता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने केन्द्र पर चिहिन्त गर्भवती धात्री महिलाओं व कुपोषित बालकों को हर माह 4 पैकेट तैयार खाना वितरण करने के निर्देश दी साथ ही वितरण किए जा रहे पोषाहार प्राप्त करने वाली महिलाओं के ही प्राप्ति रजिस्टर में हस्ताक्षर कराकर ही पोषाहार वितरण करें तथा वितरण में पूरी तरह से पारदर्शिता अपनाएं। वही आंगनबाड़ी केंद्र सेविका ने बताई की कुछ महिलाओं को आधार ऑनलाइन नही हुवा था जिसके वजह से दिक्कत हुवी थीं अब सभी महिलाओं का आधार ऑनलाइन हो चूका है अब सभी को THR 4 पैकेट दिया जायेगा। मौके पर कुमारी माधवी, रत्ना कुमारी कागरा , संजय पासवान, कन्हाय पासवान, रीना देवी, पवन कुमार, मदन यादव,नैना कुमारी, नीतू कुमारी, मंजू देवी, आशा देवी, सहित दर्जनों ग्रामीण महिलाएं मौजुद थी।

## जेबीकेएसएस पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष को गिद्धौर में अंगवस्त्र देकर किया स्वागत



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी खतियान संघर्ष समिति पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो मंगलवार को चतरा जाने क्रम में गिद्धौर मुख्य पहुंचे। जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने ग्रम जोशी के साथ अंग वस्त्र दे सम्मानित किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा अमर रहे, जेएलकेएम जिंदाबाद, टाइगर जयराम महतो जिंदाबाद, देवेंद्रनाथ महतो जिंदाबाद, जय जय जय जय झारखंड समेत कई नारा लगा रहे थे। मौके पर पार्टी के प्रदीप कुमार मौर्य, राजेश कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष शशि कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष मनु कुमार, प्रखंड महामंत्री सुमित कुमार, दर्शन दांगी, पवन कुमार, संदीप कुमार, दीपक कुमार, हिमांशु कुमार, द्रविड़ कुमार, आकाश कुमार, समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## श्रद्धा और भक्ति के साथ दुर्गा पूजा देलहो में मनाया जा रहा है



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के देलहो मुख्य चौक पर दुर्गा पूजा श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। पूजा को भव्य बनाने के लिए चौक के चारों तरफ जगमगाहट लाइट की पूरी व्यवस्था की गई है। जिसे रात्रि को देख बहुत हीं मनमोहक व खूबसूरत दृश्य देखने को मिल रहा है साथ हीं श्रद्धालुओ की काफी भीड़ लगी हुई है। पूजा संचालन के लिए एक कमिटी बनाई गई है जिसमें अध्यक्ष प्रवीण चंद पाठक, सचिव छोटू यादव, उपाध्यक्ष टिकुली बिरहोर के अलावे मौके पर शंकर यादव, अशोक कुमार गुप्ता बीरेंद्र यादव, पारस यादव, मुकेश यादव, शैलेश मिश्रा आचार्य, गोल्डी गुप्ता, मोंटी गुप्ता, शिवम् कुमार, प्रदीप कुमार, छोटू यादव, करण राणा, निरंजन गुप्ता गणेश लाल गुप्ता, नीरज सिंह शामिल हैं।

## शारदीय नवरात्र में हुआ गरबा डांडिया नृत्य का आयोजन

**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में शारदीय नवरात्र के पवन अवसर पर गरबा डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। डांडिया गरबा उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी उदल राम व थाना प्रभारी आलोक रंजन ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर एंव फीता काटकर कर शुभ आरंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी उदल राम ने कहा कि शारदीय नवरात्र में ऐसे आयोजन होने से बच्चों में उत्साह व ऊर्जा का संचार बढ़ता है। वही श्री श्री दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष महेंद्र दांगी ने कहा कि यह हर वर्ष दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर दुर्गा पूजा समिति के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित की जाती है। जिससे प्रखंड के नन्हे मुन्ने बच्चे व कलाकारों के द्वारा भक्ति व देश भक्ति संगीत, नित्य, गरबा डांडिया किया जाता है। महेंद्र दांगी ने बताया कि बुधवार के रात्रि से वृंदावन के संतों के द्वारा भागवत कथा का आयोजन की जाएगी। मौके पर थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने से कलाकारों का नन्हे मुन्ने बच्चों का मनोबल बढ़ता है साथ ही मानसिक विकास भी होती वहीं बड़े प्रखंड वासियों ने गरबा डांडिया नृत्य का आंनद लिया। उन्होंने कहा पूरी नवरात्र सीसीटीवी कैमरा के निगरानी में हैं। जिससे कोई भी असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। मौके पर इस कार्यक्रम में सिंघानी मुखिया राधिका देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश दांगी, चूरामन प्रजापति, जितेंद्र साहू, समाजसेवी सनोज दांगी, संजय दांगी, मोहन प्रजापति, मधु चन्द्र कुमार, मुकेश दांगी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# श्रद्धालुओं ने वेल्वर्ण मां का दिया न्यौता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर** : प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों में मंगलवार को गाजे बाजे के साथ वेल्वर्ण मां का न्योता दिया गया। वही गिद्धौर ठाकुरवाड़ी में शारदीय नवरात्र का पूजन के छठे दिन माता कात्यानी देवी का पूजा अर्चना किया गया। पूजा अर्चना के बाद गाजे बाजे के साथ वेल पेंड पास पहुंच, मां दुर्गा पूजा के मुख्य पुजारी ने विधिवत पूजा अर्चना कर वेल्वर्ण माँ का न्यौता दिया। वहीं पंडितों ने बताया कि बुधवार सुबह वेल्वर्ण मां का विधिवत पूजा अर्चना कर दुर्गा मंडप में लाकर माता कालरात्रि का पूजा अर्चना के साथ मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा भी किया जाएगा।साथ ही माता रानी की पट खोल दिया जायेगा। मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष राकेश कुशवाहा, उपाध्यक्ष परनाथ दांगी, सचिव मुकेश कुमार, प्रभात कुमार सोनू, कोषाध्यक्ष मंटू कुमार, मीडिया प्रभारी घनश्याम कुमार दास, प्रवक्ता मनोज वर्मा, प्रमेश्वर दांगी, मुखिया, निर्मला देवी, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, समाजसेवी, निरंजन दांगी, वैधनाथ दांगी, सतेंद्र दांगी, विकाश कुमार, विक्की कुमार, दीपक कुमार, यदुनंदन पांडेय, बिनोद ठाकुर समेत महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

# नए बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने विनय कुमार से लिया पदभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया** : सिमरिया के नये बीडीओ के रुप मे चंद्रदेव प्रसाद ने मंगलवार को देर शाम पदभार निवर्तमान बीडीओ विनय कुमार से पदभार ग्रहण कर लिया है। बीडीयो विनय कुमार ने बुके देकर नये बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद को स्वागत किया है। साथ ही विनय कुमार को प्रखंड कार्यालय के कर्मियों ने विदाई दी है। मौके पर विनय कुमार ने कहा कि उनके कार्यकाल में सभी का भरपूर सहयोग मिला है यहां के लोग व्यवहार कुशल हैं। वहीं पदभार ग्रहण कर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि वे सभी के सहयोग से विकास कार्यों को और गति देगें। सुदुवृति ग्रामीण इलाकों तक विकास योजनाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होगी। हालांकि बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद के लिए सिमरिया कोई नया क्षेत्र नहीं है। इसके पूर्व वें सिमरिया में अंचलाधिकारी के पद पर 5 जुलाई 2017 से29 अगस्त 2018 तक कार्यरत रह चुके हैं।



## पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामविलास पासवान की मनाई गई पुण्यतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार** : मंगलवार को अपराह्न 1:00 बजे लोक जनशक्ति पार्टी के जिला कार्यालय लातेहार में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान की पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर राजेंद्र पासवान जिलाध्यक्ष, शिवनंदन पासवान, राधिका पासवान, नागेंद्र प्रसाद जिला उपाध्यक्ष एवं सीताराम पासवान, महेश पासवान, आनंद पासवान शिव दर्शन पासवान सहित सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्षों व अन्य कार्यकर्ताओं ने पुण्यतिथि कार्यक्रम में भाग लिये।

# विश्व मानसिक दिवस के अवसर पर म्यूजिकल बॉल गेम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार** : सदर हॉस्पिटल लातेहार के सभागार में मंगलवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विश्व मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता माह के तहत सिविल सर्जन लातेहार द्वारा दीप प्रज्वलित कर जागरूकता माह का आयोजन किया गया। साथ ही तनाव मुक्ति हेतु म्यूजिकल बॉल गेम का भी आयोजन किया गया।इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह के द्वारा कार्यक्रम का मूल उद्देश्य की जानकारी दी गई।संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मानसिक तनाव से स्वयं बचा सकता है यदि अपना कार्य पूरी ईमानदारी एवं सकारात्मक सोच के साथ करें। तनाव मुक्त रहने के लिए इमानदारी से काम करें।आप लोग हमेशा तनाव मुक्त होकर कार्य करें।आप अच्छे कार्य करेंगे तो आपको उसका अच्छा परिणाम निश्चित रूप से आपको मिलेगा। इस मौके पर डॉ शोभना टोप्पो जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी एन.सी.डी. उपाधीक्षक, डॉक्टर अखिलेश्वर प्रसाद डॉ सुदामा राम क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट सोनाली द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में वृहत जानकारी दी गई। इस अवसर पर नागेंद्र कुमार रोहित कुमार सिंह राहुल कुमार मिनी रानी सुनील कुमार उपस्थित थे।




## गोगो दीदी योजना के नाम से कोई योजना संचालित नहीं : बीडीओ



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में गोगो दीदी योजना के तहत आवेदन प्रपत्र भरवाया जा रहा है, जिसे लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नंद कुमार राम ने प्रखंड कार्यालय से सूचना ( ज्ञापांक -1236 दिनांक 07.10.2024) जारी कर कहा है कि- प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों से यह सूचना प्राप्त हो रही है कि कुछ लोगों के द्वारा गोगो दीदी योजना के नाम से 2100/- रू0 प्रति महिला को लाभ देने हेतु आवेदन प्रपत्र भरवाया जा रहा है। इस संबंध में एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातू में गोगो दीदी योजना के नाम से कोई भी योजना संचालित नही है, और न ही प्रशासन द्वारा कोई आवेदन प्रपत्र जारी किया गया है। साथ ही उन्होंने आम लोगों से ऐसे भ्रामक विज्ञापन से सावधान रहने की अपील किया है।

## बरवाडीह में अल्ट्राटेक बिल्डिंग सोल्यूशन्स शॉप का विधायक ने किया उद्घाटन



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के मेदिनीनगर मुख्य सड़क ठुठाकुसुम शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के समीप सोमवार को अल्ट्राटेक बिल्डिंग सोल्यूशन्स शॉप का उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना कर मुख्य अतिथि क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर मेसर्स उमेश प्रसाद (साहु ट्रेडर्स) ने बताया कि अल्ट्राटेक बिल्डिंग सोल्यूशन्स शॉप के खुल जाने से बिल्डर्स व किसी भी भवन या मकान बनाने वाले लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण सामग्री स्टील, सीमेंट, पुटी, पेंट, पाइप, टॉयलेट सामग्री, टाइल्स वगैरह सभी प्रकार के सामग्री उचित मूल्य पर बिक्री किया जाएगा। मौके पर सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मंईयां सम्मान योजना अन्तर्गत तृतीय किस्त भुगतान हेतु कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार** : मंगलवार को टाउन हॉल लातेहार में झारखण्ड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना अन्तर्गत तृतीय किस्त भुगतान हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान जिला परिषद अध्यक्षा, मनिका विधायक प्रतिनिधि जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन व उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, मनिका विधायक प्रतिनिधि, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, जिप सदस्य विनोद उरांव, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, संतोष कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी-सोशल मीडिया पब्लिसिटी पदाधिकारी सुधा राज, संबंधित अन्य पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

# कल्पना सोरेन सहित कई दिग्गजों का पर्यटक स्थल नेतरहाट में हुआ आगमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार** : महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, मंत्री बेबी देवी, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, एवं विधायक (गांडये) कल्पना मुर्मू सोरेन का नेतरहाट आगमन हुआ। मौके पर विधायक मनिका रामचंद्र सिंह, विधायक सिसई झींगा मुंडा, गणमान्य व्यक्ति एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक के द्वारा मंत्री एवं विधायक को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया।मंत्री के द्वारा मंगलवार को प्रात~ काल नेतरहाट के मेंगोलिया प्वाइंट से सूर्योदय का दर्शन किया गया। साथ ही लेक व्यू पॉइंट का अवलोकन के क्रम में बोटिंग कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया। इसके पश्चात मंत्री व विधायक नेतरहाट विद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। इस दौरान मंत्री द्वारा अध्ययनरत बच्चों से विद्यालय में हो रही पढ़ाई व मिल रहे सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान विधायक (गांडये) कल्पना मुर्मू सोरेन ने संबोधित करते हुए कहा की गुरुकुल शिक्षा पद्धति पर आधारित नेतरहाट विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता हासिल किया है तथा वे देश को अपनी सेवा दे रहे हैं। उपायुक्त द्वारा मंत्री एवं सोरेन को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मौके पर विधायक मनिका रामचंद्र सिंह, विधायक सिसई झींगा मुंडा, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## दस अक्टूबर को मनाई जाएगी स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू की पुण्यतिथि

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका के पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू का पुण्यतिथि 10 अक्टूबर को उनके निवास स्थान जगपती भवन में मनाई जाएगी। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, ओबीसी समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक रामचंद्र सिंह उपस्थित होंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू के पुत्र रंजीत प्रसाद साहू ने दिया।

### झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत तृतीय क़िस्त का किया गया भुगतान

# 133909 लाभार्थियों के बीच कुल 13 करोड़ 39 लाख 9 हजार राशि का किया गया हस्तांतरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में झारखंड सरकार का महत्वाकांक्षी योजना झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत तृतीय क़िस्त (अक्टूबर 2024) का भुगतान हेतु एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त नैंसी सहाय, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक, जिला परिषद उपाध्यक्ष व अन्य लाभुकों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर किया। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत स्वीकृत 133909 लाभार्थियों के बीच कुल 13 करोड़ 39 लाख 9 हजार राशि का हस्तांतरण किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त,जिला स्तरीय पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों के द्वारा सांकेतिक रूप से 25 लाभुकों के बीच तृतीय क़िस्त का भुगतान हेतु प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लाभुकों को दुर्गापूजा की बधाई देते हुए कहा कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के तहत सभी स्वीकृत लाभार्थियों को तृतीय क़िस्त का भुगतान किया गया है। इस योजना से वंचित महिलाओं को भी बहुत जल्द योजना से जोड़कर उन्हें लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय के अलावे जिला के कई पदाधिकारी,जन-प्रतिनिधि,मीडिया कर्मी तथा कई लाभुक उपस्थित रहे।

## डीजे बजाने पर लगा प्रतिबंध : बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी ने किया क्षेत्र के पूजा पंडालों का भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र में दुर्गा पूजा बहुत ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। यह पर्व धर्म सत्य पर विजय का प्रतीक है । संपूर्ण क्षेत्र में लोगो के बीच आश्विन महीना के शुक्लपक्ष प्रतिपदा तिथि आते ही हर्षोल्लास व्याप्त देखने को मिलता है। चहूं ओर जय माता दी, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है जैसे कई भक्तिमय गीत सुनने को मिलता है। इस वर्ष आश्विन महीने में मनाए जाने वाले शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा को लेकर झारखंड सरकार के निर्देशानुसार पूजा पंडालों में डीजे साउंड बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध किया गया है। टाटीझरिया प्रखंड बीडीओ खुशबू रश्मि मिंज, सीओ नीलू टुड्डू,टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने 8 अक्तूबर दिन मंगलवार को क्षेत्र के पूजा पंडालों का भ्रमण किया और पूजा समिति के सदस्यों ,अध्यक्षों से शांति पूर्ण दुर्गा पूजा सरकारी नियमावली को पालन कर मानने का अपील किया और समिति के अध्यक्षों से डीजे नहीं बजाने को लेकर शपथ पत्र भरवाया गया वही नियमों को उल्लंघन करने तथा दोषी पाए जाने पर प्रशासनिक कार्यवाही करने की बात भी कही गई। मौके पर निगरानी समिति उर्फ सर्व जनिक समिति झरपो के भुदाता किशोरी महतो,समिति कोषाध्यक्ष कुलदीप कुमार,रामलखन पांडेय , भुनेश्वर महतो,अर्जुन प्रसाद, प्रदीप पांडेय,पिंटू सोनी, रामबिलास शर्मा,महेंद्र पांडेय ,पप्पू पांडेय,संजय पाण्डेय, मयूर खान समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा को तेली समाज को नजरअंदाज करना महंगा पड़ेगा : सुनील साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** विधानसभा स्तरीय तेली साहू समाज की बैठक बेडोकला पंचायत भवन में की गई,जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के पुर्व अध्यक्ष बसंत साव व संचालन पुर्व मंडल अध्यक्ष विवेक साव ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहु उपस्थित हुए।अपने संबोधन मे उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे झारखंड मे तेली समाज को टिकट देने में सौतेला व्यवहार कर रही है,जबकी दशकों से यह समाज भाजपा को वोट करती आ रही है, अब तेली समाज किसी दल का बंधुआ वोटर नही रहेगा। यदि प्रदेश में आबादी के अनुसार टिकट नही देती है तो समाज भाजपा को वोट नही देने पर विचार कर सकती है।तेली समाज अपने हक और अधिकारों के प्रति जागरूक हो गयी है,और गांव गांव जाकर आम लोगों को जागरूक करेगी।उपस्थित सभी समाज के नेताओं नें अपने प्रदेश अध्यक्ष के बातों पर सर्वसम्मति से सहमति जताई।बरकट्ठा विधानसभा में भी तेली समाज के लगभग 35000 से अधिक वोट लेकर तमाम राजनीतिक पार्टियां तेली समाज को इग्नोर कर रही है,जिसका खामियाजा आने वाले चुनाव भुगतना पडेगा।चुनाव से पहले एक कोर कमेटी की बैठक कर ठोस निर्णय लेगी।जो तेली समाज को सम्मान करेगी,वही बरकट्ठा विधानसभा मे राज करेगी। इस बैठक मे मुख्य रूप से पुर्व जिला परिषद प्रतिनिधि केदार साव, जिलाध्यक्ष कोडरमा किशोर साव,पुर्व मुखिया प्रतिनिधि देवीलाल साव, मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, मुखिया प्रतिनिधि श्यामा नायक,पुर्व मुखिया राजकुमार नायक, सतेन्द्र साव, गिरधारी नायक, महेश गुप्ता, भुनेश्वर साव, मुरली साव, रामचंद्र साव,समाज के बरकट्ठा अध्यक्ष शंकर साव,जयनगर पुर्व अध्यक्ष गजेंद्र साव समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड का द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी कोल माइंस के एमडीओ कंपनी बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के बसरिया मैदान में 8 सितंबर से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही है। टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड के प्रोजेक्ट हेड श्रीनिवास राव एच आर रामशास्त्री त्यागराजन और विजय तिवारी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट का उद्घाटन बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड के प्रोजेक्ट हेड श्रीनिवास राव ने फुटबॉल को किक मार कर किया। उद्घाटन के मौके पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीनिवास राव ने कहा कि यह आयोजन सीएसआर मद से कराई जा रही है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में खेल और खिलाड़ियों का बिकास करना है। इसके साथ हीं अन्य कई तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिससे क्षेत्र और क्षेत्रवासियों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। साथ ही टूर्नामेंट में शामिल हो रहे सभी 16 टीमों को जर्सी फुटबॉल बूट समेत अन्य खेल सामग्री वितरण किया जा रहा है। मौके पर फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजक मंडली के अध्यक्ष उमेश दास सचिव नारायण कुमार कोषाध्यक्ष प्रमेश्वर कुमार अमित वर्मा विनय कुमार बिनोद वर्मा राजेश साव गणेश साव संजीत कुमार दिलेश्वर कुमार बिनोद साव गोपाल साव घनश्याम साव खेमलाल साव दीपक कुमार समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## 11 हजार वोल्ट का तार टूटा, कई गांवों की बिजली गुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** दारू प्रखंड अंतर्गत इरगा पंचायत के बड़वार गांव के मुख्य कालीकरण सड़क स्थित मड़पा मोड़ के पास 11 हजार वोल्टेज का तार गिर गया। इससे बड़वार, मंगरपट्टा, परतंगा, चुड़कु, बसरिया सहित कई गांव में बिजली पूरी तरह बाधित हो गई। वहीं समय पर बिजली कट जाने से जान माल की क्षति होने से बच गया। बताया गया है कि बड़वार मड़पा मोड़ के समीप एक पोल का इंसुलेटर गरज - बिजली के कारण टूट गया। जिससे एक 11 हजार वोल्ट वाली तार दूसरे 11 हजार बोल्ट वाली तार से टकरा गया। जिससे दो मुख्य तार टूट कर जमीन पर गिर गया। घटना मंगलवार के लगभग 2:30 बजे की बताई गई। मौके पर कोई व्यक्ति या जानवर नहीं था और न ही कोई राहगीर मुख्य सड़क से आवागमन कर रहे थे। अन्यथा एक बहुत बड़ी घटना घट सकती थी।

### मुखिया नीलम देवी ने बच्चों के बीच किया बैग का वितरण




**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुनियादी विद्यालय पंचमाधव के प्रांगण में सरकार के द्वारा दिया गया बैग वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य रूप से स्थानीय मुखिया नीलम देवी के साथ पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप और विद्यालय के प्रभारी शिक्षक संजय कुमार दुबे प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नीलम देवी सहायक अध्यापक मनोज कुमार घोष दामोदर साहू सरफराज खान, बिंदिया देवी, सरस्वती कुमारी सहित विद्यालय के बच्चे शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विधालय के सभी बच्चे का बैग मुखिया के हाथों वितरण किया गया। मुखिया नीलम देवी एंव विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे ने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चे का शत-प्रतिशत उपस्थिति विद्यालय में कराया जाए ताकि बच्चे का भविष्य संवर सके। साथ ही कहा कि अपने अपने बच्चों को सुसज्जित करके विद्यालय भेजें ताकि बच्चे का मन पढ़ाई में लगे। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार घोष, दामोदर साव, बिन्दिया देवी, सरस्वती कुमारी, समाजसेवी सिकंदर कुमार आदि उपस्थित थे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय सक्रेज में 206 बच्चों को स्कूल बैग वितरित



**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम पंचायत झुरझुरी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सक्रेज में झारखंड सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग हजारीबाग की ओर से उपलब्ध कराए गए कक्षा एक से आठ तक के स्कूली बच्चों के बीच 206 स्कूल बैग का वितरण झुरझुरी के मुखिया सुमन कुमार और झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता ने किया। सरकारी मध्य विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक के 120 छात्र-छात्राओं एवं कक्षा छह से आठ तक के 86 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक कैलाश पासवान, प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रमोद दास, संजय यादव, जीतू मांझी, लखन यादव, विजय दास, अर्जुन दास, संयोजिका मालवा देवी, सदस्य धनवा देवी, शिक्षक स्वामी रामतीर्थ सिंह, पंकज सिन्हा, राजेश्वर प्रसाद, कुंती देवी समेत अन्य अभिभावक गण उपस्थित थे.

### बालिकाओ ने माँ दुर्गा के नौ रूपो की दी सुंदर प्रस्तुति, खिले सबके चेहरे



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेड़रा स्थित आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ रूपों की मनोरम झांकी प्रस्तुत की। छात्राओं में सृष्टि शाह, आरोही जीवन , सनाया शेखर, आराध्या सिंह, प्रतीक्षा कुमारी, रियांशी महतो, कविता कुमारी, नंदनी कुमारी, स्वस्तिका कुमारी, स्वरा राज, स्वर्णा राज, शिवानी कुमारी तथा कनक कुमारी ने मां दुर्गा के विभिन्न रूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, तथा सिद्धिदात्री के नौ रूपों को बहुत ही खूबसूरती से दर्शाया। इस मौके पर विद्यालय की उपप्राचार्य प्रतिभा अंसारी ने मां दुर्गा के नौ रूपों की व्याख्या करते हुए दुर्गा पूजा मनाने के वास्तविक उद्देश्य को बताया और कहा कि हमें समाज में नारी का सम्मान करना चाहिए जो कि शक्ति स्वरूपा है। मौके पर विद्यालय के निर्देशक राणा इकबाल खान प्राचार्य, दिग्विजय नारायण, प्रबंध निदेशक सागर कुमार ने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को नवरात्रि तथा दशहरा की शुभकामनाएं दी। इस शुभ मौके पर विद्यालय के समस्त विद्यार्थी समस्त सभी शिक्षकों में महजबीन आरा, उपासना कुमारी, स्वाति कुमारी, कुमारी रीता, सुमन कुमारी, अर्चना कुमारी, नेहा कुमारी, ज्योति टेंपो, रेणु देवी, नजमीन आरा समेत आदि उपस्थित थे।

## सीसीएल होम गार्ड पर हमला करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र चरही एरिया के सुरक्षा गस्ती दल जवानों पर जानलेवा हमला किया गया था। इस संबंध मे चरही थाना परिसर में विष्णुगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैद्यनाथ प्रसाद एवं थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि 4 अक्टुबर को द्वितीय पाली में गस्ती दल में ड्यूटी कर रहे तापीन नॉर्थ परियोजना के नजदीक फुसरी करीमगंज के पास पहूँचे तो देखा गया की साइकिल एवं मोटरसाइकिल से कच्चा कोयला लेकर चरही की ओर जा रहा है उसे रोकने पर विरोध जताया और कुछ देर के बाद उन्हीं लोगों में से 15 से 20 की संख्या में पहुंच कर पेट्रोलिंग वाहन को रोक कर गश्ती दल के जवानों पर लोहे का रॉड एवं लाठी डंडी से जानलेवा हमला किया गया । इस हमले में हाथ फैक्कर हुआ माथा में चोट लगा पैर में भी फेक्कर हुआ है। सीसीएल सुरक्षा प्रभारी एवं पुलिस प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचकर घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा। सीसीएल सुरक्षा प्रभारी के द्वारा छह लोगों को चिन्हित कर थाना में मामला दर्ज किया गया है वहीं एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर पांच और की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है।


### हाइवा वाहन मालिकों ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव का पुतला फूंका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** विस्थापित प्रभावित हाइवा संघ केरेडारी ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव का केरेडारी मुख्य चौक पर 8 अक्टूबर को पुतला दहन किया। और नारेबाजी भी की इस मौके पर वाहन मालिकों ने कहा कि हम सभी वाहन मालिकों का गाड़ी किस्त में चल रही है ऐसे समय में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल किया जा रहा है जिस कारण हम सभी को भारी नुक्सान उठाना पड़ रहा है। इसके पूर्व 7 अक्टूबर को हाइवा मालिकों द्वारा पूर्व मंत्री के विरुद्ध केरेडारी थाना में लिखित आवेदन दिया जा चुका है। घटना के उपरांत सदर एसडीओ के नेतृत्व में वाहन मालिकों और योगेंद्र साव के साथ एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें आपसी सहमति के आधार पर मामले को सुलझा लिया गया।

## बड़कागांव विधानसभा के हर सुख दुख के लिए मैं और मेरा कार्यकर्ता 24 घंटे तैयार हैं : रोशनलाल चौधरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत बादम पंचायत भवन में आजसू पार्टी का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा वं संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा के हर सुख -दुख के लिए मैं और मेरा कार्यकर्ता 24 घंटे तैयार रहते हैं। इस दौरान कई लोगों ने आजसू पार्टी का सदस्य ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने वाले में शेखर यादव, विशाल यादव, अनुज यादव, दीनानाथ यादव, कृष्ण यादव, मनोज यादव रंजन कुमार, उदय ठाकुर, सचिन कुमार, उपेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, राजू साहू, गणेश राम, सूरज कुमार, पवन राणा, अविनाश कुमार, रंजन कुमार, उपेंद्र यादव, चंद्रशेखर कुमार, राजा कुमार, प्रमोद कुमार, सुजीत कुमार, वीरेंद्र यादव, जितेंद्र कुमार, रंजन करमाली, तिलकधारी यादव, रितु यादव, भुनेश्वर यादव, जनार्दन कुमार, राज गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल हैं। सभी नए सदस्यों को पार्टी का पट्टा पहना कर आजसू पार्टी में शामिल किया गया। मौके पर केंद्रीय सचिव नागेश्वर तुरी, केंद्रीय सदस्य राजा खान, कामेश्वर महतो, संदीप कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष जावेद खान, दिनेश महतो, वार्ड सदस्य शंकर रजक, महिला प्रखंड अध्यक्ष रीना देवी, पंचायत अध्यक्ष बबलू पासवान, घनश्याम मेहता, अनिल प्रसाद, दामोदर साहू, कैसर अली, अफरोज, आफताब अंसारी, जागेश्वर महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## फरारी अभियुक्त के घर विष्णुगढ़ पुलिस ने चिपकाया पोस्टर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 189/2022 दिनांक 17.09.2022 धारा 323/312/313/376/427/504/506 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त बालेश्वर साव पिता महावीर साव ग्राम गोविंदपुर थाना विष्णुगढ़ जिला हजारीबाग के विरुद्ध माननीय न्यायालय से निर्गत इश्तहार का अभियुक्त के घर पर विष्णुगढ थाना के पुलिस पदाधिकारी पुलिस अवर निरीक्षक दशरथ महतो के द्वारा विधिवत इश्तहार का चस्पा किया गया तथा अभियुक्त की मां एवं परिवार के सदस्यों को उक्त फरार अभियुक्त को माननीय न्यायालय में 30 दिनो के अंदर आत्मसमर्पण करने हेतु निर्देश दिया गया अन्यथा कुर्की जप्ती की कार्रवाई की जायेगी ।


Annexure1

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, रामगढ़।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–**WRD/MID/RAMGARH F2 - 13/2024-25**

**2nd Call**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | DMFT न्यास परिषद् से अनुमोदन के द्वारा स्वीकृत योजनाएँ |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 3 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 09.10.2024 2:00 बजे अपराह्न |
| 4 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 15.10.2024 5:00 बजे अपराह्न |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.10.20242:00 बजे अपराह्न |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पद नाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0/ई–मेल | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।<br>मो0–06553–231173 eemidramgarh24408@gmail.com |

| क्र० | प्रखण्ड | पंचायत/ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 13/3 | Patratu | Budh Bazar | Construction of PCC Road from BasantSoni House to Pipal Tree Chabutra via Imran Ansari House, Budh Bazar, Imligachh, Patratu | 1695100 | 5000 | 06 (छः) माह |
| 13/4 | Patratu | Budh Bazar Dotalla | Construction of Boundary Wall at PanchayatSchivalay of Gram Panchayat - Budh Bazar Dotalla, Patratu | 1513300 | 5000 | 06 (छः) माह |
| 13/6 | Patratu | Balkudra | Construction of Boudary wall at UPG M.S Balkudra, Patratu | 1059000 | 2500 | 06 (छः) माह |
| 13/7 | Patratu | Nehru Colony | Construction of Boudary wall at UPG P.S Nehru Colony River Side, Patratu | 2141600 | 5000 | 06 (छः) माह |
| 13/8 | Patratu | Deoriya | Construction of Boudary wall at UPG P.S Deoriya, Patratu | 1236700 | 2500 | 06 (छः) माह |
| 13/10 | Patratu | Sankul | Construction of Boudary wall at UPG P.S Upartola, Sankul, Patratu | 868200 | 1250 | 06 (छः) माह |
| 13/11 | Patratu | Khapiya | Construction of Boudary wall at UPG P.S Khapiya, Patratu | 1905200 | 5000 | 06 (छः) माह |
| 13/16 | Patratu | Karma Tola | Construction of Boudary wall at UPG P.S School, Karma Tola, Patratu | 1725300 | 5000 | 06 (छः) माह |
| 13/23 | Gola | Koiya | Construction of Boudary wall at Middle School, Koiya, Gola | 569500 | 1250 | 06 (छः) माह |
| 13/24 | Dulmi | Mathagoda | Construction of Boudary wall at UPG P.S Mathagoda. Dulmi | 1693200 | 5000 | 06 (छः) माह |
| 13/25 | Dulmi | Sarnatola | Construction of Boudary wall at NPS Sarnatola, Dulmi | 1544300 | 5000 | 06 (छः) माह |

नोट–केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी

प्रकाशित निविदा के प्राक्कलित राशि में घट बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 338317Minor Irrigation(24-25)D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## चार टन अवैध कोयले के भंडारण को पुलिस ने किया जप्त

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अजय कुमार (भा0पु0 से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि नोनियाबेड़ा-रंगुबेड़ा के बीच जंगली क्षेत्र में अवैध रुप से कोयला का भंडारण किया हुआ है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सुरेश लिण्डा, पुलिस निरीक्षक, माण्डू अंचल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के दिशा निर्देश में नोनियाबेड़ा-रंगुबेडा के जंगली क्षेत्र में सर्च किया गया। सर्च के दौरान जंगली क्षेत्र में करीब 04 टन अवैध कच्चा कोयला भंडारण किया हुआ बरामद किया गया। इस संदर्भ में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध माण्डू थाना कांड सं0-238/24, दिनांक-08.10.24, धारा- 317(5)/3(5) बी0एन0एन0 एवं 30 (द्वद्व) कोल माईन्स एक्ट एवं 33 भारतीय वन अधिनियम के अंतर्गत दर्ज किया गया। इस छापामारी दल में शामिल सुरेश लिण्डा, पुलिस निरीक्षक, माण्डू अंचल , पु0अ0नि0 रंजीत कुमार यादव थाना प्रभारी माण्डू, म0पु0अ0नि0 सुकमणि एवं माण्डू थाना रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल शामिल थे।



## रामगढ़ पुलिस कप्तान से मिला दशहरा कमिटी का प्रतिनिधिमंडल, विशिष्ट अतिथि के रूप में किया आमंत्रित

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फुटबॉल ग्राउंड रामगढ़ में बारह अक्तूबर को आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित करने दीपक सोनकर की अध्यक्षता में एक चार सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस मुख्यालय पहुंच कर पुलिस कप्तान अजय कुमार को आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया। आमंत्रण पत्र सौंपने वालों में समिति के अध्यक्ष दीपक सोनकर,उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,सचिव गौतम सिंह उपस्थित रहे।



## रामगढ़ पुलिस मेंस एसोसिएशन का विदाई समारोह का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ पुलिस मेंस एसोसिएशन के तरफ से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ जिला बल के सात आरक्षियों का तबादला भिन्न-भिन्न जिला में हुई है इस कार्यक्रम में सार्जेंट मेजर श्री मंटू यादव, रामगढ़ पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष करण कुमार यादव एवं हमारे संगठन के सभी सदस्य, रामगढ़ जिला बल के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे और सभी को मोमेंटो देकर अग्रिम विदाई का शुभकामना दी गई।



## क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है : सुनीता चौधरी

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चितरपुर प्रखंड के बड़की पोना में मंगलवार को डीएमएफटी मद अंतर्गत फुलवार दुदगी यू पी जी पी एस स्कूल में चहारदीवारी एवं गेट निर्माण कार्य ,डीएमएफटी मद अंतर्गत यू पी जी स्कूल बड़की पोना में नया चहारदीवारी एवं हॉल रीपेरिंग निर्माण कार्य एवं 15वे फाइनेंस मद से एन एच 33 से सपन कुमार उपाध्याय के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी द्वारा नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए मैने आज तीन जगहों पर पीसीसी पथ एवं चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास की हूँ। ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। साथ ही लोगों को इस पथ में आवागमन की सुविधा मिल सके और विद्यार्थियो को सुरक्षा और सुविधा प्राप्त हो सके । उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में विकास के मायने में रामगढ़ विधानसभा को मैं दोबारा नंबर वन विधानसभा बनाउंगी। इसके लिए पूरी तरह से मैं ततपर हूं। इस दौरान उन्होंने संवेदक को ससमय गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत बुके देकर किया गया। मौके पर दिवाकर नायक ,रमेश बेदिया दयासागर सहित कई मौजूद थे।



## भाजपा भुरकुंडा मंडल के द्वारा हरियाणा में जीत की खुशी पर हरियाणा की जनता को किया आभार व्यक्त

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल हरियाणा में भाजपा की प्रचंड जीत से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर हरियाणा की जनता को आभार व्यक्त करता हूं और धन्यवाद देता हूं जनता ने डबल इंजन की सरकार को चुना है यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर जनता का विश्वास यही है मोदी की गारंटी भाजपा जो कहती है वही करती है भुरकुंडा मंडल में सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिला करके अबीर गुलाल लगा करके खुशियां मनाएं खुशी मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने कहा डबल इंजन की सरकार बनती है वह राज्य विकास की गाथा लिखता है मनाने वालों में भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा महेंद्र सिंह जुगल नायक राजन पांडे ज्योति सिंह अशोक सोनी संजीव कुमार बावला अजय पासवान सुभाष दास राजेश गुप्ता राजु मल्होत्रा बाबूलाल नायक अखिलेश टोपो देव कुमार सिंह सत्येंद्र नारायण सिंह योगेश डांगी गीता श्रीवास्तव खुशबू देवी लक्ष्मी देवी रीना देवी ज्योति बाला अनिता राय सत्य प्रकाश राय राजेश गुप्ता कमलेश सिंह मीना देवी राजेश राय विजय कुमार का सूरज शर्मा जनार्दन सिंह मंगना तिगा आकाश साहू सुमित कुमार मूरत प्रसाद भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा आदि थे ।



## हरियाणा में भाजपा ने लगातार तीसरी बार चुनाव जीतकर रच दिया है इतिहास : संजीव कुमार

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजापा जिला मंत्री संजीव कुमार बावला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारतीय जनता पार्टी का हरियाणा में भाजपा ने लगातार तीसरी बार चुनाव जीतकर रच दिया है इतिहास । इस प्रचंड जीत में हरियाणा प्रदेश के सभी प्रदेशवासियों को बहुत-बहुत दिल से आभार जिस प्रकार उन्होंने अपने जनमत का उपयोग मजबूत सरकार के हाथों में सोफा है जिससे हरियाणा में और भी विकास आएगा । इसी तर्ज पर ठीक जम्मू कश्मीर में भी भारतीय जनता पार्टी ने एक जोरदार प्रदर्शन किया हालांकि वहां का विधानसभा चुनाव हार कर भी भारतीय जनता पार्टी ने वहां के अपनी जो जगह बनाई है वह काफी सराहनीय है मैं वहां के भी जनता को दिल की गहराइयों से बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।



# दोनों पीड़ित परिवार के इस दुख की घड़ी में हम सभी साथ है : फागू बेसरा

**▶ पीड़ित परिवार को हर सरकारी लाभ एवं परिवार के एक-एक सदस्य को नौकरी दिया गया : ममता देवी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पिछले दिनों गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदा के समीप पुलिस वाहन और मोटरसाइकिल के बीच भिडंत हो गई थी जिसमें भूभई निवासी एक अजीत हेंब्रम और सागर हेंब्रम की सड़क दुर्घटना में हुई मौत हो गई थीं। आज पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा पूर्व विधायक ममता देवी जेएमएम के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया और दोनों चचेरे भाइयों के मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त किया एवं दोनों पीड़ित परिवार को अपनी ओर से 20 - 20 हजार सहयोग राशी दिया साथ ही राशन , खाद्य सामग्री भी उपलब्ध कराया एवं दोनों परिवार के एक-एक सदस्य को गोला हेमतपुर स्थित वनांचल फैक्ट्री में नौकरी का लेटर सौंपा गया। दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा ने कहा कि हम सभी दोनों पीड़ित के इस दुख के समय साथ हैं साथ ही भविष्य में कभी भी इन परिवार को हमारी सहयोग की आवश्यकता होगी हम हमेशा खडा रहेगें। पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि हम पीड़ित परिवार के साथ खड़े है दोनों परिवारों को हर सरकारी योजना से जोड़कर लाभ दिया जाएगा। मौके पर एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद,जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन, सूतरी मुखिया सतीश मुर्मू, गोला बीडीओ संजय सैंडिल, गोला सी ओ समरेश भंडारी, जीतलाल टुडू, संभू बेदिया,आलम अंसारी, बरतू करमाली,कपिल महतो, रामरतन करमाली, हरिचरण मुंडा, जन्नार्दन पाठक,गौरी शंकर महतो आदि उपस्थित थे।





## भाजपा की हरियाणा विधानसभा में जीत की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के खुशी में भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में मेन रोड स्थित सुभाष चौक के समीप आतिशबाजी करते हुए जश्न मानते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलते हुए बधाई दी इस मौके पर डॉ संजय प्रसाद सिंह, रंजन सिंह फौजी महेंद्र प्रजापति, राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, सरदार अनमोल सिह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीतल सिंह, सुबोध सिंह सहदेव ठाकुर, महेश चौधरी, वसुध तिवारी, रॉबिन गुप्ता, बृजेश पाठक राजेश ठाकुर, भगवान प्रसाद,दीपक कुमार, मिथिलेश मंडल, कुणाल दास , शिव कुमार गुप्ता ,मंटू त्रिपाठी, प्रमोद ओझा, संतोष शाह ,शशि भाई ,अमित कुमार श्रीवास्तव, अमित ठाकुर,जितेंद्र गोप सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोक जनशक्ति पार्टी द्वारा स्वर्गीय रामविलास पासवान का मनाया गया चौथा पुण्यतिथि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मंगलवार को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास एवं दलित सेना के संस्थापक पद्मभूषण से सम्मानित स्वर्गीय रामविलास पासवान का मंगलवार को चौथी पुण्यतिथि के रामगढ़ जिला अध्यक्ष केवल पासवान का आवास पर उनके चित्र पर माला एवं पुष्प अर्पित कर उनके चरणों में नमन किया। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर उनको याद करते हुए रामगढ़ जिला अध्यक्ष केवल पासवान ने कहा कि रामविलास पासवान का शानदार व्यक्तिगत देश की युवा पीढ़ी के लिए राजनीतिज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ-साथ देश के सभी वर्गो के लिए लंबे समय तक प्रेरणादाई बना रहेगा। संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त दलित नेता जीवन बाबू के बाद पदभूषण से सम्मानित स्वर्गीय रामविलास पासवान जी को देशवासी राष्ट्रीय स्तर का दलित नेता मानते थे। भारतवर्ष के लोगों में दलित नेता के साथ-साथ समाज के हर वर्ग को सामान्य रूप से काम करने की एक अलग पहचान थी। वह सिर्फ दलितों के ही नहीं समाज के हर वर्ग की भलाई चाहते थे।आरक्षण के लिए मंडल आयोग की सिफारिश करने के लिए सवर्णो को भी 15त्न आरक्षण देने की आवाज उठाई थी। उनका मानना था कि सवर्णो में भी गरीब और जरूरतमंद लोगों को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। ताकि वह भी समाज मैं कदम से कदम मिलाकर सामान्य रूप से चल सके। वे जीवन पर्यत मजलूमो और मजदूरों की आवाज बने रहें। उनकी चौथी पुण्यतिथि पर पार्टी के पदधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया की उनके विकास कार्यो एवं उनके विचारों को हर प्रखंड हर पंचायत में पहुंचने का कार्य करेगी।उपस्थित पदधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का नाम ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश प्रधान महासचिव उपेंद्र गुप्ता , रामगढ़ जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता , अंकित कुमार, राज कुमार, रिशु कुमार, अभिषेक कुमार, अंशु कुमार, विकास कुमार, गौतम कुमार, उदय कुमार, एवं अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## विजडम पब्लिक स्कूल लबगा में डांडिया कार्यक्रम आयोजित

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवरात्रि के छुट्टी के पहले विजडम पब्लिक स्कूल प्रबंधन की ओर से बच्चों के बीच एक डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार गुप्ता तथा प्रधानाचार्य नागेश्वरी महतो ने कहा कि हमारे स्कूल का उद्देश्य बच्चों के चहुमुखी प्रतिभा को सामने लाना है। शिक्षा के साथ हमारे विद्यालय में अन्य तरह के गतिविधियों को भी प्राथमिकता दी जाती है जिनमें डांस, कराटे, योग एवं पेंटिंग गतिविधि सम्मिलित है। इसी की एक कड़ी यह डांडिया कार्यक्रम का आयोजन है। छोटे बच्चों को अभी से मंच में आकर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया जाए तो भविष्य में उनके मन का संकोच दूर होगा और वह अपने जीवन में हमेशा सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में उमा कुमारी अशोक कुमार डोली कुमारी याचना श्रीवास्तव सोनाली कुमारी आशा साहू संगम कुमारी दीपिका कुमारी एवं निशु कुमारी ने अपनी सराहनीय भूमिका निभाई जिनके मेहनत से बच्चों ने विद्यालय में डांडिया का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अभिभावक व अन्य दर्शकों ने बच्चों के इस कला को खूब सराहा तथा विद्यालय प्रबंधन की भी तारीफ की।



## अनमोल बचपन प्ले स्कूल में नवरात्र उत्सव

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा पटेल नगर स्थित एसएससी कैंपस में अनमोल बचपन प्ले स्कूके नन्हे मुन्ने सितारों के द्वारा दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर डांडिया धूमधाम से खेला गया सबसे पहले मां की आराधना कर पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई इस अवसर पर नन्हे मुन्ने सितारों ने मां दुर्गा का रूप में आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई नन्हे मुन्ने सितारों ने मां दुर्गा के भक्ति गीतों पर झांकियां और नृत्य प्रस्तुत किया कार्यक्रम के दौरान के दौरान बच्चों को माता के सभी रूपों और नवरात्रि के 9 दिन की विशेषताओं के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया वहीं छात्रों के बीच सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए कई आयोजन हुए स्कूल में गरबा और डांडिया का भी आयोजन किया गया शिक्षकों का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में के अंदर छिपी प्रतिभा को निखार आता है कार्यक्रम के दौरान बच्चों में बड़ा उत्साह देखा गया कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक अवधेश कुमार सिंह एवं अनमोल बचपन प्ले स्कूल के सभी शिक्षिकाएं मौजूद थे रंग लाल , मां सेरावलिए तेरा शेर आ गया , चलो बुलावा आया हैं माता ने बुलाया है छात्र में मुख्य रूप से नृत्य प्रस्तुत करने वाले आयुषी सिंह ठाकुर रुद्र प्रताप इशिका कुमारी सक्षम कुमार प्रज्ञान कुशवाहा कशिश कुमारी निधि कुमारी जयांश प्रकाश अवनी आर्य समृद्धि योगदान रहा।



## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में दुर्गा पूजा कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को श्री कृष्ण विद्या मंदिर में दुर्गा पूजा का रंगारंग तथा सांस्कृतिक एवम आध्यात्म से ओत - प्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह का आरंभ दुर्गा स्तुति से किया गया। छात्र - छात्राओं ने नौ भिन्न वेश - भूषा में दुर्गा जी के नौ रूपों को दर्शाया। नृत्य और गीत प्रस्तुत किए गए। छात्राओं ने गरबा नृत्य से माहौल को भक्तिमय बना दिया। बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से दुर्गा जी के नौ रूपों का मंचन किया। नाटिका के अंतर्गत सर्वप्रथम ताण्डव नृत्य, दुर्गा आह्वान, भक्ति गीत पर नृत्य, काली ताण्डव नृत्य के माध्यम से महिषासुर वध प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता), सचिव विमल किशोर जाजू, वरिष्ठ सदस्य महावीर अग्रवाल विद्यालय प्रशासक एस पी सिन्हा सहित सभी शिक्षक व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ने समस्त विद्यालय परिवार को नवरात्रि की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की और अन्याय पर न्याय की विजय प्रतीक है। हमें सत्य और न्याय का साथ देना चाहिए। विद्यालय सचिव विमल किशोर जाजू ने समस्त छात्र - छात्राओं पर माँ दुर्गा का आशीर्वाद बना रहे ऐसी कामना के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। अंत मे धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य ब्रह्मानंद द्विवेदी ने किया।



## उरीमारी परियोजना के एस्क्यूटिव हॉस्टल में इनमोसा का 68 वॉ स्थापना दिवस मनाया गया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी परियोजना के एस्क्यूटिव हॉस्टल सभागार में मंगलवार को इंडियन माइन ऑफिसियल सुपरवाइजरी स्टाफ एसोसिएशन(इनमोसा) का 68वॉं स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।वहीं इस स्थापना दिवस कार्यक्रम कि अध्यक्षता हरेंद्र सिंह एवं संचालन उरीमारी परियोजना में ओभरमैन के पद पर कार्यरत गणेश राम ने किया। वहीं इस स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल इनमोसा के अध्यक्ष रामराज सिंह शामिल हुए। वहीं सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के द्वारा इनमोसा के संस्थापक स्वर्गीय जे के बनर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इसके पश्चात सभी ने बारी बारी से स्व जे के बनर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। वहीं इनमोसा के स्थापना दिवस कि खुशी केक काट कर जाहिर कि गई। वहीं दूसरी ओर इनमोसा के इतिहास में किए गए संघर्ष के बारे में श्रमिकों का मार्ग दर्शन किया गया और वर्तमान में इनमोसा में एकता बनाए रखने की अपील भी कि गई। वहीं इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन विनोद कुमार सिंह के द्वारा किया गया। वहीं इस मौके पर विकास कुमार,क्षेत्रीय अध्यक्ष विकास कांत सिन्हा,सच्चु प्रसाद मेहता, सुधीर सिंह,राकेश श्रीवास्तव, गिरजा शंकर सिंह, सरवन कुमार, अमित कुमार राय, एस पी सिंह, बिरसा साखा सचिव अनूप कुमार, प्रभास दास राजेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, नारायण साव, प्रवेश कुमार सिंह, सुभाष चन्द्र ओझा, संतोष कुजूर, अनिल पासवान, संदीप सिंह, महेश प्रसाद मेहता, धुधेश्वर मेहता, राम कैलाश शर्मा आदि मौजूद थे।



## गरबा और डांडिया के बीच अग्रसेन स्कूल में मना नवरात्र महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मंगलवार को डांडिया और गरबा के बीच नवरात्र महोत्सव मनाया गया। आयोजन की शुरुआत स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने मां दुर्गा के नौ रूपों शैलपुत्री, ब्रम्हचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री का रूप धरे बच्चों की आरती उतारकर किया। आचार्य लीलेश्वर पांडेय ने मंत्रोच्चार किया। छोटे बच्चे मां दुर्गा, शंकर, गणेश, कार्तिकेय, राम, लक्ष्मण, सरस्वती, हनुमान समेत अन्य देवी-देवताओं का रूप धर महोत्सव में पहुंचे थे।बच्चों ने अपनी प्रस्तुति में मां दुर्गा की उत्पत्ति एवं उनके नौ रूपों समेत महिषासुर वध का मंचन किया। महिषासुर वध के उपरांत सिंदूर खेला का आयोजन हुआ। महोत्सव में बंगाल से आये ढोल वादकों की ताल पर किया गया धूमन नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि नवरात्रि हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। यह उत्सव न केवल ऊर्जा और उत्साह से भरा होता है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन और एकता की भावना भी लाता है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि पर्व-त्योहार समाज को जोड़ते हैं। दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। लाख कठिनाइयों के बावजूद हमें सदैव सत्य का मार्ग चुनना चाहिए। महोत्सव में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने विभिन्न गरबा और डांडिया गीतों पर नृत्य करते हुए आयोजन को यादगार बनाया। महोत्सव का समापन रावण का पुतला दहन के साथ हुआ। इस अवसर पर करुणा राजगढ़िया, राहुल राजगढ़िया, निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में मम्पी पॉल, साधना सिन्हा, सोनम खातून, दीपिका तिवारी, श्रीपर्णा गुप्ता, नीलू श्रीवास्तव, आभा किरण योगदान रहा।


## कार्यालय-कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, कोडरमा

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

Targeting Rice Fallow (TRFA) वर्ष 2024–25 योजनान्तर्गत कोडरमा जिला में दलहन एवं तिलहन फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार की सुविधाएं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है। इस क्रम में वर्ष 2024–25 में कोडरमा जिलान्तर्गत इच्छुक किसानों को अनुदानित दर पर विभिन्न उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा।

इच्छुक कृषकों से अनुदानित दर पर नीचे वर्णित निम्न कृषि यंत्र हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

TRFA-Pulses

| क्र0 सं0 | उपादान/कृषि यंत्र का नाम | अनुदान की राशि (रू0 प्रति यूनिट) | उपलब्धता (यूनिट) में |
|---|---|---|---|
| 1 | मेनुअल स्प्रेयर | 750 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST /small and marginal,Women farmers के लिए) | 02 |
| 2 | मेनुअल स्प्रेयर | 600 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 01 |
| 3 | पावर नेपसेक स्प्रेयर (8–12 लिटर) | 3100 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/ small and marginal, Women farmers के लिए) | 10 |
| 4 | पावर नेपसेक स्प्रेयर (8–12 लिटर) | 2500 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 05 |
| 5 | रोटावेटर (Tractor driven above 35BHP) 5feet | 42000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/ small and marginal/ Women farmers के लिए) | 05 |
| 6 | रोटावेटर (Tractor driven above 35BHP) 5feet | 34000 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 02 |
| 7 | पंपसेट | 10000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | 10 |
| 8 | सिंचाई पाईप | कुल कीमत का 50 प्रतिशत या 50 रू0 प्रति मीटर HDPE/35 रू0 प्रति मीटर PVC/ 20 रू0 प्रति मीटर HDPE Laminated जो दोनो में से कम होगा अधिक से अधिक 15000 रू0 तक का अनुदान राशि प्रति किसान अथवा कृषक समूह देय होगा। | 1160 मी0 |
| 9 | थ्रेसिंग फ्लोर (30'X30' साईज) | 57500 रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | 04 |
| TRFA-Oilseed | | | |
| 1 | स्प्रींकलर सेट | The cost for sprinkler irrigation system for 1 ha would be Rs, 21901/- per ha in case of rain-gun depending on diameter of pipe used as per guideline under PMKSY | 01 |
| 2 | सिंचाई पाईप | कुल कीमत का 50 प्रतिशत या 50 रू0 प्रति मीटर HDPE/35 रू0 प्रति मीटर PVC/ 20 रू0 प्रति मीटर HDPE Laminated जो दोनो में से कम होगा अधिक से अधिक 15000 रू0 तक का अनुदान राशि प्रति किसान अथवा कृषक समूह देय होगा। | 550 मी0 |
| 3 | मेनुअल स्प्रेयर/ नेपसेक स्प्रेयर/फुट ऑपरेटेड स्प्रेयर | 600 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 01 |
| 4 | मेनुअल स्प्रेयर/ नेपसेक स्प्रेयर/फुट ऑपरेटेड स्प्रेयर | 750 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/ small and marginal, Women farmers के लिए) | 02 |
| 5 | पावर ऑपरेटेड नेपसेक स्प्रेयर (12–16 लिटर) | 3000 रू0 प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य के लिए) | 02 |
| 6 | पावर ऑपरेटेड नेपसेक स्प्रेयर (12–16 लिटर) | 3800 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/ small and marginal, Women farmers के लिए) | 05 |
| 7 | रोटावेटर (Tractor driven above 35BHP) 5feet | 42000 रू0 प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/ small and marginal/ Women farmers के लिए) | 01 |

आवेदन पत्र के साथ निम्न कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।

- आवेदक का आधार कार्ड का छायाप्रति।
- जमीन का अद्यतन रसीद की छायाप्रति।
- आवेदक का दो पासपोर्ट साईज फोटो।
- अंचल अधिकारी से सत्यापित जमीन के विवरणी की छायाप्रति।
- पासबुक का प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति।

नोटः– 1. लाभुकों का चयन **"पहले आओ पहले पाओ"** के आधार पर किया जायेगा।
2. पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र प्रकाशन की तिथि से 29.10.2024 तक प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी /प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक/जनसेवक एवं आत्मा कार्यालय कोडरमा में जमा किया जा सकता है।
3. आवेदन पत्र आत्मा कार्यालय से कार्यालय अवधि में अथवा अपने प्रखण्ड के BTM/ATM से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
4. किसी भी यंत्र का क्रय लाभुकों द्वारा 100 प्रतिशत राशि भुगतान करके ही किया जाएगा तथा प्राप्ति रसीद एवं फोटो जमा करने एवं स्थल निरीक्षण के उपरान्त अनुदान की राशि लाभुक के खाते में हस्तांतरित की जाएगी।
5. पूर्व के पॉच वर्षों में किसी भी यांत्रिकरण योजना के द्वारा लाभ न लिया हो शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
6. एक परिवार में केवल एक ही सदस्य को यांत्रिकीकरण योजना का लाभ मिलेगा। यदि परिवार में बटवारा हो गया हो तो उसको मुखिया से सत्यापन करा के प्रतिवेदन जमा करना अनिवार्य है।
7. जमीन की रसीद में आवेदक के हिस्से में कितना जमीन आता है, स्पष्ट रूप से वंशावली के साथ अंचल से सत्यापित जमीन की रसीद आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

**जिला कृषि पदाधिकारी–सह–**
**परियोजना निदेशक, आत्मा, कोडरमा**

PR 338368 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (24-25)_D

## हेमंत सरकार ने मां-बहनों के हित की सोची : बेबी देवी

# आपके हेमंत भाई, हेमंत दादा, बेटा मजबूत कर रहे हैं आधी आबादी का हाथ मजबूत : कल्पना मुर्मू सोरेन

➲सरकार की योजनाओं का आमजन भरपूर उठा रहे हैं लाभ : दीपिका पाण्डेय सिंह

➲झांसी की रानी की तरह कल्पना ने संभाला मोर्चा : महुआ माजी

हेमंत सरकार ने कई ऐसे निर्णय लिये जो पहले कभी नहीं लिये गये : जोबा मांझी

➲हेमंत सरकार ने हर वर्ग का रखा ख्याल : सुखदेव भगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मंईयां सम्मान यात्रा अंतर्गत आज मंगलवार को बेबी देवी, मंत्री, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड के नेतृत्व में आमसभा का आयोजन समाहरणालय मैदान लोहरदगा में किया गया। आमसभा का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर अतिथियों द्वारा किया गया। आमसभा में मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत तीसरी किस्त की राशि का भुगतान माननीय मंत्री व अतिथियों द्वारा रिमोट का बटन दबाकर लाभुकों के बैंक खाते में हस्तांतरित की गई। इसमें कुल 88,478 (अठासी हजार चार सौ अठहत्तर) लाभुकों के बीच कुल 8,87,48000 रु (आठ करोड़ सतासी लाख अड़तालीस हजार रूपये) की राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया। आज के कार्यक्रम में बेबी देवी, मंत्री, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड ने कहा कि आप सभी इस योजना अंतर्गत आज जारी किस्त की राशि से अपना पर्व-त्यौहार हर्षोल्लास और सौहार्द्र तरीके से मनाएं। आपकी की अपनी हेमंत सरकार ने आपके हितों की रक्षा के लिए यह योजना लायी जिसका लाभ आप माताओं-बहनों को मिल रहा है। सरकार ने इस योजना के अंतर्गत यह तीसरी किस्त आपके बैंक खाते में भेजी जा रही है जिसके लिए हम सभी हेमंत सरकार का आभार प्रकट करते हैं। दीपिका पाण्डेय सिंह, माननीया मंत्री कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,झारखण्ड सरकार ने कहा कि आमजन सभी सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। हेमंत सरकार ने युवाओं के लिए नियोजन नीति बनायी। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अबुआ आवास का लाभ उठा रहे हैं। अबुआ आवास में महिलाओं को भी जोड़ा रहा है। सरकार ने सभी वर्ग के हितों का ध्यान रखा है। महुआ माजी माननीया सांसद ने कहा कि मंईया सम्मान यात्रा आज लोहरदगा की पावन धरती पर आ पहुंची है। हेमंत सरकार ने सरकार के गठन पर ही निर्णय लिया था कि जिस समृद्ध झारखण्ड की धरती पर लोगों की, विशेषकर महिलाओं की आर्थिक स्थिति कमजोर है, उन्हें समृद्ध किया जाएगा। उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध करने का संकल्प आपके अपने हेमंत सरकार ने लिया। सरकार जानती है कि यहां की महिलाएं कर्मठ हैं, मेहनती हैं। अगर उन्हें थोड़ी सी भी आर्थिक सहायता मिल जाए तो वे स्वयं को स्वावलंबी बना सकती हैं। आज हॉकी के क्षेत्र में झारखण्ड की खिलाड़ियों जैसे असुंता लकड़ा, सावित्री पुर्ति की वजह से काफी सम्मान बढ़ा है। यहां की लड़कियों का कई तरह से शोषण हुआ है। चाहे वह प्लेसमेंट एजेंसियों की वजह से या नौकरी के नाम पर कई अन्य जगह पर भेजे जाने से। इन सब से बचाने के लिए आपकी हेमंत सरकार ने आपके हिते के लिए यह योजना लायी और आपको घर से कमाने के लिए अन्य राज्य ना जाना पड़े, इसके लिए सरकार कार्य कर रही है। आज मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खुल गये हैं। सरकार द्वारा साइकिल की राशि प्रदान की जा रही है जिससे छात्राएं आसानी से अपने विद्यालय आ-जा पा रही हैं। सांसद ने कहा कि जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विपरीत परिस्थितियों में थे।

## ब्लूमिंग बर्ड्स पब्लिक स्कूल में नवरात्र त्यौहार पर विभिन्न कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखंड के एका गुड्डी स्थित ब्लूमिंग बर्ड्स पब्लिक स्कूल लोहरदगा में नवरात्रि के उपलक्ष पर डांडिया का आयोजन किया गया। विद्यालय में नवरात्रि के इस पावन अवसर पर बच्चों के बीच काफी उत्साह देखने को मिला। सभी बच्चे डांडिया के पोशाक पहने बहुत ही प्यारे एवं सुंदर लग रहे थे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा मां दुर्गा को याद कर एवं उनसे अपने अच्छे जीवन के प्रार्थना के साथ ही साथ दुर्गा पूजा के पौराणिक कथा के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय के बच्चियों ने मां दुर्गा के नौ रूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री का रूप प्रस्तुत किया। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा डांडिया नृत्य प्रस्तुत किए गए जिसमें सभी बच्चे बढ़-चढ़कर भाग लिए एवं विद्यालय की शिक्षिकाओं ने भी डांडिया खेला। नवरात्रि के पावन मौके पर विद्यालय में मां दुर्गा के भजन एवं गरबा गीत से पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय हो उठा। कक्षा 5 की महालक्ष्मी कुमारी एवं मुस्कान कुमारी ने इस पावन अवसर पर बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन में विद्यालय के निर्देशक मुकेश कुमार गुप्ता ने बच्चों से कहा के दशहरा बुराई के ऊपर अच्छाई की जीत है एवं हमें भी अपने अंदर की हर बुराइयों को त्याग कर अच्छाई के रास्ते पर चलना है एवं सभी बच्चों से प्राण करवाया कि हर एक बच्चे भी अपने अंदर के बुराइयों जैसे एक दूसरे से झगड़ा करना, मारपीट करना, इत्यादि बुराइयों का त्याग करें एवं अपील की सभी बच्चों को अपने माता-पिता की बात अवश्य माननी चाहिए क्योंकि माता-पिता ही अपने बच्चों को सही मार्गदर्शन दे सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्या शोभा रानी साहू ने भी सभी बच्चों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी।

**इंद्रदेव पूजन को लेकर बलसेरा में रखा गया बैठक युवाओं में दिखा जोश**

## कोरोमियां बलसेरा में 22 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ठेठईटांगर :** प्रखंड के कोरोमियां पंचायत के बलसेरा टोला में इंद्रदेव पूजा समिति बलसेरा की ओर से इंद्रदेव पूजा को लेकर एक बैठक रखा गया जिसमें प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही श्रद्धा हर्षोल्लास के साथ भगवान इंद्र की पूजा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन को लेकर गंभीर चर्चा हुई। बुजुर्गों द्वारा बताया गया कि इस गांव में हमारे पूर्वज अच्छी वर्षा अच्छी फसल एवं प्रकृति संरक्षा की कामना लिए कई पीढ़ी से इंद्रदेव का पूजन करते आ रहें हैं इसलिए हमें भी इस परमपरा को जारी रखते हुए पूर्वजों द्वारा सुनिश्चित तिथि कार्तिक मास कृष्ण पक्ष के पंचमी तिथि जो की अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार इस वर्ष 22 अक्टूबर 2024 को रखा गया है जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में सहमति व्यक्त की। इस बैठक में कई पड़ोसी गांव टोली के लोग जैसे बोलबा, करीबेड़ा, पहान टोली, महतो टोली, सलगापोश और भी कई पड़ोसी बस्ती के युवाओं ने बैठक में भाग लेते हुए अति उत्साहित और जोश में दिखे तथा पूर्ण सहयोग की बात कही। संरक्षक अशोक कुमार बड़ाईक ने कहा कि हमारे युवा साथी आधुनिकता में तीव्र गति से आगे बड़ रहे हैं और आखरा तथा सांस्कृति परंपरा जो कि हमारी पहचान है उसे भूलते जा रहे हैं। वहीं ईश्वर सिंह ने बताया कि हमारे पूर्वज इन्द्र देव पूजन के साथ साथ कई सांस्कृतिक आखाड़ा का भी आयोजन करते थे जिसमे कुंजबन मे झूमर नाच पैंकी नाच तथा अखरा द्वारा जदुरा माठा जैसे कई नृत्य कला का प्रदर्शन किया जाता था। बोलबा निवासी कालो ने बताया कि आखाड़ा ही हमारी पहचान है इसलिए इंद्रदेव पूजन के साथ-साथ आखाड़ा बचाव अभियान के तर्ज पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन साथ ही कई कलाकार जो की आखाड़ा बचाव अभियान में जुड़े हैं।

## झारखंड के समस्त छात्रों का समुचित विकास इंडिया गठबंधन की सरकार कर रही : नमन विक्सल कोनगाड़ी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिमडेगा :** विधायक मद से बनने वाले विद्यालय भवन का शिलान्यास कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने किया द्य कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ठेठईटांगर प्रखंड के मेरोमडेगा पंचायत अंतर्गत आर सी विद्यालय मेरोमडेगा में मंगलवार को विधायक मद से भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्र विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी व कांग्रेस नेताओं का विद्यालय परिवार की ओर से भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात विधिवत तरीकों से भवन के शिलापट्ट का विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने अनावरण किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में सबसे ज्यादा समय तक राज करने वाली भाजपा और झापा गठबंधन की सरकार में अल्पसंख्यकों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हुए है। हमारी जल, जंगल, जमीन के साथ-साथ हमारी भाषा और संस्कृति को भी खत्म करने के प्रयास किए गए है और इस कार्य मे झापा के एनोस एक्का का महत्वपूर्ण योगदान रहा था। जिसके कारण अल्पसंख्यक विद्यालय के शिक्षकों का वेतन भुगतान लंबित रखा गया और अल्पसंख्यक विद्यालय में शिक्षकों की नई बहाली पर रोक लगा दी गयी। इससे धीरे-धीरे सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों के कारण कई अल्पसंख्यक विद्यालय बंद होने के कगार में पहुंच गए थे। फिर हमारी जनता ने महागठबंधन को झारखंड में सरकार बनाने का अवसर दिया और फिर अल्पसंख्यक विद्यालय की समस्याओं को दूर करने, नए शिक्षकों की बहाली आदि का मार्ग प्रशस्त करने के लिए वे सदन के अलावा मुख्यमंत्री से भी मिलकर आवश्यक प्रयास कराया।तब जाकर अब सभी शिक्षकों का वेतन जारी है, अल्पसंख्यक विद्यालय में शिक्षकों की बहाली हो रही है तथा अन्य कार्य भी किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि हम झारखंडियों की पारंपरिक जनजातीय भाषा है, जिसके बारे में लोग धीरे-धीरे भूलते जा रहे है।

## हरियाणा में भाजपा के शानदार जीत पर कैरो मंडल भाजपाइयों ने पटाखे फोड़, एक दुसरे को खिलाई मिठाई



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 08 अक्टूबर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो के अगुवाई मे कैरो चौक मे हरियाणा विधानसभा के चुनाव भाजपा की शानदार जीत कार्यकर्ताओं ने किया आतिशबाजी एवं एक दुसरे को मीठाई खिलाकर खुशियों का किया इज़हार। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द महतो ने कहा कि पिछ्ले दिनो देश के राज्य हरियाणा में हुये विधानसभा चुनाव मे हरियाणा विधानसभा की कुल 90 सीटों मे भाजपा ने अकेले अपने दम पर 48 सीट लाकर सबसे बड़ी अप्रत्याशित जीत हासिल किया है। हरियाणा प्रदेश की जनता ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीया श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के नीतियो काम करने के तरीके पर एक बार फिर से मुहर लगा दिया है। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री कैलाश महतो, कुवंर मुंडा, राधेश्याम साहू, सुखन उरांव, अनिल ठाकुर, राजेन्द्र प्रजापति इत्यादि अनेको भाजपा कार्यकर्ताओं आतिशबाजी कर एक दुसरे को मीठाई खिलाई।

## कुडू के डिवाइन पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले के कुडु प्रखंड क्षेत्र में खेलो झारखंड के तहत आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग ले कर लौटे खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बता दें कि कुडू प्रखंड क्षेत्र के चंदलासो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के 4 खिलाड़ियों ने खेलों झारखंड प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला के लिए प्रतिनिधित्व किया था?। जिसमें अंडर 14 वर्ग में आयुष्मान कुमार सिल्वर मेडल, 45 केजी में प्रिंस कुमार सिल्वर मेडल, 38 केजी में हेमंत कुमार ब्राउंच मेडल, 38 केजी बालिका वर्ग में साक्षी कुमारी ब्राउंच मेडल लेकर विजय हुए द्य इसी को लेकर विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर विद्यालय के डॉयरेक्टर ज्ञान गंगा सिंह ने कहा कि आज हमारा विद्यालय हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहा है। तथा उपस्थित छात्रों को सीख लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि छात्रों की इस उपलब्धि का श्रेय ताइक्वांडो प्रशिक्षक अरविंद जी को एवं विद्यालय के सभी शिक्षको को जाता है। सम्मान समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे, साथ ही सभी खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए है।

## ग्राम स्वराज्य संस्थान के सभागार में लोक नायक जयप्रकाश नारायण का मनाया गया पूण्य तिथि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मंगलवार को लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के सभागार में लोक नायक जयप्रकाश नारायण जी के पूण्य तिथि पर जिला लोक समिति के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के वरिष्ठ एवं संस्थापक सदस्य वजीर अहमद जी के द्वारा जयप्रकाश नारायण जी के छाया चित्र माल्यार्पण एवं पूष्प अर्पण कर की गई। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित संस्थान के सभी सदस्यों के द्वारा जयप्रकाश नारायण जी के छाया चित्र पर पूष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम को आगे बढाते हुए वजीर अहमद जी के द्वारा लोक नायक जयप्रकाश नारायण जी को श्रध्दांजलि संदेश देते हुए उनके जीवनी से सभी लोगों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जयप्रकाश नारायण, जिनका जन्म 11 अक्टूबर 1902 ईए को हुआ और मृत्यु 08 अक्टूबर 1979 को पटना में हुआ था। जयप्रकाश नारायण जी को लोकप्रिय रूप से जेपी या लोक नायक के रूप में जाना जाता है एक भारतीय स्वतंत्रता के कार्यकर्ता, सिद्धांतवादी, समाजवादी और राजनीतिक नेता थे। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान विशेष प्रसिद्धि प्राप्त की, उन्होंने स्वयं भी लोक समीति और संगठन के लिए जन मानस के बीच जागरूकता अभियान चलाया हैं।और सम्पूर्ण क्रांति के लिए सक्रिय हो कर काम भी किया इतना कहकर वाणी को विराम दिया।

## हरियाणा में भाजपा के ऐतिहासिक जीत पर भाजपायों में हर्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पार्टी की लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत मिलने पर जिले के भाजपाइयों में हर्ष व्याप्त है। पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनने पर हर्षित भाजपाइयों ने मंगलवार को भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अगुवाई में मंगलवार को शहर के पावरगंज चौक में आतिशबाजी तथा मिठाई व जिलेबिया बांट खुशी का इजहार किया गया। इस मौके पर जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा है कि हरियाणा के मतदाताओं प्रदेश के विकास के लिए भाजपा पर विश्वास जताया है। आने वाले दिनों में निश्चित तौर पर झारखंड में भी भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आजात शत्रु, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय पंकज, अनिल उरांव, जिला महामंत्री संजय कुमार व पशुपतिनाथ पारस, जगनन्द पौरार्णिक, मिथुन तमेडा संजय महतो, सत्यम कुमार, लक्ष्मी नारायण भगत ओम प्रकाश गुप्ता राजकुमार वर्मा सामेला भगत सरस्वती देवी सुरेश लोहरा, सचिन साहू, मुना कुमार, विवेक चौहान, अनुभव कस्यकर, याजस्वी ओझा सहित काफी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधायक भूषण बाड़ा ने महिलाओं के खाते में भेजी मुख्यमंत्री मंइयां समान योजना की तीसरी क़िस्त



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार में घर मे बहन, बेटी व महिलाएं हैं तो मनी है। आज खटाखट खटाखट माता बहनों एवं बेटियों के खाते में मुख्यमंत्री मइँया समान योजना की राशि भेजी जा रही है। घर मे लक्ष्मी के रूप में मौजूद बेटियों के सहारे पैसे की बरसात हो रही है। विधायक भूषण बाड़ा मंगलवार को सदर प्रखंड कार्यालय में मुख्यमंत्री मइँया समान योजना की तीसरी क़िस्त की राशि का माताओं एवं बहनों के खाते में भेजते हुए कही। मौके पर विधायक ने इंडिया गठबंधन सरकार की पहल पर दुर्गा पूजा के मौके पर हजारों माताओं एवं बहनों के खाते में पैसे भेज कर ढेर सारी खुशियां बरसाई। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को पूरा सम्मान देने का काम राज्य सरकार ने किया है। सरकार के इस योजना से हमारी माता बहनों एवं बेटियों को पूरा सम्मान मिल रहा है। उन्होंने कुछ पैसे के लिए किसी के सामने झोली फैलाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। मौके पर जिप सदस्य जिसिमा खाखा, जिप सदस्य सामरोम पौल टोपनो, जिप सदस्य शांति बाला, प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, बीडीओ समीर रैनियार खलखो, सीओ इम्तियाज अहमद, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद विधायक प्रतिनिधि अरबिंद लुगुन, उर्मिला केरकेट्टा, नीला नाग, ज्योति लुगुन, अंजली रानी, सोभेन तिग्गा, पंचायत अध्यक्ष संदीप तिग्गा, विजय किंडो, पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य सहित कई लाभुक मौजूद थी।

## घर-परिवार को टूट से बचाने के लिए अधिकार के साथ कर्तव्यों का अनुपालन भी जरुरी : राजेश कुमार

**विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत महिलाओं को दी गई विधिक जनकारी**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा सदर प्रखंड के सभागार में विधान से समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नालसा, नई दिल्ली और राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देश पर झालसा एवं डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने महिलाओं को न्याय तक उनकी पहुंच के बारे में जानकारी देते हुए कहा की निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 डायल करें। महिलाओं के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर हमेशा जारी है। किसी भी तरह की कानूनी सलाह लेने के लिए 15100 नम्बर डायल करें। डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने बताया की महिलाओं की समस्याओं के अलावे कानूनी सहायता भी निःशुल्क जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय से उपलब्ध होती है। छोटी सी छोटी समस्याओं का निष्पादन इस कार्यालय के द्वारा किया जाता रहा है। विधान से समाधान कार्यक्रम में शामिल होने वाली महिलाओं को भारतीय न्याय संहिता के महत्वपूर्ण धाराओं के बारे में जानकारी दी गई। इन्हें बताया गया की पुराने कानून में बदलाव किया गया है। जिसकी वजह से धाराएं बदल गई है। अब कम्युनिटी वर्क भी भारतीय न्याय संहिता के तहत करना पड़ सकता है। महिलाएं एक बड़ी शक्ति के रूप में उपर आ रही हैं। डीएलएसए सचिव ने महिला आयोग के द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। इन्होंने कहा की जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में अपने मामलों को लेकर आ सकते हैं।? अधिकार के साथ हमें अपने कर्तव्य को भी हमें जानना चाहिए। परिवार को टूटने से बचाना भी हमारा फ़र्ज़ बनता है। पति और बच्चों के साथ साथ परिवार को भी लेकर चलना चाहिए। हमेशा हमें बड़ा सोचना चाहिए। अपने बच्चों को पढ़ाने का काम हमें पहले करना चाहिए। नशा से दूर रहने की अपील डीएलएसए सचिव ने महिलाओं से किया। इस मौके पर उपस्थित रिसोर्स पर्सन अधिवक्ता लाल दीपक नाथ शाहदेव ने बताया कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। साथ ही इन्होंने बताया की लोक अदालत के माध्यम से सुलह के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जा रहा है जिसमें कोई खर्च नहीं लगता । इन्होंने कहा की दहेज लेना और देना दोनों अपराध है। अगर महिलाओं का कोई अश्लील वीडियो फोटो लेता है या फिर सोशल मीडिया के माध्यम से उसे सामने लाता है तो यह भी अपराध की श्रेणी में आता है। अगर ऐसे में कोई भयादोहन करता है तो महिलाओं और युवतियों को आगे आकर अपनी शिकायत दर्ज कराना चाहिए। जहां महिलाएं काम करती है वहां महिलाओं के लिए अलग से शौचालय का निर्माण करना आवश्यक है।

## 113 अल्पसंख्यकों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

## नीरू शांति भगत अल्पसंख्यकों के दिल में बसी हुई है : शाहिद अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा :** आजसू पार्टी लोहरदगा जिला के अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष शाहिद अंसारी के नेतृत्व में 113 अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय रांची जाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों ने एक स्वर से कहा कि नीरू शांति भगत लोहरदगा आजसू पार्टी की सर्वमान्य नेत्री हैं और अपने पति लोहरदगा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक झारखंड आंदोलनकारी स्व कमल किशोर भगत जी के पद्-चिह्नों में चलकर सभी धर्म और समाज के लोगों के लिए काम करने में विश्वास रखती हैं और सब के सुख-दुख में एक परिवार की सदस्य के रूप में शामिल होती रही है । इसलिए हम लोगों ने उनकी व्यवहार-कुशलता ,कर्मठता एवं सेवाभाव को देखते हुए यह शपथ ली है कि नीरू शांति भगत को 2024 के अंत में होने वाली विधानसभा चुनाव में हर हाल में लोहरदगा की विधायक बनाकर झारखंड विधानसभा भेजेंगे, जिससे नीरू शांति भगत लोहरदगा का विकास करते हुए अपने पति और लोकप्रिय पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के अधूरे सपनों को पूरा कर सकेंगी। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी ने कहा कि नीरू शांति भगत सभी धर्म और समाज के लोगों की प्रिय नेत्री तो है हीं वह अल्पसंख्यक समुदाय के दिल में बसी हुई है और उन्हें इस बार जीता कर झारखंड विधान सभा भेजने में अल्पसंख्यक समाज कोई कसर नहीं छोड़ेगा। सदस्यता ग्रहण समारोह में मुख्य रूप से पार्टी की केंद्रीय महासचिव और लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र की भावी प्रत्याशी नीरू शांति भगत, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय सचिव सह लातेहार जिला प्रभारी लाल गुडडू नाथ शाहदेव, शाहिद अंसारी, सलीम पांडू साजिद कलाल, कलीम खान, समीम अंसारी, कबीर अंसारी, मुख्तार अंसारी, वसीम राजा, जुल्फिकार इरफान अंसारी, यूनुस अंसारी, जाकिर अंसारी, मोइन अंसारी, नजीर अली, साजिद आलम, सद्दाम हुसैन, साजिद खान, जमाल खान, मुख्तार रियासत खान, शहाबुद्दीन मोइन अंसारी,परवेज अंसारी, साजिद अंसारी,समीर अहमद, इम्तियाज अली,दानिश अहमद, आसिफ अंसारी, साबिर अंसारी, शाहिद अली राजा,अफरोज खान, औरंगजेब कुरैशी, समीर अंसारी, अशरफ अंसारी, इम्तियाज अंसारी, इमरान अंसारी, अरशद अंसारी, मुंतज़िर अंसारी, मोहम्मद मेराज, शाहिद अली, नदीम, सलीम अंसारी, आसिफ खान, अफरोज आलम, आरिफ खान, गुलाम हसन, मोहम्मद हसन,शाकिर अंसारी, अनुल अंसारी, परवीन अंसारी, नाहिद अख्तर, अब्दुल अंसारी, बबलू अंसारी, असलम अंसारी, सिराज अंसारी, शमीम अंसारी मुमताज अंसारी, मंजूर अंसारी, मकर मीर, मोशन खान, जावेद खान, शकील अंसारी, जमशेद खान, एकरामुल अंसारी, मुस्तफा खलीफा आदि उपस्थित थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र



## चलते चलते एक नजर

### मुख्यमंत्री से झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने किया मुलाकात



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड मंत्रालय में झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के सदस्यों ने झारखंड राज्य पुलिस सेवा संवर्ग (पुलिस उपाधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक) के सेवा शर्तों एवं देय भत्ता आदि के न्यायोचित मांग के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। मौके पर मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों पर राज्य सरकार यथोचित विचार करेगी। इस अवसर पर झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष संजय कुमार, महासचिव बुधराम उरांव, कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### अब सदर अस्पताल में इकोकार्डियोग्राफी मशीन से होगा ईलाज



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर अस्पताल रांची में इकोकार्डियोग्राफी मशीन का उद्घाटन किया गया। यह अति आधुनिक मशीन है। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ राजेश झा के द्वारा 6 मरीज का इकोकार्डियोग्राफी किया गया।इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार , उपाधीक्षक डॉ अखिलेश झा, डॉक्टर स्टीफन ,आशीष,संजय , माला सिन्हा, सुशांत इत्यादि मौजूद थे। सीवील सर्जन ने बताया कि सदर अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ के द्वारा इकोकार्डियोग्राफी किया जाएगा ना की टेक्नीशियन के द्वारा, अक्सर जिला अस्पतालों में इकोकार्डियोग्राफी नहीं होता है , लेकिन रांची जिला अस्पताल उत्तर पूर्वी भारत के कुछ बड़े अस्पतालों में शामिल हो गया है। इतनी बड़ी उपलब्धि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री एवं विभाग के प्रधान सचिव के नेतृत्व के कारण संभव हो सका है। रोगियों को इससे काफी फायदा होगा। ये रांची जिला उपायुक्त द्वारा संभव हो पाया है।

# उपायुक्त ने तीन प्रखंड समन्वयक व एक कंप्यूटर ऑपरेटर की संविदा समाप्त की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले में अबुआ आवास योजना से सभी योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन गंभीर हैं.इसी को लेकर वे लगातार अबुआ आवास योजना के प्रगति की समीक्षा कर रहें है।

इसके अलावे उन्होंने उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद को भी व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि कहीं भी इस योजना में किसी भी स्तर से शिथिलता न बरती जाये.उपायुक्त के निर्देश पर डीडीसी के नेतृत्व में आवास सेक्शन के पदाधिकारी व कर्मी देर रात व अवकाश के दिन भी कार्य कर रहें हैं ताकि योग्य लाभुकों को आवास से संबंधित किसी प्रकार की कोई समस्या न हो.




इसके बावजूद कई प्रखंड समन्वयकों द्वारा अबुआ आवास के क्रियान्वन में शिथिलता बरती जा रही है।इन सभी कर्मियों के विरुद्ध उपायुक्त ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है. अबुआ आवास योजना के क्रियान्वयन में लगातार शिथिलता बरतने को लेकर सोमवार को उपायुक्त श्री रंजन ने हैदरनगर, हुसैनाबाद व नवाबजार के आवास योजना के प्रखंड समन्वयक व सतबरवा के लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर की संविदा समाप्त कर दी है.संविदा समाप्त करने से पूर्व सभी कर्मियों से कई बार योजना के क्रियान्वन में लापरवाही बरतने को लेकर स्पष्टीकरण किया गया था इसके साथ ही कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने की स्थिति में संविदा समाप्त करने की अंतिम चेतावनी भी दी गयी थी।इसके बावजूद इनके द्वारा कार्यों में प्रगति नहीं किया गया जिसके फल स्वरुप सभी की संविदा समाप्त कर दी गयी.

# सीएम से मिले अविनाश देव, नवरात्रि की बधाई दी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**डाल्टनगंज:** कार्यकाल के शुरुआती दौर से ही माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन का प्रकृति ने साथ नहीं दिया। कोरोना के वैश्विक महामारी हो या विपक्षियों का दमन हमेशा माननीय घायल रहे। कोविड में माननीय हेमंत सोरेन जी ने जनहित में जो कार्य किए उसे जमाना याद रखेगा।

मजदूर हित में इन्होंने जो साहसिक पहलकदमी उठाया झारखंड के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। हवाई चप्पल वाले को हवाई जहाज से अपने वतन पहुंचाना काबिल ए तारीफ है। विषम परिस्थिति में भी सबों को कुछ न कुछ दिया। हाल के मइयाँ सम्मान योजना लाजवाब योजना रहा।



दशहरा दुर्गापूजा नवरात्र के अवसर पर जनहित में किए कार्यों के लिए मिल कर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र व तस्वीर देकर शुभकामना दिया और उज्जवल भविष्य हेतू मंगल कामना किया ।

# ईडी ने शाइन सिटी के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई




एजेंसी

**लखनऊ :** प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) ने निवेशकों के साथ धोखाधड़ी मामले में शाइन सिटी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 20 सितम्बर को विशेष न्यायालय (पीएमएलए) के समक्ष अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की है। विशेष न्यायालय ने पांच अक्टूबर को पीसी का संज्ञान लिया है। ईडी ने यह जानकारी मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर साझा की। अब तक पांच पीसी दायर की गई हैं। कुल आठ व्यक्तियों, 13 कंपनियों और नौ पार्टनरशिप फर्मों को आरोपित बनाया गया है। विशेष न्यायालय ने अब तक दायर सभी पीसी का संज्ञान लिया है। इस मामले में अब तक लगभग 189.39 करोड़ रुपये की कुर्की की गई है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने शाइन सिटी ग्रुप ऑफ कंपनीज के खिलाफ पुलिस की ओर से दर्ज की गई लगभग 554 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। इसमें शाइन सिटी से जुड़े लोगों ने निवेश के नाम पर लोगों से लगभग एक हजार करोड़ रुपये की भारी रकम इकट्ठा की थी। उन पर भारी रिटर्न का वादा किया लेकिन उन्हें धोखा दिया। ईडी ने बीती 22 जुलाई को कंपनी के सीएमडी राशिद नसीम के करीबी सहयोगी हिमांशु कुमार को गिरफ्तार किया था।

# भारत व हिन्दू समाज की संस्कृति के सुगंध से पोषित है संघः होसबाले

एजेंसी

**आजमगढ़ :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने मंगलवार को फूलपुर में एक कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी दिवंगत रामचन्द्र जायसवाल, डॉ. रामप्रसाद जायसवाल और शिवप्रसाद जायसवाल की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर होसबाले ने कहा कि संघ भारत एवं हिन्दू समाज की संस्कृति के सुगंध से पोषित है। संघ केवल एक वैचारिक एवं सांगठनिक व्यवस्था नहीं है। संघ एक जीवनशैली है। संघ एवं हिन्दुत्व की जीवनशैली में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि संघनिष्ठ भाइयों- रामचन्द्र जायसवाल, रामप्रसाद जायसवाल और शिवप्रसाद जायसवाल की कीर्ति विशेष है। इन तीनों भाइयों ने समाज का ऋष्टा चुकाने का काम किया। समाज एवं धर्म जागरण के कार्यों में उन्होंने नेतृत्व किया। नगर संघचालक के नाते सैकड़ों सवयंसेवकों को स्नेह एवं प्रेम देकर जीवन के अनेक क्षेत्रों में प्रोत्साहित किया। अनेक बार निन्शुल्क नेत्र शिविर लगवाये। आपातकाल के संघर्ष एवं जेपी के आंदोलन में सहभाग किया और सार्वजनिक जीवन में




उन्होंने आदर्श प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विलासपुर के गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल ने की। इस अवसर पर गंगा समग्र के अखिल भारतीय संगठन मंत्री रामाशीष, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अनिल, क्षेत्र कार्यवाह वीरेन्द्र जायसवाल, गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश, भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम, भारतीय शिक्षा संस्थान के प्रबंधक अंशुमान जायसवाल सहित कई गण्यमान्य उपस्थित रहे।

# वायु सेना के विमानों ने चेन्नई के आसमान में दिखाए करतब, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

एजेंसी

**नई दिल्लीः** भारतीय वायु सेना ने अपनी 92वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को चेन्नई के तांबरम स्टेशन पर वायु शक्ति और 'आत्मनिर्भरता' के संकल्प का प्रदर्शन किया। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने औपचारिक परेड की समीक्षा करने के बाद कहा कि वर्तमान वैश्विक सुरक्षा वातावरण में एक मजबूत और सक्षम वायु सेना की आवश्यकता है। आज के बहु क्षेत्रीय वातावरण में नवीनतम तकनीक को नवीन सोच के साथ अपनाना महत्वपूर्ण है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने समारोह की शोभा बढ़ाई जबकि औपचारिक परेड की समीक्षा वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने की। अपने संबोधन में वायु सेना प्रमुख ने राष्ट्रीय हितों को चुनौती देने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए भारतीय



वायु सेना को तैयार रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक सुरक्षा वातावरण निरंतर परिवर्तनशील स्थिति में है और चल रहे संघर्षों ने एक मजबूत और सक्षम वायु सेना की अपरिहार्य आवश्यकता को प्रदर्शित किया है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हम बेहतर तकनीक के साथ और अधिक सशक्त हुए हैं और प्रणालियों और हथियारों के दोहन के नए स्तर हासिल किए हैं। वायु सेना प्रमुख ने वायु सेना दिवस को वायु सेना के योद्धाओं के लिए राष्ट्र की सेवा में खुद को फिर से समर्पित करने, पिछले वर्ष का आत्मनिरीक्षण करने, उपलब्धियों का जश्न मनाने, सुधार के क्षेत्रों को पहचानने और वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार खुद को फिर से तैयार करने का अवसर बताया। पिछले वर्ष की उपलब्धियों पर उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना ने विभिन्न मोर्चों पर अपनी क्षमता साबित की है। हमारा प्राथमिक उद्देश्य हर बार समय पर, लक्ष्य पर हथियार पहुंचाना है और फरवरी, 2024 में पोखरण रेंज में अग्नि शक्ति प्रदर्शन अभ्यास वायु शक्ति के दौरान इस क्षमता का सही ढंग से प्रदर्शन किया गया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हमारी प्राथमिकता है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि इस साल भारतीय वायु सेना ने मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यासों में अपनी भागीदारी का विस्तार किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय धरती पर सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय अभ्यास तरंग शक्ति का सफल आयोजन भारत के वायु योद्धाओं की क्षमता और व्यावसायिकता का प्रमाण है। वायु सेना प्रमुख ने पिछले एक साल में किए गए विभिन्न अभियानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय वायु सेना हमेशा से ही देश और विदेश में मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाली रही है।

### बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जोधपुर ने जीता कांस्य

**जोधपुर :** 68वीं राज्य स्तरीय बास्केटबॉल 17 व 19 आयु वर्ग छात्र प्रतियोगिता का आयोजन पाली जिले के पीएमश्री श्री बांगड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ। प्रतियोगिता में जोधपुर ने लम्बे अंतराल के बाद तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। टीम के कोच शाहीन मेहर व शुभम सांखला के मार्गदर्शन में कुल 12 खिलाडियों ने जोधपुर का प्रतिनिधित्व किया। जोधपुर का तीसरे स्थान के लिए मुकाबला गृहक्षेत्र की टीम पाली के साथ हुआ जिसमें जोधपुर ने 60-48 के अंतर से यह मैच अपने नाम कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। श्री सुमेर शिक्षण संस्थान के अरविन्द परिहार द्वारा संचालित निशुल्क एकेडमी के मोहम्मद रुहान, पुष्पेन्द्र सिंह, उम्मेश कांकरिया, सुजल प्रजापत ने टीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जोधपुर को गौरान्वित किया। इस प्रतियोगिता में कुल 112 टीमों ने भाग लिया।

# विपक्ष के नैरैटिव को जनता ने नकार दिया : बृजेश पाठक

एजेंसी

**प्रयागराजः** पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया की तेरहवीं संस्कार में प्रयागराज पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि हरियाणा में विपक्ष के झूठ के नैरेटिव को जनता ने नकारते हुए भाजपा पर भरोसा किया है। इसके लिए उन्होंने हरियाणा की जनता का आभार व्यक्त किया। प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा जनता ने कांग्रेस की नाटकबाजी को नकार दिया और पीएम मोदी पर विश्वास जताते हुए भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया। चुनाव हारने के बाद तरह-तरह के आरोप लगाना विपक्ष की फितरत है। यूपी में 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भी भाजपा सभी सीटों पर विजयी होगी। महाकुम्भ 2025 को लेकर मीडिया द्वारा किए गए सवाल का जवाब देते



हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि बड़ी संख्या में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोग महाकुम्भ में आयेंगे। श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। महाकुम्भ क्षेत्र के हर सेक्टर में एक-एक अस्पताल बनाया जायेगा, जिसे आयुष्मान अरोग्य मंदिर के नाम से जाना जाएगा। 125 साधारण एम्बुलेंस के अतिरिक्त बड़ी संख्या में आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों से लैस एम्बुलेंस भी चलाई जाएगी। अरैल एवं झूंसी में 25-25 बेड का अस्थायी अस्पताल खोला जाएगा। इससे पहले बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे डिप्टी सीएम ने एयरपोर्ट परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, नीरज पांडेय, राजेश केसरवानी, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, आस्तिक शुक्ला आदि कार्यकर्ताओं ने डिप्टी सीएम का स्वागत किया।

# जीएसटी घोटाले में भाजपा विधायक के बेटे से पूछताछ, पत्रकार महेश लंगा गिरफ्तार




एजेंसी

**अहमदाबाद :** जीएसटी घोटाले में अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने गुजरात के एक पत्रकार महेश लंगा को गिरफ्तार किया है। पत्रकार पर फर्जी दस्तावेजों के जरिये पत्नी और पिता के नाम पर बोगस फर्म बनाने और संदिग्ध लेन-देन का आरोप है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के अनुसार केंद्रीय जीएसटी से शिकायत मिलने के बाद फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाकर सरकार को धोखा देने के इरादे से चल रही फर्जी फर्मों और कई व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। उसी के आधार पर अहमदाबाद, जूनागढ़, सूरत, खेड़ा और भावनगर में 14 जगहों पर छापेमारी की गई। कुल 12 फर्जी फर्म बनाने वाले 33 से ज्यादा संचालकों को हिरासत में लिया गया है। इनमें सौराष्ट्र के भाजपा विधायक भगवान बारड के बेटे अजय बारड और पत्रकार महेश लंगा से भी पूछताछ की गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि देशभर में 200 से ज्यादा फर्जी फर्मों ने करोड़ों रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट का घोटाला किया है। इस मामले में क्राइम ब्रांच के एसीपी भरत पटेल ने बताया कि जीएसटी से मिली शिकायत के बाद पत्रकार महेश लंगा को फर्जी दस्तावेज के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। क्राइम ब्रांच सभी दस्तावेज जब्त कर आगे की जांच करेगी। पत्रकार महेश लंगा के चाचा और सेवानिवृत्त आईएएस एसके लांगा भी जमीन हड़पने के मामले में फिलहाल जेल में हैं। सेंट्रल जीएसटी द्वारा क्राइम ब्रांच की शिकायत के आधार पर अहमदाबाद, जूनागढ़, सूरत, खेड़ा, भावनगर समेत राज्य भर में 14 स्थानों पर क्राइम ब्रांच, ईओडब्ल्यू और एसओजी की टीमों द्वारा छापेमारी और जांच की गई । देश भर में धोखाधड़ी से बनाई गई 200 से अधिक कंपनियां, संस्थाएं फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त और पारित करके सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने के लिए संगठित तरीके से काम कर रही हैं। ऐसी फर्में बनाने के लिए फर्जी पहचान और दस्तावेजों का उपयोग जैसे धोखाधड़ी वाले तरीके भी सामने आए हैं। एक बड़ा समूह इस तरह की फर्जी बिलिंग, फर्जी दस्तावेजों और तथ्यों, दस्तावेजों की गलत बयानी के माध्यम से देश को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाने के लिए आपराधिक साजिश रचने का काम कर रहा है।

# नव गठित वक्फ बोर्ड की तीन सदस्यों की टीम ने बैठक कराने के लिए लिखा पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के अधिसूचना सं0-2168, - 13.08.2024 के द्वारा नौ सदस्यीय झारखण्ड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड का गठन किया गया है।तत्पश्चात् सरकार के सचिव/अध्यक्ष के चुनाव का संचालन करने हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी के द्वारा -13.09.2024 को झारखण्ड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड की एक बैठक -25. 09.2024 को पूर्वा0 11ः00 बजे से हज हाउस के सभागार, कडरु, राँची में आहूत किया था। अध्यक्ष पद के चुनाव के निर्धारित तिथि 25.09.2024 को सम्पन्न हुआ तथा गुप्त मतदान द्वारा डॉ0 सरफराज अहमद, राज्यसभा सांसद सह-अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के चुनाव में विजय घोषित किए गए। तबसे झारखण्ड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड का नियमित बैठक नहीं हुआ है। बैठक कराने के लिए वक्फ बोर्ड के तीन सदस्यों ने एके रशीदी, इबरार अहमद और सैय्यद तहजीबुल हसन रिजवी सदस्य ने संयुक्त रुप से 11 सूत्री पत्र लिखा है। लिखित पत्र के द्वारा



नामित सदस्यगण झारखण्ड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के द्वारा असाधारण वक्फ बोर्ड बैठक आहूत करने की मांग की गई है।

**पत्र में निम्नलिखित बिन्दुओं को दर्शाया गया है :** कानून के द्वारा स्थापित राज्य वक्फ बोर्ड के कर्त्तव्यों का अनुपालन आगामी झारखण्ड विधानसभा चुनाव के अधिसूचना के पूर्व विमर्श।केन्द्र सरकार के द्वारा वक्फ संशोधन विद्येयक सं0 109/2024 केभ आलोक में गठित संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष झारखण्ड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड, हितधारक के हैसियत से प्रतिनिधत्व पत्र/आपत्ति पत्र के अतिरिक्त राय मशवरा के बिन्दु पर विचार। वक्फ अधिनियम के द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए वक्फ सम्पत्तियों के सर्वेक्षण हेतु नियमानुसार सर्वेक्षक की नियुक्ति के संबंध में विचार। वक्फ सम्पत्ति के पहचान, निबंधन एवं डिजिटालाईजेशन के संदर्भ में कार्य के प्रारुप पर विचार। मेधावी एवं जरुरतमंद छात्र-छात्राओं के वित्तीय सहायता के संबंध में विचार।मुस्लिम छात्राओं को मुस्लिम वर्ग के प्रथम शिक्षिका के नाम पर ÷फातमा शेख छात्रावास-सह-छात्रवृत्ति योजना÷ आरम्भ करने हेतु विचार।मौलाना आजाद शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र आरम्भ करने की योजना पर विचार। इमाम, मुअज्जिन एवं खतीब को मासिक मानदेय योजना आरम्भ करने हेतु विचार।मुस्लिम समाज को मध्यस्थता के माध्यम से सस्ता एवं सुगम न्याय दिलाने हेतु मध्यस्थता केन्द्र की स्थापना, मध्यस्थ का चयन एवं पैरा लीगल एवं निःशुल्क कानूनी सहायता पर विचार।वक्फ अधिनियम के प्रावधान के अन्तर्गत जिला स्तरीय समिति, विशेष समिति एवं महिला संरक्षण समिति के गठन पर विचार ।

जरुरतमंद महिलाओं के लिए कौशल विकास योजना के तर्ज पर लागू करने पर विचार। उक्त विषयों पर विचारोपरांत झारखण्ड सुन्नी वक्फ बोर्ड के असाधारण बैठक में प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश के लिए अवगत कराया जायेगा।